निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



जानकारी देते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

• बोकारो, शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 158 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू, हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन

नवबिबहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** खेल और मैत्री का संदेश लेकर, शुक्रवार को राजधानी रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में 'साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025' का भव्य उद्घाटन हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्टेडियम खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और स्कूली बच्चों से खचाखच भरा हुआ था।

छह देशों के खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा

यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें दक्षिण एशिया के छह देशों - मेजबान भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, मालदीव और श्रीलंका के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इन देशों के खिलाड़ी पुरुष और महिला दोनों वर्गों के कुल 36 इवेंट्स में पदक के लिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के पहले दिन 9 मेडल इवेंट्स का आयोजन हुआ, जिनमें दर्शकों को कई रोमांचक फाइनल मुकाबले देखने को मिले।



झारखंड की संस्कृति से सराबोर उद्घाटन समारोह

उद्घाटन समारोह की शुरुआत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई, जिसने पूरे माहौल को 'झारखंडी रंग' में रंग दिया। स्थानीय कलाकारों ने झारखंड की लोक संस्कृति और परंपरा को दर्शाते हुए नृत्य, ढोल-नगाड़े और पारंपरिक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। मंच पर झारखंड की विविधता और ऊर्जा की झलक साफ दिखाई दे रही थी।

मुख्यमंत्री ने कहा- झारखंड के लिए गौरव का क्षण

खिलाड़ियों और मेहमानों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस आयोजन को झारखंड के लिए 'गौरव का क्षण' बताया। उन्होंने कहा, "हमें गर्व है कि हम इस ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहे हैं। यह सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया के देशों के बीच मैत्री और एकता का प्रतीक है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है और आने वाले समय में झारखंड देश का 'खेल हब' बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजनों से राज्य के युवाओं को खेल के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर राज्य के खेल मंत्री, खेल सचिव, राज्य सरकार के मंत्री, कई विधायक और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी उपस्थित थे।

# घाटशिला उपचुनावः अब 13 प्रत्याशी मैदान में, एक ने लिया नाम वापस

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा – जल्द शुरू होगा राज्य में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** घाटशिला उपचुनाव का मुकाबला अब और दिलचस्प हो गया है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि तक एक प्रत्याशी विक्रम किस्कू (निर्दलीय) ने अपना नाम वापस ले लिया है। इसके बाद अब कुल 13 प्रत्याशी मैदान में डटे हुए हैं। यह जानकारी झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में 11 नवंबर को मतदान होगा, जबकि 14 नवंबर को मतगणना की जाएगी। मैदान में उतरे ये 13 प्रत्याशी अब चुनावी मैदान में भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन, झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन, भारत आदिवासी पार्टी से पंचानन सोरेन, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से पार्वती हांसदा, जेएलकेएम से रामदास मुर्मू, और निर्दलीय प्रत्याशी परमेश्वर टुडू, श्रीलाल किस्कू, मनसा राम हांसदा, नारायण सिंह, विकास हेंब्रम, बसंत कुमार तोपनो, मनोज कुमार सिंह और रामकृष्ण कांति माहली शामिल हैं।

***राज्य में जल्द शुरू होगा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण***

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि झारखंड सहित देशभर में नवंबर माह से मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण शुरू होने की संभावना है। उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग की बैठक में भाग लेने के बाद राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की।

उन्होंने निर्देश दिया कि वर्तमान मतदाता सूची को वर्ष 2003 की मतदाता सूची से फैमिली ट्री के रूप में मैपिंग करते हुए सटीकता के साथ काम पूरा किया जाए। यह मैपिंग भौतिक रूप से और बीएलओ ऐप के माध्यम से की जाएगी। श्री रवि कुमार ने कहा कि जिन मतदाताओं का नाम 2003 में अन्य राज्य की सूची में था, वे संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट से अपना विवरण डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं, जिन मतदाताओं का नाम 2003 की सूची में नहीं है लेकिन उनके माता-पिता का नाम दर्ज है, उन्हें बीएलओ के माध्यम से मैपिंग कर जोड़ा जाएगा। जिलों में पैतृक मैपिंग हेल्प डेस्क बनाने का निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों में 'पैतृक मैपिंग हेल्प डेस्क' स्थापित करने का निर्देश दिया, जिससे मतदाताओं को उनके पारिवारिक विवरण की मैपिंग में सहायता मिले। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लगे कंप्यूटर ऑपरेटरों, हेल्पडेस्क मैनेजरों और अधिकारियों को पूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए।साथ ही निर्देश दिया गया कि एसआईआर के दौरान सभी दस्तावेजों को स्थायी रिकॉर्ड के रूप में सुरक्षित रखा जाए तथा वर्ष 2003 के दस्तावेजों को डिजिटल और नॉन-डिजिटल दोनों रूपों में संरक्षित किया जाए।

# बिहार को महादलित और ओबीसी आयोग मोदी सरकार की देन : मोहन यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बगहा (पश्चिम चंपारण)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से बदल रहा है और गरीबों के हित में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज मिल रहा है यह संभव हुआ है क्योंकि देश को एक ऐसे प्रधानमंत्री मिले हैं, जो खुद गरीब परिवार से आए हैं। डॉ. यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस केवल परिवारवाद को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस में एक ही परिवार से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनते रहे हैं, लेकिन भाजपा में लोकतंत्र है, यहां हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का मौका मिलता है।" उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने दलितों और पिछड़ों के सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाए हैं। "बिहार में महादलित आयोग और ओबीसी आयोग भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार की ही देन हैं," उन्होंने कहा। डॉ. यादव ने बताया कि मोदी सरकार ने बिहार के पूर्णिया में एयरपोर्ट का निर्माण कराया और राज्य को विकास के नए आयामों से जोड़ा। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विदेश जाकर देश को बदनाम करते हैं और सेना के शौर्य पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि "जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया, तब राहुल गांधी ने उस पर भी सवाल उठाया।" डॉ. यादव ने कहा कि बिहार की धरती ऐतिहासिक और पवित्र है — यही भूमि भगवान कृष्ण के पुत्र साम्ब के सूर्य मंदिर, भगवान बुद्ध और जैन तीर्थंकरों की जन्मस्थली रही है। उन्होंने कहा कि "कांग्रेस ने वर्षों तक भगवान राम के अस्तित्व पर प्रश्न उठाए, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनवाकर करोड़ों भारतीयों की आस्था को सम्मान दिया।

# बिहार में 'जंगलराज' को एनडीए ने सुशासन में बदला : प्रधानमंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय /समस्तीपुर /पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेगूसराय में एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 'जंगलराज' पर तीखा प्रहार किया और कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार ने बिहार को 'जंगलराज' से निकालकर 'सुशासन' की राह पर आगे बढ़ाया है। अब समय आ गया है कि बिहार 'सुशासन' से आगे बढ़कर 'समृद्धि' की ओर कदम बढ़ाए। प्रधानमंत्री ने कहा, "हमने 'जंगलराज' को 'सुशासन' में बदला। अब 'सुशासन' को 'समृद्धि' में बदलने का समय आ गया है। मैं बिहार की समृद्धि के लिए आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। अक्टूबर 2005 का वही महीना था, जब आपने बिहार को 'जंगलराज' से मुक्त कर 'सुशासन' को चुना था। आप अपने वोट की ताकत को समझिए आपका वोट ही बिहार की समृद्धि तय करेगा।" विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "एक ओर है एनडीए, जो परिपक्व नेतृत्व



वाला गठबंधन है, और दूसरी ओर है 'महाठगबंधन'। राजद परिवार बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार है, जिसके ज्यादातर सदस्य जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने कहा, "राजद पिछले दो दशकों से चुनाव नहीं जीत पाया, फिर भी उसके नेताओं में अहंकार भरा हुआ है। इसी अहंकार में उन्होंने झामुमो को गठबंधन से बाहर कर दिया। कांग्रेस पिछले 35 सालों से बिहार में राजद की पिछलग्गू बनी हुई है। उन्होंने वीआईपी पार्टी को भी गुमराह किया। जब स्वार्थ सर्वोपरि हो और लूट ही लक्ष्य हो, तो वही होता है जो आज राजद और कांग्रेस कर रहे हैं। पहले टिकट बेचते हैं, फिर घोटाले करते हैं। देखिए राजद परिवार को—यह बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार है, जिनके अधिकांश सदस्य जमानत पर हैं। वहीं, कांग्रेस परिवार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है, जिनके भी अधिकांश सदस्य जमानत पर हैं। बिहार ऐसे लोगों पर भरोसा नहीं करता।"

सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मखाने की विशेष माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इससे पहले, समस्तीपुर में आयोजित एक जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने महागठबंधन पर तीखे वार किए और आरोप लगाया कि वे बिहार के युवाओं के भविष्य की चिंता करने के बजाय अपने परिवारों की राजनीति चमकाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि ये दल बिहार के युवाओं के सामने झूठ की नई-नई कहानियाँ गढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, "राजद और कांग्रेस को बिहार के युवाओं, गरीबों या विकास की नहीं, बल्कि अपने परिवारों की चिंता है। इसलिए ये बिहार के युवाओं के सामने झूठ के नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। जहाँ राजद की सरकार होती है, वहाँ कानून-व्यवस्था नहीं टिक सकती। राजद के शासनकाल में बिहार में रंगदारी, हत्या, फिरौती और अपहरण का बोलबाला था, जिसने राज्य की पीढ़ियों को बर्बाद कर दिया। मोदी ने कहा कि "राजद के 'जंगलराज' का सबसे ज्यादा नुकसान बिहार की माताओं-बहनों, युवाओं, दलितों और अति पिछड़ों को झेलना पड़ा। उस दौर में पुलिस थाने दलितों और अति पिछड़ों के लिए बंद कर दिए गए थे। प्रधानमंत्री ने जनता से अपील की कि वे बिहार को फिर से अंधकार युग में ले जाने वाली ताकतों को हराकर विकास और समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए एनडीए को मजबूत करें।

***प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि***

**समस्तीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के समस्तीपुर जिले में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने ठाकुर के परिजनों से मुलाकात भी की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस अवसर पर मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी की यह श्रद्धांजलि बिहार विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान एक महत्वपूर्ण क्षण मानी जा रही है। कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने दोपहर 2 बजे समस्तीपुर और फिर बेगूसराय में जनसभाओं को संबोधित किया।

***सीताराम केसरी के बहाने कांग्रेस पर पीएम का तीखा हमला***

**बेगूसराय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के बेगूसराय में आयोजित जनसभा के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय सीताराम केसरी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश कभी नहीं भूलेगा कि कांग्रेस परिवार ने बिहार के सपूत सीताराम केसरी के साथ किस तरह का अपमान किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सीताराम केसरी जी की पुण्यतिथि है। देश कभी नहीं भूल सकता कि कांग्रेस परिवार ने उनके साथ क्या किया। यह दिन हमें याद दिलाता है कि कांग्रेस किस हद तक जाकर दलितों और पिछड़ों के अधिकार छीन लेती है। इन लोगों के लिए केवल उनका परिवार ही सबकुछ है। उन्होंने कहा, "सीताराम केसरी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष थे और बिहार का गौरव थे। लेकिन इस परिवार ने उनके हाथ से कांग्रेस अध्यक्ष का पद छीन लिया गया। यह घटना बताती है कि कांग्रेस दलित और पिछड़े वर्ग के नेताओं के साथ कैसा व्यवहार करती है।

# लालू के बेटे का सूपड़ा साफ होने वाला है, एनडीए फिर बनाएगी सरकार : अमित शाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान /बक्सर /पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बक्सर में आयोजित एक विशाल जनसभा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के पुत्र तेजस्वी यादव पर तीखा प्रहार किया और कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में उनका सूपड़ा साफ होने वाला है।

अमित शाह ने आत्मविश्वास से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) एक बार फिर बिहार में सत्ता में लौटेगा। उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर कांग्रेस, राजद और उनके सहयोगी दलों में टिकट बंटवारे को लेकर घमासान मचा है, वहीं एनडीए एकजुट होकर बिहार के विकास के लिए काम कर रहा है। गृह मंत्री ने कहा



कि कांग्रेस, राजद और उनके सहयोगी दलों में टिकटों को लेकर झगड़ा चल रहा है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में दो जनसभाएं कर चुके हैं, नीतीश कुमार पूरे राज्य का दौरा कर रहे हैं, पासवान जी, मांझी जी, कुशवाहा जी सभी बिहार को आगे ले जाने के लिए एकजुट हैं। अमित शाह ने आगे कहा कि मैं पिछले दो महीने से बिहार का दौरा कर रहा हूं। जहां भी जाता हूं, जनता का अभूतपूर्व समर्थन देखता हूं। 14 नवंबर को दोपहर 1 बजे लालू के बेटे का सूपड़ा साफ होने वाला है। एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। इससे पहले अमित शाह ने सिवान में आयोजित एक सभा में राजद पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राजद ने दिवंगत बाहुबली शहाबुद्दीन के पुत्र को विधानसभा चुनाव में टिकट देकर यह साबित कर दिया है कि पार्टी अब भी अपराध की राजनीति को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि बीस साल तक सिवान में 'ए-श्रेणी' के हिस्ट्री शीटर शहाबुद्दीन का आतंक था — जिन पर करीब 75 मामले दर्ज थे, जिन्होंने दो बार जेल की सजा काटी, तीन हत्याएँ कीं, एक एसपी पर हमला किया और एक व्यापारी के बेटों को एसिड से नहलाकर मार डाला। लेकिन सिवान की वीर जनता ने कभी उसके आगे सिर नहीं झुकाया। आज लालू प्रसाद यादव ने उन्हीं के बेटे को रघुनाथपुर से टिकट दे दिया है। मैं सिवान की जनता से कहता हूं — अब निडर होकर जिएं, क्योंकि नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के शासन में चाहे सौ शहाबुद्दीन भी आ जाएं, कोई आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। सभा की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने की, जबकि संचालन का दायित्व जदयू जिलाध्यक्ष अशोक सिंह यादव ने निभाया। इस अवसर पर बक्सर से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी आनंद मिश्रा , राजपुर से जदयू प्रत्याशी संतोष कुमार निराला, डुमरांव से जदयू प्रत्याशी राहुल सिंह, ब्रह्मपुर से लोजपा प्रत्याशी हुलास पांडेय तथा शाहपुर (आरा) से भाजपा प्रत्याशी राकेश ओझा मंच पर उपस्थित रहे। सभा में लोजपा जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह, रालोमो जिलाध्यक्ष विंध्याचल सिंह कुशवाहा तथा हम पार्टी के जिलाध्यक्ष बलिराम कुशवाहा सहित एनडीए घटक दलों के कार्यकर्ता व समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद थे। अमित शाह ने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वे बक्सर से आनंद मिश्रा, राजपुर से संतोष निराला, डुमरांव से राहुल सिंह, ब्रह्मपुर से हुलास पांडेय और शाहपुर से राकेश ओझा को भारी मतों से विजयी बनाएं।

# स्टेशन पर गूंजे छठ के गीत, यात्रियों के मन में जगा घर लौटने का भाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना/नई दिल्ली।** "मंगला हम वरदान हे गंगा मइया..." "केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव..."

जैसे सैकड़ों लोकगीत जब स्टेशन की उद्घोषणा प्रणाली से गूंजने लगे, तो प्लेटफॉर्म मानो छठ घाट में बदल गया। यात्रियों की आंखों में घर लौटने की चमक और दिल में लोक आस्था की मधुर थिरकन उतर आई। यह दृश्य किसी आम दिन का नहीं, बल्कि उस भारत का था जो अपने त्योहारों में संस्कृति की खुशबू और तकनीक की नयी झंकार को साथ लेकर चलता है। इस वर्ष भारतीय रेल ने छठ पूजा को एक भावनात्मक अनुभव में बदल दिया है। देश के 30 से अधिक प्रमुख रेलवे स्टेशनों नई दिल्ली, आनंद विहार, कोलकाता, पटना, दानापुर, दरभंगा, सहरसा, गया, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, समस्तीपुर, बक्सर, आरा, गोरखपुर, कटिहार, मोतिहारी, रांची और आसनसोल सहित पर छठ के पारंपरिक गीत उद्घोषणा प्रणाली से बज रहे हैं। इन गीतों ने यात्रियों को न केवल आस्था से जोड़ा है, बल्कि बिहार और पूर्वांचल की सोंधी संस्कृति का जीवंत अनुभव भी कराया है। कई स्टेशनों पर महिलाएं गीतों के साथ गुनगुनाती दिखीं, तो बच्चे तालियाँ बजाकर आनंद में झूम उठे। रेलवे के इस सांस्कृतिक प्रयोग ने लाखों यात्रियों की यात्रा को भावनात्मक रंग दे दिया है। जहां पहले प्लेटफॉर्म पर केवल प्रस्थान और आगमन की सूचनाएँ सुनाई देती थीं, वहीं अब गूंज रही हैं छठी मैया के गीत जो घर, मिट्टी और आस्था का संगीत हैं। भारतीय रेल ने इस बार छठ पूजा के लिए 12 हजार से अधिक विशेष ट्रेनों का संचालन किया है और अतिरिक्त सुविधाओं के साथ यात्रियों की घर वापसी सुनिश्चित की है। मगर इन गीतों के बीच लौटना अब सिर्फ यात्रा नहीं, एक भाव है उस मिट्टी से मिलने का, जहां "कांच ही बांस के बहंगिया" की गूंज पीढ़ियों से प्रतिध्वनित होती आई है।

# मरना पसंद करूंगा, राजद में जाना नहीं : तेजप्रताप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**महुआ (वैशाली)।** राजद और परिवार से अलग हो चुके लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने अब अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल के बैनर तले चुनावी मैदान में उतरकर सियासी हलचल मचा दी है। तेज प्रताप महुआ विधानसभा सीट से खुद प्रत्याशी हैं और उन्होंने राज्यभर की कई सीटों पर अपने उम्मीदवार भी उतारे हैं। शुक्रवार को तेज प्रताप ने महुआ में जोरदार रोड शो किया। खुली जीप पर खड़े होकर उन्होंने समर्थकों का अभिवादन किया। इस दौरान उनके साथ एक खास मेहमान भी मौजूद रहे। महात्मा गांधी के वेश में एक बुजुर्ग व्यक्ति, जिनके साथ तेज प्रताप की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। उन्होंने कहा कि वे गांधीजी के विचारों से प्रेरित हैं और सत्य, अहिंसा व स्वराज के सिद्धांतों को राजनीति में अपनाना चाहते हैं। पत्रकारों से बातचीत में तेज प्रताप यादव ने कहा, "मैं किसी के मुकाबले नहीं, अपने आप में ब्रांड हूं। अखिलेश यादव अपनी जगह होंगे, लेकिन तेज प्रताप यादव अपने आप में एक पहचान है। कोई भी आए, इससे मुझे फर्क नहीं पड़ता।" उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब वे किसी भी कीमत पर राजद में वापस नहीं लौटेंगे — "मरना पसंद करूंगा, पर राजद में जाना नहीं।" महुआ सीट पर इस बार तेज प्रताप यादव का मुकाबला राजद प्रत्याशी और मौजूदा विधायक मुकेश कुमार रौशन से है। माना जा रहा है कि रौशन के समर्थन में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जल्द ही बिहार आ सकते हैं। गौरतलब है कि 2015 के विधानसभा चुनाव में लालू प्रसाद यादव ने तेज प्रताप को महुआ से टिकट दिया था और वे पहली बार विधायक चुने गए थे। बाद में नीतीश सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भी बने। 2020 में राजद ने उन्हें हसनपुर से चुनाव लड़ाया, लेकिन अब पहली बार वे अपने दम पर चुनावी मैदान में उतरे हैं।

# पलामू पुलिस की बड़ी कार्रवाई : चार महीने में 6.44 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पलामू।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा और सख्ती बढ़ा दी गई है। पलामू जिले में पुलिस ने लगातार कार्रवाई कर चार महीने में 6.44 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की है। इसमें भारी मात्रा में मादक पदार्थ और अन्य प्रतिबंधित सामग्री शामिल है। पलामू पुलिस ने इंटर-स्टेट चेक पोस्ट स्थापित कर सीमावर्ती इलाकों में वाहनों की कड़ी जांच शुरू की है। 7 से 22 अक्टूबर के बीच ही एक करोड़ 80 लाख रुपये की



अवैध संपत्ति जब्त की गई। बिहार में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड-बिहार सीमा पर 2,000 से अधिक वाहनों की जांच की जा चुकी है। नक्सलियों के खिलाफ बड़े अभियान की तैयारी सीमावर्ती इलाकों में पिछले महीने नक्सलियों के खिलाफ तीन से चार बड़े अभियान चलाए गए हैं। बिहार एसटीएफ, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ संयुक्त रूप से अगले कुछ दिनों में गया और औरंगाबाद सीमा से सटे क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ बड़े सर्च अभियान का संचालन करेंगे। सीमावर्ती इलाकों में भाकपा माओवादी और टीएसपीसी जैसे प्रतिबंधित नक्सली संगठनों का प्रभाव रहा है। चुनाव से 48 घंटे पहले सीमा सील बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक 48 घंटे पहले झारखंड-बिहार सीमावर्ती इलाके को पूरी तरह सील किया जाएगा। पलामू पुलिस ने इसके लिए विस्तृत योजना तैयार की है और इंटर-स्टेट चेक पोस्ट की संख्या बढ़ाने की तैयारी भी चल रही है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया, "बिहार चुनाव को लेकर सुरक्षा कड़ी की गई है। जुलाई के बाद से 6.44 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की जा चुकी है। नक्सलियों के खिलाफ कई अभियान सफलतापूर्वक चलाए गए हैं। चुनाव से पहले सीमावर्ती इलाके को सील किया जाएगा। इसके अलावा, 117 लोगों पर बीएनएसएस की धारा 126 के तहत कार्रवाई की गई है।"

# छठ महापर्व को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त समीरा एस व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सिंगरा के अमानत नदी तट, टाउन हॉल के कोयल नदी तट व पम्पूकल नदी तट का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सफाई, लाइटिंग व्यवस्था, पानी में बैरिकेडिंग, ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन पार्किंग सहित छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं के आवागमन आदि की सुविधाओं का जायजा लिया।

**पानी की गहराई से संबंधित रेडियम लिखित लगाएं सूचना : उपायुक्त**

पम्पूकल छठ घाट निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्थानीय ग्रामीणों से नदी में पानी के गहराई के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कुछ स्पॉट पर छह फीट से अधिक पानी रहने की बात बतायी गयी। डीसी ने ऐसे सभी गहराई वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां रेडियम वाले अधिक पानी होने की सूचना बोर्ड लगाने की बात कही।इसी तरह सभी छठ घाटों पर पर्याप्त मात्रा में बोट व टायर रखने पर भी बल दिया।



**अमानत व कोयल नदी में पानी है अधिक, बरते सावधानीः उपायुक्त**

उपायुक्त ने आमजनों व छठव्रतियों से अर्घ्य देते समय सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कोयल व अमानत दोनों ही नदी में पानी अधिक है। ऐसे में सभी इस बात का विशेष ख्याल रखें। साथ ही जिला प्रशासन की तरफ से जारी गाइडलाइन्स का पूर्ण रूप से पालन करना सुनिश्चित करें। कहा कि भीड़ में बच्चों के गुम हो जाने के मामले भी प्रकाश में आते ही रहते हैं। ऐसे में छोटे बच्चों का भी विशेष ख्याल रखने पर बल दिया।

**पुलिस बलों की रहेगी मुकम्मल व्यवस्था, बच्चे के जेब में नाम व पता जरूर रखें : पुलिस अधीक्षक**

पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान सभी छठ घाटों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। स्थानीय छठ पूजा समितियों के साथ पुलिस बेहतर समन्वय स्थापित करेगी ताकि शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न कराया जा सके। एसपी ने छठ घाट आने वाले सभी अभिभावकों से अपने बच्चे के जेब में नाम, पता व मोबाइल फोन नंबर रखने की अपील की। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सदर सीओ, शहर थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## छठ पूजा के मद्देनजर विधि-व्यवस्था व यातायात व्यवस्था का किया गया विशेष प्रबंध

**मेदिनीनगर (पलामू)।** छठ पूजा के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने को ले पलामू पुलिस ने व्यापक तैयारी की है। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निदेर्शानुसार बड़ी-छोटी व मालवाहक वाहनों के लिए बैरिकेटिंग व पार्किंग की व्यवस्था की गई है। 27 अक्तूबर को दोपहर दो बजे से सायं आठ बजे तक, 28 अक्तूबर को रात दो बजे से प्रातः नौ बजे तक शहर के बाहर बड़ी व मालवाहक वाहनों के लिए बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई है।

गढ़वा की ओर से आने वाले वाहन चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरदाहा घाटी के पास रुकेंगे। रांची की ओर से आने वाले वाहन सदर थाना क्षेत्र के चियांकी नवनिर्मित फोरलेन के पास पड़ाव करेंगे। पांकी की ओर से आने वाले वाहन सदर थाना क्षेत्र के फोरलेन पोखराहा के पास रुकेंगे। औरंगाबाद बी-मोड़ की ओर से आने वाले वाहन पंड़वा थाना क्षेत्र के पाटन मोड़ के पास पड़ाव करेंगे।

इसी तरह पार्किंग व्यवस्था 27 अक्तूबर दोपहर दो बजे से सायं आठ बजे तक, 28 अक्तूबर रात दो बजे से प्रातः नौ बजे तक किया गया है।

**छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वाहनों की पार्किंग की हुई व्यवस्था**

कोयल नदी छठ घाट पर आने वाले व्रतियों के वाहनों के लिए शिवाजी मैदान व सदिक चौक कोयल नदी पुल के पास टेम्पू स्टैंड में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। अमानत नदी सिंगरा छठ घाट पर आने वाले व्रतियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था अमानत नदी के बाएं किनारे की गई है। पलामू पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन के निर्धारित यातायात मार्गों व पार्किंग स्थलों का पालन करें। साथ ही छठ पर्व के दौरान अनुशासन व शांति बनाए रखेंगे। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं।

# संदिग्ध अवस्था में तालाब में तैरता मिला महिला का शव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के शीतलमनी पंचायत के बहियार के एक तालाब में महिला के शव को तैरता देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। मृतिका महिला के देवर आशीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला बृहस्पतिवार की सुबह शौच के लिए घर से निकली थी।घंटों तक घर वापस नहीं आने के कारण परिजनों द्वारा छानबीन आरंभ कर दी गई। परंतु कई घंटे तक छानबीन के बाद भी कुछ आता पता नहीं चल सका।

शुक्रवार के दिन अहले सुबह ग्रामीणों द्वारा शीतलमनी बहियार के एक पोखर में महिला के शव को तैरता देखा। शीतल मनी बहियार क्षेत्र के एक तालाब में मिली शव की खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई।ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को दी गई।आनन फानन में परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। शव की पहचान कर ली गई।साथ ही आजमनगर पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही आजमनगर थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।शव को अपने कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दिया। दूसरी ओर परिजनों में मृतिका की सास रतनी देवी ने शव की पहचान की। उन्होंने कहा कि मेरे पुत्र राजेश कुमार की धर्मपत्नी बबीता देवी (28) है। जो एक दिन पहले से गायब थी। उन्होंने कहा कि मेरी बहू बृहस्पतिवार को शौच के लिए घर से निकली थी। लेकिन घर नहीं पहुंचने के कारण काफी खोजबीन की गई। आज शव मिला है यह कहते हुए फूट-फूट कर रोने लगी।वहीं मृतिका के मायके वालों में भाभी मोसमी देवी एवं मामी रीना देवी ने ससुराल वालों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि शादी के बाद से ही लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। रात्रि के समय मार-पीट करते हुए जान से मार दिया और पानी में ले जाकर फेंक दिया गया है।उक्त मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष ने कहा है कि 28 वर्षीय बबीता देवी का शव संदिग्ध अवस्था में पानी में तैरता हुआ मिला है। फिलहाल जांच की जा रही है। शव का पंचनामा तैयार करते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया है।

# सीएम नीतीश ने दानापुर में रामकृपाल यादव के लिए मांगे वोट, एक बार फिर एनडीए की जीत का किया दावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को दानापुर विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया, जहाँ उन्होंने एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार और भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव के लिए जनता से वोट मांगे। मुख्यमंत्री ने रामकृपाल यादव को क्षेत्र का 'धरती पुत्र' बताते हुए उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की और क्षेत्र के विकास के लिए एनडीए सरकार के निरंतर प्रयासों को दोहराया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए गठबंधन बिहार में सुशासन और विकास के एजेंडे पर कायम है। उन्होंने रामकृपाल यादव की तारीफ करते हुए कहा कि वे हमेशा जनता के बीच रहे हैं और क्षेत्र की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने दानापुर की जनता से



अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास की गति को बनाए रखने के लिए रामकृपाल यादव को भारी मतों से विजयी बनाना आवश्यक है।

नीतीश कुमार ने अपने पुराने अंदाज में एक बार फिर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने बिना नाम लिए 'परिवारवाद' और 'जंगलराज' की राजनीति करने वालों पर तंज कसा और कहा कि कुछ लोग केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लगे रहे, जबकि एनडीए सरकार ने बिहार के हर वर्ग के लोगों और राज्य के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि बिहार में सड़कों का जाल बिछाने, हर घर तक बिजली पहुंचाने और शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाने का काम एनडीए सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जनता एक बार फिर विकास और सुशासन के लिए एनडीए पर भरोसा करेगी और प्रदेश में गठबंधन की सरकार बनना तय है। मुख्यमंत्री ने अंत में जनता से अपील करते हुए कहा कि दानापुर और पूरे बिहार में एनडीए उम्मीदवारों को वोट दें, ताकि विकास का यह अभियान जारी रहे। इसके लिए रामकृपाल यादव को जिताने में अपना योगदान दें।

# पालीगंज और मोकामा को लेकर चुनाव आयोग ने लिया बड़ा फैसला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पटना जिले में इस बार 541 महिला या पिंक बूथ बनाए जाएंगे। इन बूथों पर सभी मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मी महिलाएं होंगी। जिला प्रशासन के अनुसार, इन बूथों पर करीब 3600 महिला मतदानकर्मियों की तैनाती की जाएगी। जिनमें से 10 प्रतिशत कर्मियों को रिजर्व रखा गया है। वहीं, केंद्रीय बलों और बिहार पुलिस की महिला जवानें सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगी। पिछले चुनाव में जिले में केवल 104 महिला बूथ बनाए गए थे, जबकि इस बार उनकी संख्या में पांच गुना से अधिक वृद्धि की गई है। ये सभी मॉडल बूथ (पिंक बूथ) होंगे। जहां महिला मतदानकर्मी पिंक ड्रेस में नजर आएंगी।

**पालीगंज मोकामा में नहीं बनेगा महिला बूथ**

प्रशासन के सूत्रों के अनुसार, हर चार महिला




बूथों पर एक क्लस्टर सेंटर बनाया जाएगा। ये सेंटर उस क्षेत्र के मुख्य स्कूल या मेन रोड पर स्थित भवनों में बनाए जाएंगे। जहां महिला मतदानकर्मियों के ठहरने की व्यवस्था होगी। सुबह वहीं से पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों पर भेजा जाएगा। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में महिला बूथ बनाए जा रहे हैं, लेकिन पालीगंज और मोकामा क्षेत्रों में एक भी महिला बूथ नहीं बनाया गया है।

**पिंक बूथों की खासियत**

पिंक बूथों का उद्देश्य महिला मतदाताओं को सुरक्षित और सहज वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे बिना किसी झिझक के मतदान कर सकें। यहां हेल्प डेस्क, सेल्फी प्वाइंट, बच्चों के खेलने की व्यवस्था और बिहार की लोककलाओं पर आधारित पेंटिंग्स लगाई जाएंगी।

**विधानसभा क्षेत्रवार महिला बूथों की संख्या**

बाढ़- 10, दीघा 100 बख्तियारपुर - 4, बांकीपुर - 92, कुम्हरार - 80, पटना साहिब - 82, फतुहा - 14, दानापुर - 80 ` फुलवारी - 61, मसौढ़ी - 5, मनेर - 3, विक्रम - 10

**डीएम ने मतदाता जागरूकता अभियान की समीक्षा की**

पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने गुरुवार को वोटर अवेयरनेस कैंपेन (रश्एएढ) की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि 66 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के लिए विभिन्न विभाग जीविका, आईसीडीएस, नगर निगम, स्मार्ट सिटी, शिक्षा, कल्याण, एनसीसी और एनएसएस मतदाताओं को लगातार जागरूक कर रहे हैं। डीएम ने शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, अपार्टमेंट और सोसाइटी में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवा और प्रथम बार वोट करने वाले मतदाता हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं। वे दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें और 6 नवंबर को हर हाल में वोट करें।

**दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था**

प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैंप, पेयजल, शौचालय, बिजली और हेल्पडेस्क जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। पीडब्ल्यूडी और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए वैकल्पिक होम वोटिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ 'सुगम मित्र' उनकी सहायता करेंगे। 'वोट करेगा पटना, अपनी सरकार चुनेगा पटना' अभियान के तहत जिला पीडब्ल्यूडी स्वीप आइकॉन राकेश कुमार ने राजापुर, दीघा, कुर्जी, सचिवालय और किदवईपुरी इलाकों में जाकर दिव्यांग मतदाताओं को घर-घर जागरूक किया।

# पटना में गंगा नदी में नहाने गए पांच युवक डूबे, दो की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के बालू घाट पर शुक्रवार को स्नान करने के दौरान हुए एक दर्दनाक हादसे में पांच लोग गंगा नदी में डूब गए, जिसमें से दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

बताया जाता है कि शुक्रवार को बालू घाट पर एक युवक स्नान करने उतरा और अचानक गहरे पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में चार अन्य युवक भी पानी में उतरे, लेकिन वे भी गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। दो युवक तो जैसे तैसे निकलने में कामयाब रहे लेकिन तीन युवक गंगा नदी में डूब गए। हादसे की जानकारी



मिलते ही घटनास्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया। लोगों ने अपने स्तर से और स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे हुए तीनो युवकों को बारी बारी से निकाल लिया।

मृतकों की पहचान दीदारगंज थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 72 निवासी प्रमोद सहनी के 16 वर्षीय पुत्र आशू कुमार और विजेंद्र साहनी के 17 वर्षीय पुत्र सुधांशु कुमार के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लखीसराय।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 168-लखीसराय विधानसभा क्षेत्र के बाल विकास परियोजना कार्यालय, लखीसराय सदर द्वारा बूथ संख्या-126 उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमहरा पश्चिमी भाग में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्रीमती विभा कुमारी ने की। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, रैली एवं मतदाता शपथ का आयोजन कर




मतदाताओं को आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र में मतदान प्रत्येक नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार और कर्तव्य है। प्रत्येक मतदाता को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए, ताकि सशक्त लोकतंत्र की स्थापना हो सके। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका प्रीति कुमारी एवं निशा कुमारी सहित आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका प्रेमलता कुमारी और नीतू कुमारी ने भी मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया।

# बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जिला प्रशासन अररिया द्वारा सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसी क्रम में आज शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अररिया अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने जिला मुख्यालय स्थित सभी 04 डिस्पैच सेंटरों तथा मतगणना केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी व्यवस्था सुव्यवस्थित, समयबद्ध एवं तरीके से सुनिश्चित की जाय, ताकि मतदान सामग्री का डेस्पैच एवं रिसीविंग निर्विघ्न रूप से संपन्न हो।

चार डिस्पैच सेंटरों के रूप में 47-रानीगंज एवं 49-अररिया के लिए अररिया कॉलेज अररिया, 46-नरपतगंज एवं 48-फारबिसगंज के लिए कृषि उत्पादन बाजार समिति अररिया, 50-जोकीहाट के लिए अल शम्स मिल्लिया कॉलेज अररिया, 51-सिकटी के लिए एम.एल.डी.पी.के. यादव कॉलेज



अररिया को डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। वहीं सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना केन्द्र/स्ट्रॉग रूम के रूप में कृषि उत्पादन बाजार समिति अररिया निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रत्येक डिस्पैच सेंटर पर ब्रीफिंग स्थल, काउंटर व्यवस्था और वाहन पार्किंग की योजना का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक काउंटर पर पर्याप्त संख्या में कर्मी तैनात रहें, ताकि सामग्री वितरण, ब्रीफिंग और प्रस्थान प्रक्रिया बिना किसी विलंब के पूरी की जा सके। पोलिंग पार्टी और मतदान सामग्री के सुरक्षित व त्वरित आवागमन के लिए एक ट्रैफिक प्लान तैयार कर लिया जाये। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के वाहनों के लिए अलग-अलग रूट निर्धारित किया किया जाये। इस क्रम में बाजार समिति स्थित बज्रगृह सह मतगणना भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों एवं मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने का निर्देश दिये। कार्यपाल पदाधिकारी नगर परिषद एवं कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, विद्युत को स्वच्छता, पेयजल और शौचालय तथा रोशनी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर वरीय प्रभारी निर्वाचन सह अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण अररिया अजय कुमार ठाकुर सहित सभी निवार्ची पदाधिकारी, संबंधित कोषांगों के नोडल पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## बिहार के बाद अब देश भर में होगा एसआईआर, चुनाव आयुक्त में सभी राज्यों के निर्वाचन आयुक्त को तैयारी करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के बाद चुनाव आयोग देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची पुनरीक्षण(एसआईआर) कराने की तैयारी में जुट गया है। सीईसी ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव आयोग ने साफ कर दिया है कि भारत में सभी चुनाव में पूरी पारदर्शिता लाई जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन गुरूवार को नई दिल्ली में भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान में संपन्न हो गया। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का उद्देश्य देश भर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा करना और उन्हें अंतिम रूप देना था।

**शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति और महत्वपूर्ण निर्देश**

सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की। इस दौरान निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहे। आयोग ने सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को रखक्र की तैयारियों को अंतिम रूप देने का स्पष्ट निर्देश दिया।

**मतदाता डेटा और चुनाव-उन्मुख राज्यों पर विशेष ध्यान**

सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण एजेंडा रखक्र के दौरान मतदाताओं के डेटा का मिलान था। आयोग ने राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र में वर्तमान मतदाताओं के साथ पिछले SIR के समय के मतदाताओं के डेटा को मिलाते हुए प्रगति का आकलन किया।

लोक आस्था का महापर्व

# नहाय-खाय आज



## तैयारी पूरी, जगमग हुआ शहर

## माहौल हुआ भक्तिमय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** महापर्व में सूर्य देव और छठी मैया की पूजा का विधान है। छठ का व्रत महिलाएं संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखती हैं। इस वर्ष यह महापर्व 25 अक्टूबर से लेकर 28 अक्टूबर तक मनाया जाएगा चार दिन तक चलने वाले छठ पर्व की आज से शुरूआत हो रही है। छठ पर्व से करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी है। हालांकि बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में छठ महापर्व प्रमुखता के साथ मनाया जाता है। इस महापर्व में सूर्य देव और छठी मैया की पूजा का विधान है। छठ का व्रत महिलाएं संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखती हैं। इस वर्ष यह महापर्व 25 अक्टूबर से लेकर 28 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इसकी शुरुआत 25 अक्टूबर को नहाए-खाए से होती है गिरिडीह में छठ पूजा अरघाट घाट गिरिडीह का एक मुख्य घाट है, जहाँ लोग छठ पूजा के दौरान अर्घ्य देते हैं।

**परंपरा:** छठ पूजा में नहाय-खाय से शुरूआत होती है, जिसके बाद खरना, संध्या अर्घ्य और फिर सुबह के अर्घ्य के साथ त्योहार का समापन होता है नहाय-खाय का अनुष्ठानः इस दिन व्रती महिलाएं स्नान करके घर की साफ-सफाई करती हैं और फिर शुद्ध शाकाहारी भोजन जैसे चावल, चना दाल और लौकी की सब्जी का सेवन करती हैं।

नहाय खाय के बाद व्रती महिलाएं खरना का उपवास करेंगी। दिनभर उपवास रखने के बाद व्रती महिलाएं खीर और रोटी का महाप्रसाद बनाएंगी। फिर व्रती महिलाएं खीर का प्रसाद सूर्य भगवान को अर्पित करेंगी। तत्पश्चात व्रती महिलाएं प्रसाद ग्रहण करेंगी। इसके बाद व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा खरना पूजा संपन्न होने के साथ ही छठ व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य व उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। महापर्व छठ को लेकर सूप-दउरा व फल का बाजार सज गया है। अरगाघाट, अमित बरदियार छठ घाट, शिव शक्ति घाट, मेट्रोस छठ घाट, आश्रम रोड छठ घाट, दीनदयाल छठ घाट, शीतलपुर छठ घाट, नया पुल छठ घाट, पुराना पुल छठ घाट, प्रोफेसर कॉलोनी छठ घाट समेत बोड़ो, लखारी, छठ घाट, झरियागादी छठ घाट, बुढ़वा आहर, तेलिया छठ घाट, पचंबा पेठियाटांड़, मानसरोवर तालाब, बुढ़ियाआहरी, हरसिंगरायडीह आदि छठ घाटों को व्यवस्थित तरीके से सजाने का कार्य जारी है।

अरगाघाट समेत अन्य छठ घाटों में भारी संख्या में भीड़ उमड़ती है छठ घाटों पर साफ-सफाई व प्रकाश की व्यवस्था हो रही दुरूस्त : नगर निगम महापर्व छठ के मद्देनजर छठ घाटों की तैयारी अंतिम चरण में है। अरगाघाट, शास्त्रीनगर समेत अन्य छठ घाटों को दुरूस्त करा दिया गया है। कहा कि सभी छठ घाटों और तालाबों को दुरूस्त कर लिया जायेगा। नालों से गिरने वाले पानी को रोकने के लिए सोखा का निर्माण किया जायेगा, साफ-सफाई कार्यों में नगर निगम की और सफाई कर्मियों को लगाया गया है। श्रद्धा और उत्साह से भरे हैं।

पूजन सामग्रियों व फलों की खरीदारी को ले आज बाजार में उमड़ेगी भीड़ फल, पूजन सामग्री और अर्घ्य सामग्री की खरीदारी के लिए बाजार में भीड़ उमड़े छठ को लेकर ग्रामीण इलाकों से बाजार में गाजर, मूली, गन्ना और अन्य सामग्री पहुंच रहे हैं शहरी क्षेत्र के अनेक चौक चौराहे पर नारियल केला नींबू फल पूजनीय सामग्री आदि की दुकान सजनी शुरू हो गई है। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह में छठ घाटों का निरीक्षण किया। झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने मंगलवार को नगर निगम क्षेत्र के छठ घाटों का निरीक्षण किया। साथ में एसडीओ श्रीकांत यशवंत विसपुते नगर निगम के उप नगर आयुक्त प्रशांत कुमार लायक, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव , मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, नगर थाना प्रभारी ज्ञान रंजन कुमार, पचम्बा थाना प्रभारी राजीव कुमार व अन्य ऑफिसर साथ में थे। छठ घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कमियों को शीघ्र दूर करने हेतु पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

बाजार की रौनक बढ़ी लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर लोगों में उत्साह है। पर्व को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ी हुई है। गिरिडीह समेत आसपास के विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई अंतिम चरण में है। छठ पूजा को लेकर गिरिडीह के प्रमुख छठ घाट पर आकर्षक तोरण द्वार और पंडाल भी बनाये जा रहे हैं। इनमें अरगाघाट छठ घाट शामिल हैं। छठ पर्व को लेकर गिरिडीह बाजार में पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुट रही।

# उसरी पुल के दो पाए धंसे, परिचालन ठप

## लोग हो रहे हलकान, जल्द निदान की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** मुख्यालय और शहर से सटे उड़नाबाद गांडेय,जामताड़ा को जाने वाली उसरी नदी में बने पुल के ऊपर के कुछ पाये क्षतिग्रस्त होने और धंसने के कारण बड़े वाहनों का परिचालन बंद हो गया है।

झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू एवं गिरिडीह विधायक सह मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू के क्षेत्र की जनता का आवागमन इसी पुल से होता है। लेकिन इस पुल के क्षतिग्रस्त होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

इस पुल का निर्माण लगभग 20- 21 वर्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के कार्यकाल में हुआ था। जिसपर बड़े बड़े मालवाहक गाड़ियों का आवागमन होता रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक उपाध्याय ने क्षेत्र के दोनों जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि जनहित में जल्द से जल्द इस पुल की वास्तविक स्थिति की जाँच करवाकर निर्माण के लिए विभाग को आवश्यक निर्देश दें अन्यथा आंशका बनी हुई रहेगी कि पुल से गुजरने वाले राहगीरों के साथ कभी कोई बड़ा हादसा न हो जाए।

## लोगों ने फूंका बिगुल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चाईबासा।** खनन कंपनियों के भारी मालवाहक वाहनों के कारण लगातार हो रहे सड़क हादसों से आक्रोशित ग्रामीणों ने अब आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है।

गुरुवार को बादुड़ी गांव में ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि 27 अक्टूबर को झारखंड के परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा के आवास का घेराव करते हुए धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि यह धरना पैदल यात्रा के रूप में आयोजित होगा और जब तक ग्रामीणों की मांगें पूरी नहीं की जातीं, दिन-रात धरना जारी रहेगा। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि प्रत्येक घर से कम से कम एक व्यक्ति इस आंदोलन में भाग लेगा।

## पुलिस ने किया चार बाइकों को जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। सीसीएल गिरिडीह कोलियरी के महाप्रबंधक दिनेश कुमार राठौर एवं परियोजना पदाधिकारी जीएस मीणा के निर्देश पर सीसीएल क्षेत्र अंतर्गत कबड़िबाद खदान में अहले सुबह छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान सीसीएल सुरक्षा विभाग के इंस्पेक्टर नकुल नायक के नेतृत्व में किया गया, खदान में छापामारी होते ही भगदड़ सी मच गई। छापामारी के दौरान कोयला ढोने वाले चार बाईकों को जब्त किया गया एवं उन्हें जीएम कार्यालय परिसर लाया गया। जबकि बाइक के माध्यम से कोयला चोरी करने वाला कोयला तस्कर फरार हो गया। हालांकि बाद में सीसीएल प्रबंधन द्वारा जब्त किए गए चारों बाइकों को मुफस्सिल थाना में जमा कर दिया गया वहीं कोयला तस्करों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दिया गया। इस संबंध में सीसीएल सुरक्षा विभाग के इंस्पेक्टर नायक ने बताया कि पिछले 2 महीने से यह छापामारी अभियान लगातार किया जा रहा है इस दौरान 20 से अधिक बाईकों को जब्त कर मुफस्सिल थाना में जमा किया गया।

# छठ पूजा में बारिश की संभावना

## शाम होते ही मौसम हो जाता है नम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** छठ पूजा के दिन हल्की बारिश होने की संभावना है और आसमान में बादल छाए रहेंगे। वहीं, 25 अक्टूबर के बीच सुबह में कोहरे या धुंध और शाम के वक्त आसमान में आंशिक बादल छाए रहने और मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना है।

वहीं, खरना के दिन यानी 26 अक्टूबर को भी आंशिक बादल छाए रहेंगे और उत्तर पश्चिमी क्षेत्र यानी पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार जिलों में मेघगर्जन के साथ कहीं-कहीं हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है।

राजधानी में शाम ढलते ही ठंड का अहसास होने लगता है और 9 बजे के बाद कुहासे का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है। अगले पांच दिनों के दौरान कोहरे और धुंध का असर बढ़ेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा। पिछले एक सप्ताह से राजधानी रांची समेत आसपास के क्षेत्रों का मौसम लगातार बदल रहा है। दिनभर मौसम शुष्क रहता है और शाम ढलते ही ठंड का असर शुरू हो जाता है। जिस कारण आमजनों ने धीरे धीरे अपना गर्म कपड़ा निकालना शुरू कर दिया है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी किए गए पूवार्नुमान के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान पूरे राज्य में मौसम शुष्क बना रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस लातेहार का रिकॉर्ड किया गया है।

वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम 31.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रांची का तापमान मंगलवार के मुकाबले बुधवार को एक डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है।

# पटाखे से झुलसी नाबालिग का ओम वैष्णवी नर्सिंग होम कर रहा मुफ्त इलाज

## चिकित्सकों ने पेश की मानवता की मिसाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** एक ओर जहां स्वास्थ्य विभाग की स्थिति पर अक्सर सवाल उठते रहते हैं और सदर अस्पताल गिरिडीह को रेफरल अस्पताल के नाम से जाना जाता है, वहीं जिले के बोरों स्थित ओम वैष्णवी नर्सिंग होम ने मानवता की अद्भुत मिसाल पेश की है।

दीपावली की रात मकतपुर निवासी 12 वर्षीय कृष्णा राय पटाखा फोड़ने के दौरान बुरी तरह झुलस गया, जिससे उसके हाथ में गंभीर चोटें आईं।

घटना के तुरंत बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल गिरिडीह में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे धनबाद रेफर कर दिया गया। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण परिजन असहाय हो गए, तभी किसी ने उन्हें बोरों स्थित ओम वैष्णवी नर्सिंग होम की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही नर्सिंग होम के सीईओ सह आर्थोपेडिक डॉ. श्रावण कुमार ने स्वयं पहल करते हुए बच्चे का मुफ्त इलाज शुरू किया। दीपावली पूजा के दौरान सूचना मिलने पर उन्होंने तुरंत वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. सोनू कुमार और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एस. चंद्रा के सहयोग से उपचार प्रारंभ किया, जिससे बच्चे की स्थिति नियंत्रण में आ गई।

### अत्यंत निर्धन परिवार की है बच्ची

डॉ. श्रावण कुमार ने कहा कि अब गिरिडीह के लोगों को आपात स्थिति में बाहर जाने की जरूरत नहीं है। ओम वैष्णवी नर्सिंग होम 24 घंटे गिरिडीहवासियों की सेवा में तत्पर है इस मानवीय पहल ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची सेवा और संवेदना ही चिकित्सा पेशे की सबसे बड़ी पहचान है।

## गुड्डू इलेक्ट्रॉनिक्स सर्विस सेंटर का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। आज देवरी प्रखण्ड के ग्राम पचम्बा में माले के प्रखंड सचिव मुस्तकीम अंसारी के घर में एक इलेक्ट्रॉनिक सर्विस सेंटर की दुकान का ओपनिंग किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य उस्मान अंसारी, माले के वरिष्ठ नेता रामकिशुन यादव,20 सूत्री उपाध्यक्ष धोकल दास,जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष मोजाहिद अंसारी, समाज सेवी सुखदेव हाजरा, माले के अजय कुमार चौधरी, रघुनंदन राय, जेएमएम के निजाम अंसारी, मौला बकस अंसारी, सद्दाम हुसैन अंसारी समाज सेवी खलील अंसारी, रफीद अंसारी बेड़ोडीह पंचायत समिति सदस्य बलवीर कुमार सहित अनेक समाज सेवियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उक्त सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया गया।

# बदमाशों ने भाजपा नेता को मारी गोली

## जख्मी ने की हमलावर की पहचान, पुलिस जांच में जुटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में भाजपा नेता विवेकानंद प्रसाद उर्फ बबलू यादव को शुक्रवार की सुबह आठ बजे कुख्यात अपराधी सूरज तांती ने गोली मार दी। हमला करने वाला कुख्यात अपने चार गुर्गों के साथ तिलकामांझी चौक के समीप टीएनबी लॉ कॉलेज रोड स्थित आवास पर आ धमका। दरवाजे पर लात मारकर भाजपा नेता के छोटे भाई को पुकारा। दोनों भाई बाहर निकलने के बाद सूरज तांती ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि जब हमारा फल वाले के साथ नोकझोंक हो रहा था तो तुम वहां मौजूद थे, हमारा साथ क्यों नहीं दिया। तुम हमें नहीं जानते कि मैं ही सूरज तांती हूं। हमारा भाई ही फंटुश तांती है।

इस पर दोनों भाइयों ने कहा हमारी किसी से लड़ाई नहीं तो हमलोग क्यों दूसरे के झगड़े में पड़े। इतना बोलना था कि सूरज तांती के साथ मौजूद एक गुर्गे ने भाजपा नेता के चेहरे पर मुक्के से हमला कर दिया।तभी सूरज तांती ने विवेकानंद प्रसाद के सिर को निशाना बना गोली दागी। गोली भाजपा नेता के सिर के बीच वाले ऊपरी हिस्से को चीरते हुए निकल गई। फिर एक दूसरे अपराधी ने गोली चलाई जो दीवार में जा लगी। अचानक गोलियां चलने से सड़क पर टहल कर लौटने वाले इधर-उधर भागने लगे। घरों की छतों पर लोग खड़े हो शोर मचाने लगे। अपराधी वहां से भाग निकले।

भाजपा नेता विवेकानंद प्रसाद पर कातिलाना हमले की जानकारी पर भागलपुर के भाजपा प्रत्याशी रोहित कुमार पांडे जख्मी विवेकानंद प्रसाद का कुशलक्षेम जानने पहुंचे, वरीय पुलिस अधिकारियों से मोबाइल से बात की। अपराधियों में एक के पास बाइक भी थी जो हमले के बाद मौके से भागा। हमले के दौरान सूरत तांती के सिर पर ढंका गमछा मौके पर गिर गया। घटना की जानकारी जख्मी भाजपा नेता के परिजन ने बरारी थाने को दी लेकिन पुलिस आधे घंटे बाद भी मौके पर नहीं पहुंची। भाजपा नेता को परिजन घर के सामने एक चिकित्सक की क्लिनिक में भर्ती करा प्राथमिक उपचार कराया।

घटना की जानकारी होने पर एसएसपी हृदय कांत ने सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी को मौके पर भेजा। इस बीच बरारी थानाध्यक्ष बिट्टू कुमार कमल पुलिस बल के साथ पहुंच गए। जख्मी भाजपा नेता को निजी क्लिनिक से बेहतर उपचार के लिए जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के गहन उपचार कक्ष में भर्ती करा दिया गया है। जख्मी भाजपा नेता ने हमलावरों में एक कुख्यात सूरज तांती की पहचान कर ली है। वह उनके आवासीय परिसर से आधा किलोमीटर दूर सुरखीकल आदर्श नगर कॉलोनी में रहता है।

# बसपा जिलाध्यक्ष ने लिखा केन्द्रीय रेल मंत्री को पत्र

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बहुजन समाज पार्टी के गिरिडीह जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने केन्द्रीय रेल मंत्री को धनवार ,कोडरमा ,गिरिडीह होते हुए आसन सोल रेल परिचालन के लिए पत्र लिखा जिसमें ट्रेन सं0 12383/12384 सियालदह आसनसोल इन्टर सीटी एक्सप्रेस को गया जंक्शन भाया मधुपुर, न्यू गिरिडीह, धनवार, कोडरमा के रास्ते गया जंक्शन तक विस्तार करने के संबंध में लिखा है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि ट्रेन सं0 12383 / 12384 सियालह-आसनसोल इन्टरसीटी एक्सप्रेस सियालदह जंक्शन से ट्रेन सं0 12383 17:10 बजे निकलती है और 21:05 में आसनसोल पहुंचती है और आसनसोल से ट्रेन सं0 12384 6:40 में निकलती है और सियालदह 10:45 में पहुंचती है। यह पूर्वी रेलवे द्वारा संचालित है। यह सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन है जो सियालदह-आसनसोल के बीच चलती है। यदि इस ट्रेन को विस्तार कर गया जंक्शन तक चलाई जाय तो झारखण्ड, बिहार, बंगाल आने जाने वाले यात्रियों को बहुत ही सुविधा होगी। रेलवे विभाग को इस ट्रेन को विस्तार करने में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त खर्च नहीं लगेगा और रेलवे को भारी मुनाफा होगा। जिससे यात्रियों को छात्रों, युवाओं, व्यापारियों एवं तीर्थ यात्रियों को आने जाने की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सकेगा। क्योंकि यह ट्रेन लगभग नौ घंटे तक आसनसोल जंक्शन पर खड़ी रहती है। जनहित को दृष्टिगत रखते हुए इस ट्रेन का विस्तार गया जंक्शन तक करने का कष्ट करें।

## इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह ने किया कार्यक्रम

**गिरिडीह।** इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा चन्दनडीह स्थित संरक्षण सेंटर सहाय निवास के पास में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ हुनर के बच्चों को शिक्षा दी जाती है, वहाँ उपस्थित बच्चों को क्लब की ओर से मिठाइयाँ तथा ड्रॉइंग से संबंधित सामग्री भेंट की गई। जिससे बच्चों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखा गया। इसके पश्चात क्लब की ओर से सेंटर में कार्यरत महिलाओं को नैपकिन बनाने हेतु कपड़े एवं सिलाई में उपयोग आने वाली सामग्रियाँ प्रदान की गईं, ताकि वे इनसे उपयोगी वस्तुएँ तैयार कर बाजार में बेच सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बन सके। इस अवसर पर पीडीसी पूनम सहाय, चार्टर प्रेजिडेंट रंजना बगेरिया, प्रेसिडेंट कविता राजगड़िया एवं सदस्या तनुजा भूषण उपस्थित रहीं। सभी ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित किया। क्लब की इस पहल ने यह संदेश दिया कि समाज का सच्चा विकास तभी संभव है जब महिलाएँ और बच्चे, दोनों शिक्षित, समर्थ और आत्मनिर्भर बनेंगे।

## माले की बैठक 7 को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। जिला कमिटी के सदस्य मधुबन और पीरटांड़ प्रखंड से भी सैकड़ों की संख्या में मजदूर 7 नवंबर को गिरिडीह के बैठाक में शामिल होंगे। इधर असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय सचिव कन्हाई पांडेय ने कहा कि गिरिडीह के मजदूर किसान के लिए असंगठित मजदूर मोर्चा लाल झंडा ही हमेशा साथ खड़ा रहता है। प्रखंड सचिव मसूदन कोल और अध्यक्ष किशोरी राय ने कहा कि मजदूरों को तंग करने वाले को जमीन में लाने की जरूरत है,मजदूर एकता जिंदाबाद का नारा दिया माले नेता राजेश सिन्हा भी उपस्थित थे। श्री सिन्हा ने कहा कि मजदूर का काम सिर्फ वोटर बनकर नहीं रहना है आपका एक वोट की कीमत वही है जो प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की होती है। संगठित होकर हक और अधिकार के लिए आवाज बने,नेता के इस्तमाल के लिए आप नहीं है,खास कर वह नेता जो आपसे वादा कर भूल जाते है। उन्होंने कहा कि 7 नवंबर को आप अपनी मांगों की आवाज को बुलंद करिए,माले सहयोगी के तौर पर है असंगठित मजदूर मोर्चा का निर्णय बेहतर है।

# सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा हेतु वैक्सीनेशन कार्यक्रम




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा नवजीवन नर्सिंग होम में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीनेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन 9 बच्चियों को वैक्सीन का दूसरा डोज तथा 5 बच्चियों को पहला डोज लगाया गया। जिन्हें पहले चरण में चयनित किया गया था। इस परियोजना का उद्देश्य बालिकाओं को सर्वाइकल गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान क्लब की प्रेसिडेंट कविता राजगड़िया, आईपीपी सोनाली टरवे, सेक्रेटरी स्मृति आनंद, चार्टर प्रेजिडेंट रंजना बगेरिया, मेंबर्स शशि केडिया, सुनीता बर्नवाल एवं अन्य सदस्याएँ उपस्थित रहीं। सभी ने बच्चियों को शुभकामनाएँ दीं और क्लब की इस पहल की सभी ने सराहना की।

पूर्व रेलवे
ई-निविदा सूचना संख्या: ओ/एसी/टी/109/25-26 (ओपन), दिनांक: 22.10.2025। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: केस संख्या: ओ-एसी-टी-109-25-26। कार्य का नाम: सीतारामपुर-झाझा खंड की लाइन क्षमता को बढ़ाने के लिए 06 आईबीपी के प्रावधान के लिए खुली निविदा। निविदा मूल्य: ₹ 3,76,22,890.39। बयाना राशि: ₹ 3,38,100। कार्य पूरा करने की अवधि: 08 महीना। बंद होने एवं खुलने की तारीख और समय: 20.11.2025 को दोपहर 12:00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
(ASN-218/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# जंगल सफारी की हुई औचारिक शुरूआत

## पर्यटकों ने भालू, हिरण सहित कई वन्य जीवों को देखा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वाल्मीकिनगर।** वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र अंतर्गत स्थित होटल वाल्मीकि विहार से गुरुवार की सुबह छह बजे इस वर्ष के जंगल सफारी सत्र की औपचारिक शुरूआत हुई।

पहले दिन 200 से अधिक पर्यटकों ने जंगल सफारी का आनंद लिया, जिनमें भालू, हिरण, सांभर जैसे कई वन्य जीवों को देखने का रोमांचक अनुभव मिला।

वन संरक्षक डॉ. नेशामणि और डीएफओ विकास अहलावत ने हरी झंडी दिखाकर सफारी जीपों को रवाना किया, जिससे चार महीने के बाद बंद पड़े पर्यटन सत्र का सफल शुभारंभ हुआ।

सुबह के इस सत्र में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु, राजन कुमार, और राजू कुमार जंगल सफारी पर जाने वाले पहले पर्यटक थे।

इनके साथ दो अन्य सफारी जीप भी जंगल की ओर रवाना हुईं, जिनमें लखनऊ से आए सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट के पर्यटक डॉ. एहसास ओमीन, मोतिहारी के अरशद जमील, और गोरखपुर के अभिषेक विवेक अपने परिवार के साथ शामिल थे।

पर्यटकों को जंगल सफारी के दौरान भालू का दीदार हुआ, जिससे सभी काफी रोमांचित हुए। मोतिहारी से आए पर्यटक अरशद जमील ने बताया कि वाल्मीकिनगर में उनकी यह पहली यात्रा है, और उन्होंने भालू, सांभर, हिरण, मोर सहित अनेक पक्षियों को करीब से देखा।

वहीं, राजन कुमार ने कहा कि वे कई बार जंगल सफारी कर चुके हैं, लेकिन पहली बार भालू को इतने करीब से देखने का मौका मिला, जिससे वे बेहद खुश हैं।

वन संरक्षक डॉ. नेशामणि ने बताया कि जानवरों के प्रजनन एवं मानसून सीजन को देखते हुए चार महीने तक जंगल सफारी को बंद रखा गया था। अब इस सत्र की शुरूआत के साथ ही वन विभाग प्राइवेट जीपों को जंगल सफारी चलाने की अनुमति देगा। इच्छुक स्थानीय लोग वन विभाग से संपर्क कर अपनी अनुमति सुनिश्चित कर सकते हैं।

वाल्मीकिनगर, जो भारत-नेपाल सीमा पर स्थित है, महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली के रूप में प्रसिद्ध है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। नारायणी-गंडकी नदी की कल-कल बहती धारा, नेपाल के ऊंचे पहाड़, और घने जंगल इस क्षेत्र की प्रमुख विशेषताएं हैं।टाइगर रिजर्व के जंगलों में बाघ, गैंडा, भालू, हिरण सहित अनेक मांसाहारी और शाकाहारी जीव जंतु तथा विविध प्रकार के पक्षी निवास करते हैं, जिनका दीदार जंगल सफारी के दौरान पर्यटक कर पाते हैं।

वन क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि का आश्रम तथा प्राचीन काल के कालेश्वर मंदिर, जटाशंकर मंदिर, नरदेवी मंदिर प्रमुख धार्मिक स्थल हैं, जहां पर्यटक श्रद्धा से दर्शन करते हैं। इसके अलावा यहां कैनोपी वॉक और गंडक नदी में राफ्टिंग का भी मजा लिया जा सकता है, जो साहसिक पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं।


वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व न केवल वन्यजीवन संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि पर्यटकों के लिए एक प्राकृतिक और सांस्कृतिक अनुभव का अद्भुत केंद्र भी है, जहां हर आने वाला जंगल की सुंदरता और यहां के जीव-जंतुओं के करीब होने का सुखद अनुभव लेकर लौटता है।

## साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त, रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिक उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए जनता दरबार में पेंशन,राशन कार्ड, आवास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव है, उनका निपटारा नियमानुसार ढंग से तुरंत किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

# भाजपा के झंडे में लिपटकर विदा हुए इन्द्र कुमार झा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा के पूर्व बोकारो महानगर अध्यक्ष, मैथिली कला मंच कालीपूजा ट्रस्ट के पूर्व महासचिव एवं मिथिला सांस्कृतिक परिषद के सक्रिय सदस्य रहे वरिष्ठ समाजसेवी इन्द्र कुमार झा (57) शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। चास स्थित गरगा श्मशान घाट पर उन्हें हजारों लोगों ने परिजनों की कारुणिक चीत्कार और उनके हृदयविदारक क्रंदन के बीच श्री झा को अश्रुपूरित अंतिम विदाई दी। उनके बड़े पुत्र अमित कुमार झा ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस मौके पर हर कोई मर्माहत दिखा। किसी को यकीन ही नहीं हो रहा था कि अपनी जिंदादिली और खुशमिजाजी से सबको खुश रखने वाले इन्द्र कुमार झा अचानक यूं सबको रुलाकर हमेशा के लिए चले जाएंगे। सभी ने ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।

इसके पूर्व, सेक्टर-2 स्थित उनके आवास से उनकी अंतिम यात्रा निकली, जिसमें भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों के साथ-साथ मिथिला समाज सहित विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

भाई अविनाश और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

इन्द्र कुमार अपने पीछे बुजुर्ग मां, छोटे भाई अविनाश कुमार झा अवि, पत्नी, दो बेटों, बहू सहित भरापूरा परिवार बिलखता छोड़ गए। विदित हो कि श्री झा कुछ समय से बीमार चल रहे थे। गुरुवार सुबह अचानक उनकी तबीयत काफी खराब हो गई। बोकारो जनरल अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। उनके आवास पर लगातार शोक संवेदना जताने वालों का तांता लगा हुआ है।

पूर्व रेलवे
निविदा रद्द
ई-निविदा सं. 158_2025-26, दिनांक: 23.10.2025, वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व में प्रकाशित, जो कि कुछ तकनीकी कारणों से रद्द कर दी गई है।
(HWH-359/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# खादी मॉल में दिख रहा छठ की परंपरा और स्वदेशी संस्कृति का संगम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** छठ महापर्व के अवसर पर बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित खादी मॉल, पटना इन दिनों पारंपरिकता और स्वदेशी संस्कृति के सुंदर संगम में तब्दील हो गया है। मॉल को पूरी तरह छठ पर्व की थीम पर सजाया गया है जहां मिट्टी के चूल्हे, सूप, दौरा, दगरा, लहठी और पूजन सामग्री जैसी पारंपरिक वस्तुएं उपलब्ध हैं। व्रतियों की सुविधा के लिए खादी साड़ियों पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बी. कार्तिकेय धनजी ने बताया कि छठ को ध्यान में रखते हुए व्रतियों और उपभोक्ताओं के लिए सभी उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं मॉल प्रबंधक रमेश चौधरी के अनुसार इस वर्ष सभी वस्तुएं स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों द्वारा तैयार की गई हैं। ताकि ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा और रोजगार के अवसर मिल सके। मॉल में इस अवसर पर पारंपरिक संगीत, लोक सजावट और छठ पूजा का माहौल तैयार किया गया है जिससे आगंतुकों को बिहार की सोंधी लोक संस्कृति का अनुभव हो रहा है। खादी मॉल, पूर्वी गांधी मैदान, पटना में चल रही यह प्रदर्शनी न केवल खरीदारी का अवसर दे रही है, बल्कि आत्मनिर्भर और स्वदेशी भारत की भावना को भी सशक्त बना रही है।

# महाप्रबंधक ने स्टेशनों का निरीक्षण कर छठ पर्व पर की गयी तैयारियों का लिया जायजा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने प्रमुख स्टेशनों का निरीक्षण कर छठ महापर्व को लेकर यात्री सुविधा/सुरक्षा के मद्देनजर की गयी तैयारियों का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने छठ पर्व में यात्रियों की सुविधा हेतु खगड़िया, सहरसा आदि स्टेशनों पर बनाए गए होल्डिंग एरिया का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने छठ पर्व पर भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा/सुरक्षा सहित सभी प्रकार की तैयारियों की समीक्षा की तथा ट्रेनों एवं स्टेशनों पर आवश्यक सुविधाओं की निरंतरता को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा दीघा हॉल्ट स्टेशन से खगड़िया तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने इस रेल मार्ग में पड़नेवाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति हमेशा चौकसी बरतने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा सहित मुख्यालय एवं मंडलों के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# महुआ में दांव पर लगा है तेज प्रताप का राजनीतिक करियर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की सियासत में एक बार फिर तेज प्रताप यादव सुर्खियों में हैं। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के बड़े पुत्र तेज प्रताप इस बार अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल के टिकट पर वैशाली जिले की महुआ विधानसभा सीट से मैदान में उतर रहे हैं। यही वह सीट है जहां से उन्होंने 2015 में अपनी राजनीतिक पारी की धमाकेदार शुरूआत की थी। महुआ सीट तेज प्रताप के लिए केवल एक चुनावी क्षेत्र नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक करियर का प्रतीक बन चुकी है। यही से उन्होंने अपनी सियासी पहचान बनाई थी और अब वे अपने पुराने गढ़ को दोबारा फतह करने की कोशिश में हैं। तेज प्रताप के सामने दोहरी चुनौती है – एक तरफ अपनी राजनीतिक 'हैट्रिक' पूरी करने की और दूसरी ओर राजद से निष्कासन के बाद खुद को एक स्वतंत्र नेता के रूप में साबित करने की। अब देखना यह है कि महुआ की सियासी पिच पर तेज प्रताप अपना 'तेज' फिर से दिखा पाते हैं या इस बार मुकाबले की गर्मी में फीके पड़ जाते हैं। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में तेज प्रताप ने राजद उम्मीदवार के रूप में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रत्याशी रवीन्द्र राय को 28,155 मतों से हराकर पहली बार विधानसभा पहुंचे थे। इसके बाद नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी महागठबंधन सरकार में उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में तेज प्रताप ने महुआ की जगह समस्तीपुर जिले की हसनपुर सीट से किस्मत आजमाई। इस चुनाव में उन्होंने जदयू प्रत्याशी और पूर्व विधायक राजकुमार राय को 21,139 मतों के अंतर से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। नीतीश कुमार के जुलाई 2022 में एनडीए से अलग होकर महागठबंधन में लौटने के बाद तेज प्रताप को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री बनाया गया। लेकिन इस साल मई में एक महिला के साथ उनकी तस्वीर और वीडियो वायरल होने के बाद राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने उन्हें पार्टी और परिवार दोनों से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद तेज प्रताप ने अपनी नई राजनीतिक पार्टी जनशक्ति जनता दल का गठन किया। अब 2025 के विधानसभा चुनाव में तेज प्रताप एक बार फिर महुआ से चुनावी समर में हैं। इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प माना जा रहा है। उनके सामने राजद के मौजूदा विधायक मुकेश रोशन और एनडीए के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रत्याशी संजय कुमार सिंह जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी हैं।

# छठ गीतों के साथ दिया स्वच्छता का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** नगर निगम द्वारा छठ एवं दीपावली के पावन अवसर पर गंगा नदी के एनआइटी घाट पर स्वच्छता जागरूकता रंगोली एवं दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के पारंपरिक गीतों की शानदार प्रस्तुति करते हुए पटना के सभी लोगों को स्वच्छ आदतों के प्रति सजग रहने तथा जिला एवं सूखा कचरा को अलग-अलग रखकर पटना नगर निगम की सफाई गाड़ी को देने के संबंध में जागरूक किया। लोक आस्था के महापर्व छठ को समीप बताते हुए नीतू नवगीत ने कहा कि छठ प्रकृति की पूजा के साथ-साथ स्वच्छता का भी महापर्व है। इस अवसर पर उन्होंने अनेक छठ गीतों की भी प्रस्तुति दी जिसमें मंगीला हम वरदान हे गंगा मइया, छठी माई के करब हम बरतिया, कांच ही बांस के बहंगिया, केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव, पहिले पहिल हम कईनी छठ के बरतिया, पटना के घाट पर हमहूं अरगिया देहब हे छठी मैया, कौने खेत जन्मल धान सुधान हो जैसे गीत शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रिया सौरभ ने किया जबकि बिहार की प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ ममता मेहरोत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम में सबसे पहले महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र की प्रस्तुति हुई और उसके बाद अयि गिरि नंदिनी नंदित मेदिनी गीत प्रस्तुत किया गया। संगत कलाकार में राजेश केसरी ने मुख्य भूमिका निभाई। विकास कुमार कैसियो पर, पैड पर अभिषेक कुमार और ढोलक पर अमरनाथ ने भी छठ के पारंपरिक वातावरण को बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

# भाजपा कुम्हरार प्रत्याशी संजय गुप्ता ने किया जनसंपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के कुम्हरार विधानसभा प्रत्याशी संजय गुप्ता ने अपने क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने संदलपुर, धनुकी मोड़, अलका कॉलोनी, वाचस्पति नगर, कुम्हरार गुमटी एवं गंगा घाट के किनारे बेस विभिन्न मोहल्लों व आसपास के इलाकों में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की तथा भाजपा और एनडीए सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। जनसंपर्क के दौरान संजय गुप्ता ने क्षेत्र के विकास के लिए एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने जनता से विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के शेष बचे हुए कार्यों को पूरा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कुम्हरार विधानसभा का चहुंमुखी विकास ही उनका लक्ष्य है और जनता के सहयोग से वे इस दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने संजय गुप्ता का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# 21वीं सदी की चुनौतियों को अवसर में बदल रहे हैं कायस्थ : राजीव रंजन प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा के अवसर पर पटना में आयोजित विभिन्न पूजा स्थलों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और कायस्थ समाज को एकता, शिक्षा और संगठन के माध्यम से आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों को अवसर में बदल रहा है और आज का समय प्रतिस्पर्धा का है जिसमें सशक्त होकर ही समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया जा सकता है। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की आराधना केवल धार्मिक परंपरा नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक चेतना है जो न्याय, ज्ञान और कर्म की भावना से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि कायस्थ समुदाय ऐतिहासिक रूप से प्रशासन, शिक्षा, कला और पत्रकारिता के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और आज भी यह समाज अपने योगदान से देश के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि तकनीक, शिक्षा और आर्थिक विकास के इस दौर में कायस्थ युवाओं को डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने यह संदेश दिया कि अब समय केवल अपनी परंपराओं का सम्मान करने का ही नहीं है, बल्कि उन्हें आधुनिक मूल्यों के साथ जोड़ने का भी है। इस अवसर पर उन्होंने पटना के विभिन्न चित्रगुप्त पूजा पंडालों अशोक नगर चित्रगुप्त पूजा समिति, मनोकामना मंदिर, इंदिरा नगर, हनुमान नगर, लोहानीपुर, दरियापुरगोला, कदमकुआं, रुकुनपुरा, बेउर, ठाकुरबाड़ी, चित्रगुप्त समाज अनिसाबाद, आशियाना नगर, श्रीकृष्णा नगर और किदवईपुरी में जाकर श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दी। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि जीकेसी का उद्देश्य कायस्थ समाज को एक वैश्विक मंच प्रदान करना है ताकि समाज के बौद्धिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए योजनाबद्ध कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित होगा, तभी वह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में प्रभावी योगदान दे सकेगा। इस अवसर पर जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक, राष्ट्रीय समन्वयक सह जिला महासचिव धनंजय प्रसाद, अनिल दास, नम्रता आनंद, अतुल श्रीवास्तव, राहुल मणि, रविंद्र किशोर और प्रसून प्रकाश भी उपस्थित थे। सभी ने कायस्थ समाज की एकता और प्रगति के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त केवल कायस्थों के आराध्य देवता नहीं है, बल्कि न्याय और सत्य के प्रतीक हैं जिनकी शिक्षा समाज में पारदर्शिता और समानता की भावना जगाती हैं। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी एक स्वर में कहा कि वे शिक्षा, सेवा और सद्भाव के माध्यम से कायस्थ समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देंगे। राजीव रंजन प्रसाद के इस प्रेरक संदेश ने यह स्पष्ट किया है कि इक्कीसवीं सदी का कायस्थ केवल परंपरा का संरक्षक नहीं है, बल्कि परिवर्तन का वाहक भी है जो चुनौतियों को अवसर में बदलकर समाज और राष्ट्र दोनों के विकास में अपनी भूमिका निभा रहा है।

# रेलवे स्टेशन पर गूंजने लगे छठ के गीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मंगीला हम वरदान हे गंगा मइया, छठी माई के करब हम वरतिया, कांच ही बांस के बहंगिया, केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव, पहिले पहिल हम कईनी छठ के बरतिया, पटना के घाट पर हमहूं अरगिया देहब हे छठी मैया, कौने खेत जन्मल धान सुधान हो- जैसे प्रसिद्ध छठ पूजा के गीत 30 से अधिक रेलवे स्टेशनों की उद्घोषणा प्रणालियों से गूंज रहे हैं, जो न केवल यात्रियों के मन को छूने वाला अनुभव बन रहा है, बल्कि उन्हें बिहार की सोंधी संस्कृति से भी जोड़ रहा है। इस वर्ष भारतीय रेल ने छठ के इस अवसर को और भी खास बना दिया है। विशेषकर महिला यात्रियों को इन गीतों को गुनगुनाते हुए भी देखा जा सकता है। भारतीय रेल ने इस प्रकार का प्रयोग पहली बार किया है। हर साल छठ पूजा के दौरान लाखों की संख्या में बिहार और उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में लोग अपने घरों की ओर लौटते हैं। अपने परिवार संग छठ पूजा मनाने जाने वाले लोगों के लिए इस वर्ष भारतीय रेल ने 12000 से अधिक विशेष ट्रेनों तथा हजारों नियमित ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों को उनके घर शहर पहुंचने का जिम्मा लिया है और सफलतापूर्वक अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करते हुए यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया है, लेकिन स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से छठ के गीतों के साथ यात्रियों का स्वागत शायद पहली बार हो रहा है। यह कोशिश अपने आप में विशिष्ट है और दूर दराज से आने वाले यात्रियों को बिहार की सोंधी संस्कृति से जोड़ रही है। कोलकाता नई दिल्ली, दिल्ली आनंद विहार आसनसोल गोरखपुर रांची, पटना दानापुर राजेंद्र नगर पाटलिपुत्र आरा बक्सर हाजीपुर सोनपुर मुजफ्फरपुर समस्तीपुर सहरसा जमालपुर मुंगेर कटिहार नरकटियागंज मोतिहारी 30 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर छठ के गीत बजाए जा रहे हैं। रेलवे इस प्रयोग से छठ पूजा के लिए जा रहे यात्री विशेष कर महिला यात्री खुशी व्यक्त कर रही हैं। लोक आस्था का महान पर्व छठ लोकगीतों के बिना अधूरा है। छठ घाटों की ओर जाने वाली महिलाएं समूह में छठ के गीत गाते चलती हैं और छठी मैया से अपने, परिवार, समाज और देश के लिए आशीष मांगती हैं। दूर दराज से ट्रेन पकड़कर आ रहे यात्रियों की ट्रेन जब उनके रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो यात्रियों को छठ के गीत सुनाई पड़ने लगे।

# भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय ने किया 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान का सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान का सफल आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया गया। इस वर्ष अभियान की थीम 'स्वच्छोत्सव' रखी गई जिसके अंतर्गत कार्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन बड़े पैमाने पर किया गया। अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर 2025 को क्षेत्रीय महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) द्वारा 'स्वच्छता शपथ' के साथ किया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि स्वच्छता को केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन एवं राष्ट्रीय कर्तव्य के रूप में अपनाया जाए। 18 सितंबर 2025 को सफाई कर्मियों एवं कर्मचारियों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी को स्वास्थ्य, स्वच्छता और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाने हेतु 23 सितंबर 2025 को नुक्कड़ नाटक का आयोजन न्यू डाक बंगला रोड, पटना में किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के महत्व एवं सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया गया। 25 सितंबर 2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गांधी मैदान, पटना में सार्वजनिक सफाई अभियान चलाया गया जिसमें सभी ने श्रमदान करते हुए स्वच्छ परिवेश के लिए संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त 29 सितंबर 2025 को 'सफाई मित्रों' के लिए जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उन्हें स्वच्छता संबंधी नियमों की जानकारी दी गई तथा उनके निरंतर योगदान की सराहना करते हुए उपहार प्रदान किए गए। पूरे अभियान के दौरान रिड्यूस रियूज्ड और रिसाइक्ल की अवधारणा को प्रोत्साहित किया गया तथा उपेक्षित स्थलों की पहचान कर उनकी सफाई की गई जिससे कार्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित हो सका। 2 अक्टूबर 2025 को गांधी जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान का समापन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बापू के स्वच्छता संदेश को आत्मसात करने और स्वच्छ भारत के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लिया।

# नई दिशा परिवार ने सामूहिक छठ व्रत में भाग लेने वाली महिलाओं का किया अभिनंदन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना सिटी।** सामाजिक - सांस्कृतिक संस्था नई दिशा परिवार के तत्वावधान में गिरिराज उत्सव पैलेस में ' 51 महिलाओं का सामूहिक छठ व्रत में भाग लेने वाली महिलाओं का अभिनंदन किया गया। उनके पांव की छाप वस्त्र पर उकेरी गई। उन्हें चुनरी देकर सम्मानित किया गया और उपस्थित समुदाय ने उनके चरण स्पर्श कर आशीष प्राप्त किये। समारोह में महापौर सीता साहू, विजय शंकर गिरि, डॉ. अनिल सूलभ, कमलनयन श्रीवास्तव, राजेश बल्लभ (मुन्ना यादव), राजेश राज, शशि शेखर रस्तोगी रीता रस्तोगी, डॉ. आनिल कुमार, विमल मेहता, चम्पा विद्यार्थी(अमेरिका), प्रमोद सानू, सौम्या परियदर्शी, शिव प्रसाद मोदी, मनोज गुप्ता आदि शामिल हुए। इस उवसर पर छठ गीतों की प्रस्तुतियां सराही गई।

# अनुदेशों के ससमय एवं समुचित अनुपालन पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिला परिषद गया के सभागार में बिहार विधान आम सभा निर्वाचन, 2025 के संबंध में गया जी जिलान्तर्गत सभी विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचन में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थी एवं प्राधिकृत अभिकर्ता के साथ एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता शशांक शुभांकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- डीएम द्वारा की गई। बैठक में मानसी सिंह, व्यय प्रेक्षक, विनय कुमार, नोडल पदाधिकारी-सह-राज्य-कर अपर आयुक्त, गया अंचल-1 गया, अभ्यर्थी व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग में प्रतिनियुक्त अन्य पदाधिकारी तथा निर्वाचन में भाग लेने अभ्यर्थी एवं उनके प्राधिकृत अभिकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में डीएम द्वारा अभ्यर्थियों को निर्वाचन आयोग के चुनाव व्यय से संबंधित अनुदेशों का अक्षरसः पालन किये जाने का अनुरोध किया गया तथा किसी प्रकार की कठिनाई के संबंध में समस्या के त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया गया। बैठक में व्यय प्रेक्षक मानसी सिंह द्वारा अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए निर्वाचन आयोग के चुनाव व्यय से संबंधित अनुदेशो के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई तथा अनुदेशों के ससमय एवं समुचित अनुपालन पर जोर दिया गया। निर्वाचन में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों के सारसंग्रह के अनुसार प्रत्येक अभ्यर्थी को दैनिक निर्वाचन के लेखा का संधारण तथा प्रचार अवधि के दौरान कम से कम तीन बार निजी रूप से अपने निर्वाचन एजेंट के माध्यम से या अपने द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यय प्रेक्षक/निरीक्षण के लिए पदाभिहित अधिकारी के सम्मुख रजिस्टर प्रस्तुत करने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही लेखा जांच हेतु निर्धारित तिथि के बारे में अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। विधान सभा क्षेत्र- 225-गुरूआ, 226-शेरघाटी, 227-इमामगंज, 228-बाराचट्टी एवं 231-टेकारी के लिये प्रथम लेखा जाँच की तिथि -31.10.2025, द्वितीय लेखा जाँच की तिथि -04.11.2025 एवं तृतीय लेखा जांच की तिथि -08.11.2025 तथा विधान सभा क्षेत्र- 229-बोधगया, 230-गया सदर, 232-बेलागंज, 233-अतरी एवं 234-वजीरगंज के लिये प्रथम लेखा जांच की तिथि - 01.11.2025, द्वितीय लेखा जांच की तिथि -05.11.2025 एवं तृतीय लेखा जांच की तिथि -09.11.2025 के संबंध में सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया गया।



# त्योहारों में यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे की खास पहल

## 12075 विशेष ट्रेनें



| रेलगाड़ी सं. | स्टेशन | | तिथियाँ | | आवृत्ति | चलने के दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | से | तक | से | तक | | |
| 02251 | पटना | नई दिल्ली | 11.08.25 | 16.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | मंगल, वीर, रवि |
| 02252 | नई दिल्ली | पटना | 11.08.25 | 16.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | सोम, बुध, शनि |
| 02253 | पटना | नई दिल्ली | 11.08.25 | 16.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | सोम, बुध, शनि |
| 02254 | नई दिल्ली | पटना | 11.08.25 | 16.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | मंगल, वीर, रवि |
| 08439 | पुरी | पटना जं. | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08440 | पटना जं. | पुरी | 14.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 02811 | भुवनेश्वर | यशवन्तपुर जं. | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 02812 | यशवन्तपुर जं. | भुवनेश्वर | 15.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08581 | विशाखापत्तनम | एसएमवीटी बेंगलुरु | 14.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08582 | एसएमवीटी बेंगलुरु | विशाखापत्तनम | 15.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08547 | विशाखापत्तनम | तिरुपति | 12.09.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 08548 | तिरुपति | विशाखापत्तनम | 13.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 08579 | विशाखापत्तनम | चर्लपल्ली | 12.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 08580 | चर्लपल्ली | विशाखापत्तनम | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03230 | पटना जं. | पुरी | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 03229 | पुरी | पटना जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03208 | बक्सर | क्यूल | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03207 | क्यूल | बक्सर | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03209 | झाझा | दानापुर | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03210 | दानापुर | झाझा | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 05297 | पाटलिपुत्र | बलिया | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 05298 | बलिया | पाटलिपुत्र | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03215 | पटना जं. | थावे जं. | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03216 | थावे जं. | पटना जं. | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03677 | धनबाद जं | गोरखपुर जं. | 21.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03678 | गोरखपुर जं | धनबाद जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 03043 | हावड़ा जं. | रक्सौल जं. | 27.09.25 | 15.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03044 | रक्सौल जं. | हावड़ा जं. | 28.09.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03511 | आसनसोल जं. | पटना जं | 19.10.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03512 | पटना जं. | आसनसोल जं. | 19.10.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03131 | सियालदह | गोरखपुर जं. | 30.09.25 | 18.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | मंगलवार, गुरुवार |
| 03132 | गोरखपुर जं | सियालदह | 01.10.25 | 19.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | बुधवार, शुक्रवार |
| 03527 | आसनसोल जं. | गोरखपुर जं. | 26.09.25 | 07.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03528 | गोरखपुर जं. | आसनसोल जं. | 27.09.25 | 08.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03007 | हावड़ा जं. | खातीपुरा | 28.09.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03008 | खातीपुरा | हावड़ा जं. | 30.09.25 | 04.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03109 | कोलकाता टर्मिनल | वडोदरा जं. | 30.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03110 | वडोदरा जं. | कोलकाता टर्मिनल | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 03417 | मालदा टाउन | उधना जं. | 27.09.25 | 08.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03418 | उधना जं. | मालदा टाउन | 29.09.25 | 10.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 03187 | कोलकाता टर्मिनल | मधुबनी | 30.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03188 | मधुबनी | कोलकाता टर्मिनल | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 03465 | मालदा टाउन | दीघा | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03466 | दीघा | मालदा टाउन | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03101 | सियालदह | मालतीपाटपुर | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03102 | मालतीपाटपुर | सियालदह | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03135 | सियालदह | पटना जं. | 05.10.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03136 | पटना जं. | सियालदह | 05.10.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03430 | मालदा टाउन | चर्लपल्ली | 30.09.25 | 11.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03429 | चर्लपल्ली | मालदा टाउन | 02.10.25 | 13.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 04131 | कानपुर सेंट्रल | एसएमवीटी बेंगलुरु | 21.09.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 04132 | एसएमवीटी बेंगलुरु | कानपुर सेंट्रल | 24.09.25 | 12.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07019 | जयपुर जं. | हैदराबाद | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07020 | हैदराबाद | जयपुर जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07029 | अगरतला | चर्लपल्ली | 22.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07030 | चर्लपल्ली | अगरतला | 26.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07053 | काचीगुडा | बीकानेर जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07054 | बीकानेर जं. | काचीगुडा | 23.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 07075 | हैदराबाद | गोरखपुर जं. | 22.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07076 | गोरखपुर जं. | हैदराबाद | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07193 | हैदराबाद | कोल्लम जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07194 | कोल्लम जं. | हैदराबाद | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07230 | हैदराबाद | कन्याकुमारी | 24.09.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07229 | कन्याकुमारी | हैदराबाद | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07651 | जालना | छपरा | 27.08.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07652 | छपरा | जालना | 29.08.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07153 | नरसापुर | एसएमवीटी बेंगलुरु | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07154 | एसएमवीटी बेंगलुरु | नरसापुर | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07005 | चर्लपल्ली | रक्सौल जं. | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07006 | रक्सौल जं. | चर्लपल्ली | 09.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 07717 | तिरुपति | हिसार | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07718 | हिसार | तिरुपति | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07017 | चर्लपल्ली | तिरुपति | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07018 | तिरुपति | चर्लपल्ली | 29.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07131 | तिरुपति | नरसापुर | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07132 | नरसापुर | तिरुपति | 29.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07233 | चर्लपल्ली | नरसापुर | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07234 | नरसापुर | चर्लपल्ली | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07445 | काकीनाडा टाउन | लिंगमपल्ली | 22.09.25 | 24.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | सोम, बुध, शुक्र |
| 07446 | लिंगमपल्ली | काकीनाडा टाउन | 27.09.25 | 29.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | मंगल, गुरु, शनि |
| 07447 | काकीनाडा टाउन | चर्लपल्ली | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07448 | चर्लपल्ली | काकीनाडा टाउन | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07605 | तिरुपति | अकोला जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07606 | अकोला जं. | तिरुपति | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07609 | जालना | तिरुपति | 23.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07610 | तिरुपति | जालना | 24.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 07521 | कड़पा | गुंतकल जं. | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07522 | गुंतकल जं. | कड़पा | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07057 | पूर्णा जं. | जालना | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07058 | जालना | पूर्णा जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 07281 | पूर्णा जं. | जालना | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07282 | जालना | नांदेड़ | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07046 | चर्लपल्ली | नाहरलगुन | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07047 | नाहरलगुन | चर्लपल्ली | 23.09.25 | 02.12.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 08611 | संतरागाछी जं. | अजमेर जं. | 22.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08612 | अजमेर जं. | संतरागाछी जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 02863 | संतरागाछी जं. | यशवन्तपुर जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 02864 | यशवन्तपुर जं. | संतरागाछी जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08109 | संतरागाछी जं. | पटना जं. | 18.10.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08110 | पटना जं. | संतरागाछी जं. | 19.10.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08629 | रांची | गोरखपुर जं. | 18.10.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08630 | गोरखपुर जं | रांची | 19.10.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 06085 | एर्नाकुलम जं. | पटना जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 06086 | पटना जं. | एर्नाकुलम जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 06055 | पोत्तनूर जं. | बरौनी जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 06056 | बरौनी जं. | पोत्तनूर जं. | 09.09.25 | 02.12.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 06063 | कोयंबटूर जं. | धनबाद जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 06064 | धनबाद जं. | कोयंबटूर जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 01667 | रानी कमलापति | दानापुर | 27.09.25 | 01.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | शनिवार, मंगल |
| 01668 | दानापुर | रानी कमलापति | 28.09.25 | 02.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध |
| 01701 | जबलपुर | दानापुर | 26.09.25 | 05.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शुक्र |
| 01702 | दानापुर | जबलपुर | 27.09.25 | 06.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, शनिवार |
| 09821 | सोगरिया | दानापुर | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09822 | दानापुर | सोगरिया | 29.09.25 | 03.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 02192 | रीवा | रानी कमलापति | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 02191 | रानी कमलापति | रीवा | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 01704 | रीवा | डॉ. अम्बेडकर नगर | 27.09.25 | 25.10.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 01703 | डॉ. अम्बेडकर नगर | रीवा | 28.09.25 | 26.10.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09059 | उधना जं. | खोरधा रोड जं. | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 09060 | खोरधा रोड जं. | उधना जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09025 | वलसाड | दानापुर | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09026 | दानापुर | वलसाड | 07.10.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 09045 | उधना जं. | पटना जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09046 | पटना जं. | उधना जं. | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09007 | वलसाड | खातीपुरा | 02.10.25 | 30.10.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09008 | खातीपुरा | वलसाड | 03.10.25 | 31.10.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09031 | उधना जं. | जयनगर | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09032 | जयनगर | उधना जं. | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09343 | डॉ. अम्बेडकर नगर | पटना जं. | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09344 | पटना जं. | डॉ. अम्बेडकर नगर | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09195 | वडोदरा जं. | मऊ | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09196 | मऊ | वडोदरा जं. | 07.10.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस | बढ़नी | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09044 | बढ़नी | बांद्रा टर्मिनस | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09117 | उधना जं. | सूबेदारगंज | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09118 | सूबेदारगंज | उधना जं. | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09075 | मुंबई सेंट्रल | काठगोदाम | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 09076 | काठगोदाम | मुंबई सेंट्रल | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09185 | मुंबई सेंट्रल | कानपुर अनवरगंज | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09186 | कानपुर अनवरगंज | मुंबई सेंट्रल | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09039 | उधना जं. | धनबाद जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09040 | धनबाद जं. | उधना जं. | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |

## पूजा स्पेशल गाड़ियों का राज्यवार विवरण

| राज्य | गाड़ियों की संख्या |
|---|---|
| बिहार | 2220 |
| आंध्र | 382 |
| अरुणाचल | 16 |
| असम | 80 |
| चंडीगढ़ | 30 |
| छत्तीसगढ़ | 60 |
| दिल्ली | 1098 |
| गोवा | 61 |
| गुजरात | 839 |
| हरियाणा | 344 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 99 |
| झारखण्ड | 244 |
| कर्नाटक | 528 |
| केरल | 257 |
| मध्य प्रदेश | 150 |
| महाराष्ट्र | 2190 |
| ओडिशा | 139 |
| पंजाब | 59 |
| राजस्थान | 961 |
| तमिलनाडु | 281 |
| तेलंगाना | 307 |
| त्रिपुरा | 90 |
| उत्तर प्रदेश | 1170 |
| उत्तराखंड | 115 |
| पश्चिम बंगाल | 355 |
| कुल | 12075 |

भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinIndia

## संपादकीय

# ट्रंप के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए सड़कों पर क्यों उतरे लाखों अमेरिकी?

सत्ता में दूसरी बार वापसी के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कई फैसलों का जहां पूरी दुनिया में दबी जुबान से विरोध हुआ, वहीं अब वहां के लोग भी मुखर हो रहे हैं। देश के कई राजनीतिक पहले से ही राष्ट्रपति से नाराज दिख रहे थे। पिछले दिनों कई शहरों में ट्रंप के खिलाफ करीब सत्तर लाख अमेरिकी नागरिक सड़कों पर उतर आए। उनका दावा था कि ट्रंप प्रशासन अधिनायकवादी रुख अख्तियार कर रहा है। राष्ट्रपति के कई विवादित फैसलों से न केवल कई देशों के, बल्कि खुद अमेरिका के लाखों नागरिक प्रभावित हुए हैं।प्रदर्शन में शामिल लोगों ने ये नारे लगाए कि विरोध करने से अधिक देशभक्ति कुछ नहीं। ट्रंप के आलोचकों का तो यहां तक कहना है कि राष्ट्रपति के कुछ कदम अमेरिका के लोकतंत्र के लिए न केवल खतरा हैं, बल्कि पूरी तरह असंवैधानिक भी हैं।

ट्रंप का न सिर्फ अमेरिका में विरोध हुआ है, बल्कि यूरोप में भी उनके खिलाफ प्रदर्शन हुए। अमेरिका के हित में कदम उठाने और नीतियां बनाने के तमाम दावों के बावजूद लोग ट्रंप के फैसलों को सवालों के कठघरे में खड़ा कर रहे हैं।कायदे से देखा जाए तो अमेरिकी लोगों के बीच फैले इस आक्रोश का संदेश बहुत बड़ा है। अमेरिका में हुए हालिया सर्वे में राष्ट्रपति ट्रंप को लेकर नागरिकों के बीच एकराय नहीं हैं। महज चालीस फीसद लोगों ने ही उनके कामकाज के प्रति समर्थन जताया है। जबकि अट्ठावन फीसद लोग राष्ट्रपति से असहमत हैं।दरअसल, स्वास्थ्य सेवाओं में कटौती, कई अमेरिकी शहरों में राष्ट्रीय गार्ड की तैनाती, सख्त आप्रवासन नीति, कई देशों पर भारी-भरकम शुल्क थोपने और अरबपतियों की मदद करने से भी वहां के लोग खासे नाराज हैं। उनको लगने लगा है कि ट्रंप के कार्यकाल में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला हो रहा है। अब राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ अभियान का नाम ही 'नो किंग्स' रखा गया है। ऐसा लगता है कि लोकतंत्र के पक्ष में आवाज उठाने वाले अमेरिकी लोग 'राजा' जैसा बर्ताव कर रहे राष्ट्रपति को स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं।

**2025 वैश्विक भूख सूचकांक यानि जीएचआई-2025 से पता चलता है कि भूख पर वैश्विक प्रगति रुक गई है। दुनिया के 42 देशों में भूख का स्तर गंभीर या चिंताजनक है, तो यह पूरी दुनिया को सोचना है कि इससे कौन-कौन सी और बाधाएं हमारे सामने अपना सिर उठाकर खड़ी होने वाली हैं। गहरी जड़ें जमाई हुई ग़रीबी, सामाजिक असमानता, भोजन एवं संसाधनों तक पहुँच को सीमित करती हैं। विशेषतया ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों में दीर्घकालिक भूख की समस्या बनी रहती है। भारत में खुद भूख एक समस्या आज भी है चाहे इसे स्वीकार किया जाए या न किया जाए। यदि नहीं स्वीकार किया जा रहा है तो इसका मतलब हम सच का सामना करने के लिए तैयार नहीं हैं।**



# रणनीतिविहीन विश्व में भूख की चुनौती

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

सतत विकास लक्ष्य-2030 के प्रमुख लक्ष्यों में एसडीजी-2 शून्य भूख के लिए हैं। इस लक्ष्य का आशय है कि 2030 तक पूरी दुनिया से भुखमरी को समाप्त करना है। सभी के लिए सुरक्षित, पौष्टिक और पर्याप्त भोजन सुनिश्चित करना है। कुपोषण के सभी संभावनाओं को समाप्त करना है और टिकाऊ कृषि-संस्कृति को बढ़ावा देकर स्वस्थ व समृद्ध मानव बिरादरी बनाना है। इस सबके लिए टिकाऊ खाद्य उत्पादन प्रणालियों को लागू करने का प्रयास करना है। छोटे, सीमांत पैमाने के किसानों की भी उत्पादकता और आय बढ़ाकर उनके सम्मान का बोध कराना है। संयुक्त राष्ट्र का खुद कहना है कि दुनिया की आबादी के आठ प्रतिशत से अधिक हिस्से यानि 67 करोड़ से अधिक लोगों को पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध नहीं है और वे भूखे पेट रहने के लिए मजबूर हैं। ये आंकड़े दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं इसलिए इस लेख को पढ़े जाने तक इसे 70 करोड़ के आंकड़े तक माना जाना चाहिए जो कि भूख के शिकार हैं।

2025 वैश्विक भूख सूचकांक यानि जीएचआई-2025 से पता चलता है कि भूख पर वैश्विक प्रगति रुक गई है। दुनिया के 42 देशों में भूख का स्तर गंभीर या चिंताजनक है, तो यह पूरी दुनिया को सोचना है कि इससे कौन-कौन सी और बाधाएं हमारे सामने अपना सिर उठाकर खड़ी होने वाली हैं। गहरी जड़ें जमाई हुई ग़रीबी, सामाजिक असमानता, भोजन एवं संसाधनों तक पहुँच को सीमित करती हैं। विशेषतया ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों में दीर्घकालिक भूख की समस्या बनी रहती है। भारत में खुद भूख एक समस्या आज भी है चाहे इसे स्वीकार किया जाए या न किया जाए। यदि नहीं स्वीकार किया जा रहा है तो इसका मतलब हम सच का सामना करने के लिए तैयार नहीं हैं। हम 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त अनाज वितरण की बातें बार-बार कर रहे हैं तो भूख से उन्हें अलग करके देखा ही नहीं जा सकता। आखिर क्या कारण है कि हम उन्हें अनाज मुफ़्त में दे रहे हैं? यदि वे सक्षम नागरिक हैं तो उन्हें मुफ़्त का अनाज फिर क्यों दिया जा रहा है? भारत की इस समस्या का समाधान मुफ़्त अनाज वितरण नहीं है। भारत की इस समस्या का समाधान इस योजना को बार-बार बढ़ाते जाना भी नहीं है। देश के लोगों को उद्यमशील बनने हेतु निःसंदेह भारत सरकार ने प्रयास किया। आत्मनिर्भर भारत बनने हेतु स्टार्टअप, लखपति दीदी योजना, मुद्रा योजना और अनेक दूसरे एमएसएमई के तहत चलाई जा रही योजनाओं से प्रयास चल रहे हैं लेकिन यह बड़ा सच है कि देश में 80 करोड़ लोगों को 2014-15 में मुफ़्त अनाज वितरण शुरू किया गया और आज भी 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त अनाज देने की बात सरकार कर रही है। ऐसे में भारत में यह चाहे गरीबी से निपटने की कोशिश मानी जाये या भुखमरी शून्य



करने की बात कही जाए लेकिन समस्या का निदान इसे नहीं माना जा सकता और न ही यह कहा जा सकता है कि हमने एसडीजी के लक्ष्य को हासिल करने में अभूतपूर्व सफलता हासिल कर ली है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने यह स्वीकार किया है कि विश्व भर में, 67.3 करोड़ लोग आज भी हर रात भूखे पेट सोने के लिए मजबूर हैं जबकि हमारे पास भूख का अंत करने और सर्वजन को अच्छा, स्वस्थ भोजन देने के लिए उपकरण, ज्ञान और संसाधन मौजूद हैं। इस बात में यह झूठ है कि सबकुछ मौजूद है और हम अंत भूख का नहीं कर पा रहे हैं। झूठ इसलिए है क्योंकि गुटेरेस भी जानते हैं कि विश्व के बहुत से देशों में युद्ध चल रहा है। बहुत से देशों के लोग प्रत्येक दिन विस्थापित हो रहे हैं। एक बड़ी बात यह है कि गुटेरेस इसके पहले संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी परिषद के उच्चायुक्त रहे हैं। वह जानते हैं की शरणार्थियों को शरणार्थी शिविरों में किस तरह का जीवन जीना पड़ता है और वहां भूखे लोगों को सोना पड़ता है। हमारे मैकेनिज्म को लेकर जो सवाल है वह सही है इस पर एंतोनियो गुटेरेश को ज्यादा जोर देना चाहिए और इसके निदान की अपील उनकी ओर से होनी चाहिए। अपील उन्होंने समय-समय पर किया है जैसा मैं उनको पढ़ते रहता हूँ, वहां से पता चलता है लेकिन ठोस उपाय के लिए रणनीति उनके 10 वर्ष के महासचिव कार्यकाल में मूर्तरूप नहीं पा सकी, यह भी एक बड़ा सच है। यह उनके कार्यकाल का 10वां वर्ष है। भूख, भूख और भूख की चर्चा करते हुए एंतोनियो गुटेरेश ने अपने कार्यकाल के इतने वर्ष बिता दिए हैं लेकिन दुःख की बात यह है कि विश्व में कोई बड़ा चमत्कार नहीं देखने को मिला। आज भी एसडीजी-2 का लक्ष्य खुद कितना दूर है, यह वह भलीभांति जानते हैं। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि सतत विकास लक्ष्य से सच में संयुक्त राष्ट्र बहुत दूर है और 2030 तक वह अपने 17 सूत्रीय एजेंडे के किसी भी लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम नहीं है।

विश्व भूख की सचाई है कि कम आय, कमज़ोर बुनियादी ढाँचा और स्थानीय सेवाओं की कमी के कारण, महिलाओं और आदिवासी समेत हाशिए पर मौजूद समुदायों व अन्य लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाते हैं। दो-तिहाई सब-सहारा अफ़्रीका में रहने वाले लोगों के हालात सुनते नहीं बनता। वहां चरम गरीबी व भूख है। सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को मज़बूत करने तथा संकट-केन्द्रित सहायता से आगे बढ़कर ऐसे मॉडल को बढ़ावा देने की बातें की जाती रहीं लेकिन निम्न-आय वाले देश स्वयं समावेशी एवं टिकाऊ खाद्य प्रणालियाँ विकसित कर सकें, यह हो न सका। सेवाभावी चैरिटी करने वाले कॉर्पोरेट जगत के लोग यह ज़रूर प्रचारित करते हैं कि उनका भूख कम करने में अहम् योगदान है लेकिन यदि सब सहारा देशों के लोग भूखों मर रहे हों तो फिर उनकी चैरिटी का असर क्यों नहीं दिख रहा है? यह पहल समुदायों को सशक्त बनाती है ताकि वे भूख से पीड़ित लोगों की संख्या में कमी ला सकें, अपनी स्थानीय क्षमता बढ़ा सकें और दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें, यह बार-बार कहा जाता है लेकिन समुदायों के भी प्रयास कोई व्यापक परिवर्तन नहीं कर सकें। दुनिया के राष्ट्रों को कल्याणकारी राज्य स्वयं को कहना अब बंद कर देना चाहिए। यह उनके द्वारा जो झूठ फैलाया जाता है की वे कल्याणकारी राज्य हैं, यह बिलकुल आज की सभ्यता के साथ मजाक लगता है। आज की सभ्यता का एक तरह से यह अपमान है क्योंकि सच सामने आता ही है भले राज्यों द्वारा भ्रम व झूठ की ढोल पीटी जाती रहे।

आने वाले समय में भारत की जिम्मेदारी बड़ी होगी। भारत खुद ऐसे झूठ से बचे जिसके खिलाफ वह खड़ा होने जा रहा है। भारत अन्य देशों के भी झूठ व भ्रम को रोके जो विश्व के हित में नहीं है खासकर भूख जैसी समस्या से जब निपटने की बात की जा रही हो। भारत की यह भी आने वाले समय में जिम्मेदारी है कि विश्व को भूख से निपटने के लिए एकजुट करे। यदि विश्व के एक भी नागरिक भूख से मर रहे हैं तो पूरे विश्व को नींद नहीं आनी चाहिए, इस तरह का संकल्प ही भूख से बचा सकते हैं और नागरिकों की गरिमा की सुरक्षा कर सकते हैं। आज भारत से खुद इसलिए प्रश्न है कि क्या वह इसके लिए सक्षम है और पूरी तरह से तैयार है?

**लेखक भारत राष्ट्रपति जी के ओएसडी रह चुके हैं। आप पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफेसर, अहिंसा आयोग व अहिंसक सभ्यता के पैरोकार हैं।**

# दक्षिण एशिया में इतना तनाव हो ही क्यों

**भारत में होने वाली आतंकी कार्रवाइयों में उसकी संलिप्तता किसी से छिपी नहीं है। यहां तक कि उसकी जमीन पर विदेशी तंजीमें भी पनाह पाती हैं। ऐसी सूरत में, वहां के हुक्मरानों को सबसे पहले अपने देश को स्वच्छ बनाना होगा।**

**(महिमा सिंह)**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष-विराम हो गया है, लेकिन जिस तरह के हालात पिछले दिनों बने, वे शोचनीय हैं। दक्षिण एशिया में संघर्ष के नए मोर्चे का खुल जाना कई तरह के संकेत दे रहा है। यह बता रहा है कि यहां का समीकरण अपने बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिस कारण संघर्ष का केंद्र बदलने लगा है। वैसे, यह कहने की जरूरत नहीं है कि पाकिस्तान इस क्षेत्र का एकमात्र ऐसा देश है, जो हालात बिगाड़ने में मुब्तिला रहता है। वह ऐसे-ऐसे तिकड़म अपनाता है कि स्थिति बिगड़ने लगती है और संघर्ष के मैदान गरजने लगते हैं।दरअसल, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में संघर्ष का इस तरह उभरना आश्चर्य तो पैदा कर रहा था, लेकिन इसकी पृष्ठभूमि पुरानी है, इसलिए अगर हम चाहते हैं कि दक्षिण एशिया में शांति बनी रहे, तो हमें कुछ अतिरिक्त प्रयास



करने होंगे। इनमें पाकिस्तान पर जिम्मेदारी कहीं अधिक है, क्योंकि उसकी गिनती ऐसे देशों में होती है, जो आतंकवाद को पालता-पोसता है। भारत में होने वाली आतंकी कार्रवाइयों में उसकी संलिप्तता किसी से छिपी नहीं है। यहां तक कि उसकी जमीन पर विदेशी तंजीमें भी पनाह पाती हैं। ऐसी सूरत में, वहां के हुक्मरानों को सबसे पहले अपने देश को स्वच्छ बनाना होगा। उन्हें तमाम आतंकी संगठनों पर नकेल कसनी होगी, फिर चाहे वे पाकिस्तान के हों या किसी अन्य देश के। इसके अलावा, उसे आतंकवाद का इस्तेमाल विदेश नीति के तौर पर करने से बचना होगा। उसे समझना होगा कि आतंकवाद का नुकसान खुद उसे ही उठाना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि वह एक विफल देश बन चुका है और अपनी आर्थिक गतिविधियों के लिए विदेशी इमदादों का मुंह देखने को मजबूर है।दक्षिण एशिया में स्थिरता का आना विश्व राजनीति के लिए भी काफी अहम है। वैसे भी, जब हम हिंद-प्रशांत की बात करते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना ही होगा कि दक्षिण एशिया में अमन-चैन बना रहे। वैश्विक अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए क्षेत्र का स्थिर बने रहना आवश्यक है। ऐसी सूरत में, यदि पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देश आपस में उलझते हैं, तो उसके असर काफी दूर तक होंगे। पाकिस्तान ने यह भी आरोप लगाया था कि अफगानिस्तान को भारत परोक्ष रूप से मदद कर रहा है, जबकि हमारी नीति स्पष्ट रही है कि हम किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देते। मगर चूंकि पाकिस्तान हमें अपना दुश्मन देश समझता है, इसलिए वह अपने ऊपर हुए हर हमले के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराता है। इस तरह की सोच को खत्म करने के लिए भी जरूरी है कि दक्षिण एशिया शांत रहे।

# ब्रिटिश गुलामी का बोझ ढो रही हमारी प्रतियोगी परीक्षाएं

**गौरतलब है कि कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) और प्रबंधन संस्थानों में प्रवेश के लिए दो बातों की जांच की जाती है- अंग्रेजी की समझ और गणित व समस्याओं का तार्किक ढंग से समाधान करने की योग्यता। इनमें भी गणित व तर्कशक्ति परीक्षण में यह देखा जाता है कि प्रतिभागी समस्या का हल कितनी तेजी से कर सकता है। इस तरह यह 'आईक्यू' का ही परीक्षण है। प्रबंधन के क्षेत्र में इसे सर्वोच्च कौशल माना जाता है। लेकिन यहां सवाल यह है कि तेज गति से काम करना ही क्या सबसे अहम है? मैं ऐसे एक भी व्यवसाय को नहीं जानती, जहां निर्णय लेने में कुछ मिनट का अंतर सफलता और विफलता का फैसला कर देती हो। धीरूभाई अंबानी या रिचर्ड ब्रैनसन जैसी दूसरी पीढ़ी के उद्यमियों ने तो कभी कॉलेज की पढ़ाई भी पूरी नहीं की। पेटीएम के विजय शेखर शर्मा से लेकर ओयो के रितेश अग्रवाल तक उद्यमियों ने भी कभी प्रबंधन की शिक्षा नहीं ली।**

**(देविना मेहरा)**

मशहूर कहावत है, 'जो भी मापा जाता है, उसका प्रबंधन मुमकिन है।' इस सूक्ति को दुनिया भर में शिक्षा, नौकरी और मूल्यांकन में चरितार्थ होते देखा जा सकता है। हमारे देश में इन क्षेत्रों में जिस तरह की प्रक्रियाएं अपनाई जाती हैं, वे प्रतिभागियों की तैयारी, प्रदर्शन व मूल्यांकन के तरीकों पर असर डालती हैं। सभी प्रबंधन सलाहकार ऐसा ही करने की सलाह देते है। विडंबना यह है कि प्रबंधन शिक्षा में भी कभी इस बात पर विचार नहीं किया जाता कि जिस तरह प्रतिभागियों की कुशलता का परीक्षण किया जाता है, क्या वह सही तरीका है?

गौरतलब है कि कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) और प्रबंधन संस्थानों में प्रवेश के लिए दो बातों की जांच की जाती है- अंग्रेजी की समझ और गणित व समस्याओं का तार्किक ढंग से समाधान करने की योग्यता। इनमें भी गणित व तर्कशक्ति परीक्षण में यह देखा जाता है कि प्रतिभागी समस्या का हल कितनी तेजी से कर सकता है। इस तरह यह 'आईक्यू' का ही परीक्षण है। प्रबंधन के क्षेत्र में इसे सर्वोच्च कौशल माना जाता है। लेकिन यहां सवाल यह है कि तेज गति से काम करना ही क्या सबसे अहम है? मैं ऐसे एक भी व्यवसाय को नहीं जानती, जहां निर्णय लेने में कुछ मिनट का अंतर सफलता और विफलता का फैसला कर देती हो। धीरूभाई अंबानी या रिचर्ड ब्रैनसन जैसी दूसरी पीढ़ी के उद्यमियों ने तो कभी कॉलेज की पढ़ाई भी पूरी नहीं की। पेटीएम के विजय शेखर शर्मा से लेकर ओयो के रितेश अग्रवाल तक उद्यमियों ने भी कभी प्रबंधन की शिक्षा नहीं ली।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित परीक्षाओं का भी यही हाल है। इसके आभामंडल और इसकी हैसियत को परे रख दें, तो पाएंगे कि इसकी पूरी प्रणाली ही बेतुकी है। इसकी परीक्षाएं प्रतिभागियों से इतिहास, भूगोल और सामान्य ज्ञान की जानकारियां कंठस्थ रखने की अपेक्षा करती हैं। साथ ही कुछ विश्लेषणात्मक कौशल का परीक्षण करती हैं। इनकी पहली समस्या तो यही है कि ये परीक्षाएं अनेक तरह की विशेषज्ञता वाली नौकरियों के लिए भर्तियां करती है। यूपीएससी द्वारा चयनित अधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) आदि में जाते हैं। सफल प्रतिभागी किस सेवा में पहुंचते हैं, यह केवल परीक्षा में उनके रैंक पर निर्भर करता है। इससे विचित्र



विसंगतियां पैदा होती हैं। साहित्यिक पृष्ठभूमि और रुचि के किसी व्यक्ति को राजस्व सेवा मिल सकता है, जहां उसे कर नीतियों की जटिलताओं या लेखा सेवा के आंकड़ों से उलझना है। इसी तरह, समाज का व्यावहारिक ज्ञान न रखने वाला व्यक्ति पुलिस सेवा में अधिकारी बन सकता है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा को आमतौर पर नौकरशाही की रीढ़ माना जाता है, लेकिन जब इसके अधिकारी अक्सर नई-नई सेवाओं में भेजे जाते हैं, तब यह मुख्य रूप से सत्ता का खेल होता है, जिसके लिए न तो कौशल, न ज्ञान और न ही विषय-वस्तु की जानकारी जरूरी है। कुछ सर्वेक्षणों में आईएएस अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि वे संबंधित क्षेत्र में प्रशिक्षण की कमी के कारण खुद को असहज महसूस करते हैं। इसके विपरीत, अमेरिका में आंतरिक राजस्व सेवा या विदेश विभाग जैसी संघीय एजेंसियां इस क्षेत्र में अनुभव व रुचि रखने वाले उम्मीदवारों में से चयन करती हैं। जैसे, कर अधिकारियों में लेखा-जोखा की क्षमता और विदेश सेवा के लिए कूटनीतिक योग्यता को परखा जाता है। अपनी दक्षता के लिए प्रसिद्ध सिंगापुर की सिविल सेवा योग्यता परीक्षणों, साक्षात्कारों और संबंधित क्षेत्र में भूमिका के आधार पर मूल्यांकन करती है। वैश्विक मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों ने मुझे बताया है कि भारतीय अधिकारी अक्सर कम सक्षम होते हैं, क्योंकि उनके पास संबंधित क्षेत्र की विशेषज्ञता का अभाव होता है।

औपनिवेशिक काल की प्रथाओं पर आधारित भारत की वर्तमान सेवा प्रणाली कौशल के बजाय रटने और सामान्य ज्ञान को प्राथमिकता देती है। अंग्रेजों ने भारतीय सिविल सेवा को विशेषज्ञों के बजाय वफादार प्रशासक तैयार करने के लिए डिजाइन किया था और यूपीएससी की परीक्षाएं इसी विरासत को ढो रही हैं।

# छठ महापर्व के मद्देनजर डीएम ने घाटों का किया निरीक्षण

## सुरक्षा, स्वच्छता और मतदाता जागरूकता को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने दिए व्यापक दिशा-निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** छठ महापर्व 2025 के अवसर पर पूर्णिया में तैयारियों का जायजा लेने के लिए अंशुल कुमार, जिला पदाधिकारी, पूर्णिया ने शुक्रवार को जिले के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा, स्वच्छता और प्रशासनिक नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने पक्की तालाब, सिटी काली मंदिर घाट, दमका घाट, कप्तान पुल, चुनापुर घाट सहित गहरे पानी और भीड़-भाड़ वाले घाटों में अनिवार्य बैरिकेडिंग कराने का आदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने एस.डी.आर.एफ. टीम, गोताखोर, मोटर बोट, नाव, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, वाच टॉवर, नियंत्रण कक्ष एवं पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुरक्षा के साथ-साथ मतदाता जागरूकता पर भी जोर देते हुए जिलाधिकारी ने सभी प्रमुख घाटों पर छठ के थीम पर रश्एएढ गतिविधियाँ, आकर्षक फलैक्स, होर्डिंग्स और तोरण द्वार लगाने का निर्देश दिया। विशेष रूप से पक्की तालाब, सिटी काली मंदिर घाट और कला भवन सहित अन्य महत्वपूर्ण घाटों पर यह व्यवस्था की जाएगी। सफाई और सुविधा सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी ने सभी घाटों की साफ-सफाई, गड्ढा भरना, Changing Room बनवाना, प्रकाश व्यवस्था, मोटर बोट, नाव और गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यातायात प्रबंधन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और थानाध्यक्ष को पूर्व योजना बनाकर सुगम यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था करने को कहा गया। विद्युत आपूर्ति के लिए कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को निर्मित नियंत्रण कक्ष में कर्मियों की तैनाती, वायरिंग जांच, झुके पोल की मरम्मत और सेपरेटर लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र और कंट्रोल रूम को 247 सक्रिय रहने के लिए तैयार किया गया है। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक 06454242317, 06454242319, 06454242320 पर संपर्क कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता विद्युत, अंचलाधिकारी पूर्णिया पूर्व, सिटी प्रबंधक नगर निगम एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## घाटों पर श्रमदान से उपजी आस्था की लौ

# छठ महापर्व ने रूपौली में रचा भक्ति और स्वच्छता का संगम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रूपौली /पूर्णिया।** छठ महापर्व के आगमन के साथ ही रूपौली प्रखंड के हर गांव में आस्था और उत्साह का माहौल है। यह पर्व सिर्फ सूयोर्पासना का प्रतीक नहीं, बल्कि श्रम, स्वच्छता और सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। इस भावना को साकार रूप देने में इस बार गोड़ियर पट्टी श्रीमाता पंचायत के ग्रामीणों और युवाओं ने मिसाल कायम कर दी है।

पैक्स अध्यक्ष हिमांशु कुमार देवराज के नेतृत्व में बैरिया खेल मैदान को मुख्य छठ घाट के रूप में तैयार किया जा रहा है। नदी में बढ़े जलस्तर के कारण पारंपरिक घाटों पर तैयारी मुश्किल थी, लेकिन श्रद्धा की ताकत ने हर बाधा को भक्ति में बदल दिया। हिमांशु कुमार देवराज ने कहा —

'छठ मइया की पूजा केवल विधि नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की परंपरा है। हम सब मिलकर चाहते हैं कि हर श्रद्धालु को इस पर्व पर स्वच्छ, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण मिले।'

घाट की सफाई, सजावट और समतलीकरण में चंदन यादव, डाको पासवान, मनखुश कुमार, सोनू कुमार, चमन कुमार, नीरज कुमार, नीतीश कुमार सहित दर्जनों नवयुवक और ग्रामीण दिन-रात जुटे हैं। कोई झाड़ू थामे सफाई कर रहा है, तो कोई मिट्टी समतल कर घाट का रूप निखार रहा है। किसी के हाथ में फावड़ा है, किसी के माथे पर पसीना—लेकिन हर चेहरे पर श्रद्धा की वही उजली चमक है।

बैरिया गांव की नवयुवक संघ ने इस वर्ष सामूहिक श्रमदान का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो आने वाले समय में प्रेरणा बनेगा। युवाओं की टोली बिना किसी निर्देश या स्वार्थ के स्वच्छता अभियान को उत्सव का हिस्सा बना चुकी है। उनके प्रयासों ने यह साबित कर दिया है कि जब समाज एकजुट होता है तो कोई कार्य असंभव नहीं।

इसके साथ ही डुमरी घाट, सपाहा घाट, कदई घार घाट, बघवा, नंदगोला, मेहदी, हरनाहा और श्रीमाता घाटों पर भी ग्रामीण अपने स्तर से सफाई और सजावट में जुटे हैं। महिलाएं गीतों के साथ मनोभाव से श्रमदान कर रही हैं, तो बच्चे दीपों से घाटों को आलोकित कर रहे हैं। चारों ओर 'केलवा के पात पर, उगले सूरज देवङ्ग' की गूंज है। मिट्टी, दीप और श्रम की इस संगति ने रूपौली को भक्तिमय ऊर्जा से भर दिया है।

यह छठ केवल पूजा नहीं, बल्कि स्वच्छता और सामूहिकता की नयी परिभाषा बन चुका है।

ग्रामीणों का यह संदेश स्पष्ट है— जहाँ आस्था है, वहीं स्वच्छता भी संस्कृति का हिस्सा बननी चाहिए।और सच ही कहा गया है।

'जब घाटों पर झाड़ू चलती है, तब केवल मिट्टी नहीं उड़तीङ्घ उठती है आस्था की नई ज्योति।'

# पूर्णिया में एनडीए का नया चुनावी कार्यालय हुआ उद्घाटित

## ■ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया उद्घाटन, नेताओं ने जताया 'कमल की वापसी' का विश्वास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** 62-पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र में एनडीए का मुख्य चुनावी कार्यालय राजस्थान सेवा समिति परिसर के समीप टैक्सी स्टैंड में भव्य तरीके से खोला गया। उद्घाटन कार्यक्रम की गरिमा को केंद्रीय मंत्री एवं बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने और बढ़ाया। इस मौके पर झारखंड के सांसद प्रदीप वर्मा, छत्तीसगढ़ के विधायक सुनील सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह, आरएलएम के अध्यक्ष रमेश कुशवाहा, एलजेपी अध्यक्ष सौरभ झा और क्षेत्र के कई सामाजिक संगठन प्रमुखों ने मिलकर कार्यालय का उद्घाटन श्रीफल तोड़कर किया।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पूर्णिया की जनता विकासशील और पारदर्शी शासन की समर्थक है।



उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी विजय खेमका की बड़ी जीत होगी और विधानसभा में फिर कमल का प्रभुत्व स्थापित होगा। प्रधान ने यह भी कहा कि केंद्र एवं राज्य की कल्याणकारी योजनाएँ हर घर तक पहुँचें, इस दिशा में पार्टी पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। उद्घाटन समारोह में उपस्थित अन्य एनडीए नेताओं ने भी पूर्णिया विधानसभा में भारी मतों से कमल खिलाने का दृढ़ संकल्प साझा किया।कार्यक्रम में संत मुरारी बाबा और जीवन ज्योति केंद्र कबीर मठ के आचार्य जितेंद्र बाबा ने विजय खेमका को जीत के आशीर्वाद के साथ इस विश्वास को दोहराया कि पूर्णिया में कमल फिर खिल उठेगा। मौके पर मौजूद सभी कार्यकताओं ने मिलकर इस संकल्प का उत्साही जयघोष किया।

## भोकरहा में होने जा रहा एक दिवसीय ऐतिहासिक जलसा : ज्ञान, शायरी और इसलाह का संगम

**के नगर/ पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**केनगर प्रखंड के बिठनोली पूरब पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 02, भोकरहा गाँव में इस शनिवार, 25 अक्टूबर को शाम 7 बजे से लेकर सुबह 4 बजे तक एक दिवसीय विशेष जलसा इस्लाहे मुआसरहा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक अनुशासन और इमानदारी की तालीम का मंच है, बल्कि यहाँ शायरी, तालीम और समाज सेवा का अनूठा संगम भी देखने को मिलेगा। जलसे में हिंदुस्तान के प्रमुख आलिम और समाजिक मार्गदर्शक उपस्थित रहेंगे। इनमें शामिल हैं: मौलाना वसी साहेब (इमारते शरिया, पटना), मौलाना अब्दुल्ला सालिम चतुर्वेदी साहेब (अररिया), मौलाना इरफान साहेब (दारुल उलूम, देवबंद) और मौलाना मरगूब आलम (कटिहार)।

## नगर भवन स्थित सुरक्षित कक्ष में सील हुई लोकतंत्र की धड़कनें

# पूर्णिया जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतदान मशीनें सुरक्षा घेरे में रखी गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी अब अंतिम चरण में पहुँच चुकी है। जिले में शुक्रवार को एक अहम पड़ाव पूरा हुआ, जब पूर्णिया पूर्व, अमौर और बनमनखी विधानसभा क्षेत्रों की सभी मतदान मशीनों को नगर भवन स्थित सुरक्षित कक्ष (स्ट्रांग रूम) में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रख दिया गया। यह कार्य निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशासन की ओर से एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशन में पूरी प्रक्रिया दिनभर चली। संबंधित निवार्ची पदाधिकारियों को सभी मतदान इकाइयाँ विधिवत सुपुर्द की गईं। श्री कुमार ने बताया कि जिले की सभी सातों विधानसभाओं की मशीनों का विखंडन और सुपुर्दगी का कार्य अब पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन किया गया है और प्रत्येक चरण में पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पूर्णिया पूर्व, अमौर और बनमनखी विधानसभाओं की मतदान इकाइयों — मतपेटी इकाई, नियंत्रण इकाई और पर्ची सत्यापन यंत्र — का परीक्षण, टैगिंग, सील लगाना और क्रमांक की जांच पूरी सावधानी से की गई। तत्पश्चात सभी मशीनों को नगर भवन परिसर में बने सुरक्षित कक्ष में पुलिस, केंद्रीय अर्धसैनिक बल और दंडाधिकारी की मौजूदगी में रखा गया। वहाँ पर तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जिसमें चौबीसों घंटे निगरानी यंत्रों से प्रत्यक्ष नियंत्रण रखा जा रहा है। प्रवेश केवल अधिकृत अधिकारियों के लिए ही स्वीकृत है। मतदान यंत्र शाखा के नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रत्येक चरण की पूरी प्रक्रिया की दृश्यांकन व्यवस्था की गई है। विखंडन, सत्यापन और सीलिंग कार्य को आयोग के निदेर्शों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी मशीनें अब पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन पर निगरानी दल लगातार नजर रखेगा। इससे पूर्व गुरुवार को बायसी और कसबा विधानसभाओं की मतदान मशीनों की सुपुर्दगी पूर्ण की जा चुकी थी, जबकि धमदाहा और रूपौली क्षेत्रों का कार्य पहले ही तय समय पर सम्पन्न हुआ था। शुक्रवार को शेष तीन विधानसभाओं की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही जिले की सभी सातों विधानसभाओं की मशीनें अब नगर भवन स्थित सुरक्षित कक्ष में सुरक्षित रूप से रख दी गई हैं। यह कार्यवाही न केवल प्रशासनिक दक्षता और अनुशासन का प्रतीक है, बल्कि लोकतंत्र में जनता के विश्वास को और सुदृढ़ करने वाली पहल भी है। पूर्णिया जिला प्रशासन ने समय से पूर्व इस तैयारी को पूरा कर यह प्रमाणित किया है कि लोकतंत्र की रक्षा केवल मतगणना से नहीं, बल्कि उसकी हर तैयारी में निहित है। यह दिन इस विश्वास का प्रतीक बन गया कि निष्पक्ष चुनाव केवल वादा नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।

# गंगा सागर तालाब पर श्रद्धालुओं की भीड़ सुविधाओं की कमी ने बढ़ाई मुश्किलें

## ■ छठ व्रती महिलाओं सहित हजारों श्रद्धालु स्नान के लिए उमड़े, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेलना पड़ा भारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नगर पंचायत चम्पानगर के कई एकड़ में फैले गंगा सागर तालाब घाट पर दीपावली के बाद से ही लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार को सुबह से शाम तक तालाब में हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया।

सैंकड़ों वाहनों पर सवार होकर आने वाले श्रद्धालुओं की लंबी कतारें तालाब तक जाती देखी गईं। तालाब के किनारे गहरे पानी की सुरक्षा के लिए बेरिकेटिंग की गई थी, लेकिन महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए महज तीन ही चेंजिंग रूम मौजूद थे, जो भीड़ के अनुरूप पर्याप्त नहीं थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं का भी गंभीर अभाव देखा गया। पीने के लिए शुद्ध जल, चलंत शौचालय, पर्याप्त रोशनी और साफ-सफाई जैसी सुविधाएं न होने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए चम्पानगर थाना की पुलिस भी व्यस्त रही। इस अवसर पर गंगा स्नान से लेकर चम्पानगर बाजार तक मेला सा दृश्य दिखाई दिया। छठ व्रती महिलाओं ने पूजा सामग्री की खरीदारी के साथ ही मिठाई, नाश्ता, चाय, पान और रंग-बिरंगी मनिहारे की दुकानों का जमकर लुत्फ उठाया। आगामी छठ पूजा को लेकर क्षेत्र में भक्तिभाव का माहौल बना हुआ है, लेकिन प्रशासन और संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की सख्त आवश्यकता है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# वाहन जांच में 2 लाख 87 हजार रुपये नकदी बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला/कटिहार।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर लगातार पुलिस द्वारा विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार की रात कटरिया चेकपोस्ट पर एसएसटी टीम द्वारा वाहन जांच के दौरान एक कार से 2 लाख 87 हजार रुपये नकद बरामद किया गया।

बरामद नकदी के संबंध में जब टीम के द्वारा चालक से वैध कागजात या प्रमाण प्रस्तुत करने को कहा गया तो वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी




प्रक्रिया के तहत उक्त राशि को जब्त कर लिया। जब्त की गई राशि को निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के तहत सुरक्षित रखा गया है।

# नाम वापसी के बाद सात विधानसभा क्षेत्रों में 87 उम्मीदवार मैदान में : डीएम

## ■ सबों को प्रतीक चिन्ह आवंटित
## ■ जिले मे 21 महिला मतदान केंद्र बनाए गए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के सात विधानसभा क्षेत्र में द्वितीय चरण के तहत होने वाले चुनाव को लेकर नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। नाम वापसी के बाद सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। समाहरणालय के एनआईसी सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने पत्रकारों क जानकारी देते हुए बताया कि सात विधानसभा क्षेत्र में कुल पांच अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस लिया है।

उन्होंने बताया कि कटिहार से अपना किसान पार्टी के चंदन कुमार, प्राणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी तौकीर आलम, कदवा विधानसभा क्षेत्र से द प्लुरल्स पार्टी के मनीष कुमार मंडल, बरारी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी संजू देवी व मनिहारी विधानसभा क्षेत्र से सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी से सचिन कुमार मुर्मू ने अपना नामांकन वापस लिया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक कुल 115 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। जिसमें 23 उम्मीदवारों का नामांकन विभिन्न क्रम से रद्द कर दिया गया था। शेष बच्चे 92 अभ्यर्थियों में से पांच अभ्यर्थियों के नामांकन वापस लेने के बाद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 87 रह गयी है। नाम वापसी के पश्चात सभी निवार्ची पदाधिकारी के द्वारा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को




प्रतीक आवंटन करते हुए विहित प्ररुप सात क में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गयी है। जिसे जांच व अनुमोदन के लिए निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना को निवार्ची पदाधिकारी द्वारा प्राधिकृत सहायक निवार्ची पदाधिकारी के माध्यम से भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराने एवं आदर्श आचार संहिता का दृढ़ता पूर्वक अनुपालन कराया जा रहा है। जिलान्तर्गत मतदान केन्द्र क्षेत्रों में भेद्य टोलों मोहल्लों व भेद्य निर्वाचकों की पहचान करते हुए भेद्यता उत्पन्न करने वाले कारकों का चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है. साथ हीं सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं यथा रैम्प, शुद्ध पेयजल, शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा चूकी है। उन्होंने ने बताया कि कटिहार जिलान्तर्गत 2542 मतदान केन्द्रों में से पिंक बूथ, आदर्श मतदान केन्द्र, पीडब्ल्यूडीमतदान केन्द्र एवं यूथ मतदान केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि कुल 21 महिला मतदान केंद्र बनाया जा रहा है। जबकि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक एक यानी कुल सात दिव्यांग मतदान केंद्र होगा. उन्होंने कहा कि कटिहार विधानसभा क्षेत्र में एक युवा मतदान केंद्र बनाया जायेगा।

# डीएम व एसपी ने डिस्पैच सेंटर का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों के तहत जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा और पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने संयुक्त रूप से डिस्पैच सेंटर बाजार समिति तिनगछिया का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान कर्मियों और सामग्रियों के वितरण, वापसी एवं संग्रहण के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। डीएम मनेश कुमार मीणा ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास द्वारों की निगरानी और सीसीटीवी कवरेज को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान सामग्री के भंडारण और व्यवस्थित तरीके से डिस्पैच करने की प्रक्रिया को भी परखा। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने सुरक्षा के बिंदुओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए बाहरी और भीतरी घेरे में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# छठ को लेकर बाजार में खरीददारी जोरों पर

## ■ लोकआस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ आज से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर खरीदारी का दौर चरमसीमा पर है । चार दिवसीय महापर्व को लेकर पूरे शहर के बाजारों में शुक्रवार के देर शाम तक खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पडी। जिससे बाजार में रौनक और उत्साह का माहौल बना रहा। पर्व की शुरूआत से ठीक एक दिन पहले, पूजन सामग्री, फल, सब्जियां और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी अपने चरम पर पहुंच गई।

बाजार में व्रती महिलाएं और उनके परिवार के सदस्य पारंपरिक सूप, डाला , मिट्टी के चूल्हे, गन्ना,डाभ नींबू, केला, नारियल, संतरा आदि की जमकर खरीदारी करते दिखे। गन्ने की कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी होने के बावजूद लोग श्रद्धापूर्वक खरीदारी कर रहे थे। फलों के दाम भी सामान्य दिनों की अपेक्षा कुछ बढ़े हुए थे। लेकिन आस्था के आगे ये महंगाई फीकी पड़ गई।?आज से शुरू हो रहे नहाय-खाय के साथ ही छठ व्रती शुद्धता और पवित्रता के साथ व्रत का संकल्प लेंगे। इस दिन व्रती नदी



या तालाब में स्नान कर सात्विक भोजन कद्दू-भात ग्रहण करते हैं। रविवार को खरना की विधि होगी।जिसके बाद 36 घंटे का निर्जल उपवास शुरू हो जाएगा।? वही विभिन्न दुकान व घरो में छठ गीत बजने से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। पुलिस-प्रशासन ने भी छठ घाटों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है। ताकि व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## कर्ज में डूबे हैं देश के 15 प्रतिशत लोग, दिल्ली में कर्जदारों की संख्या सबसे कम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के दक्षिणी राज्य उत्तरी राज्यों की तुलना में ज्यादा अमीर हैं लेकिन कर्ज के मामले में भी वे बहुत आगे हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की द्वि-वार्षिक पत्रिका सर्वेक्षण के मुताबिक कर्ज लेने के मामले में आंध्र प्रदेश देश में पहले नंबर पर है। इस राज्य में 43.7 प्रतिशत लोगों पर कर्ज है। यानी हर पांच में से दो लोगों पर कर्ज है। इसके बाद तेलंगाना (37.2 प्रतिशत), केरल (29.9 प्रतिशत), तमिलनाडु (29.4 प्रतिशत), पुडुचेरी (28.3 प्रतिशत) और कर्नाटक (23.2 प्रतिशत) का नंबर है। जानकारों का कहना है कि दक्षिणी राज्यों में ज्यादा अमीरी के कारण वहां के लोग ज्यादा कर्ज लेने और उसे चुकाने में सक्षम हैं। दिल्ली में कर्ज लेने वाले लोगों की संख्या सबसे कम है। राजधानी में केवल 3.4 फीसदी लोगों पर कर्ज है। इसके बाद छत्तीसगढ़ (6.5 प्रतिशत), असम (7.1 प्रतिशत), गुजरात (7.2 प्रतिशत), झारखंड (7.5 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (8.5 प्रतिशत) और हरियाणा (8.9 प्रतिशत) का नंबर है। यह स्टडी एनएसओ के 78वें मल्टीपल इंडिकेटर सर्वे पर आधारित है। यह सर्वे 2020-21 में किया गया था। इसके मुताबिक राष्ट्रीय स्तर पर करीब 15 प्रतिशत वयस्क लोगों पर कर्ज है।

## ब्लैकस्टोन खरीद रहा है फेडरल बैंक में 9.99 प्रतिशत हिस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फेडरल बैंक अपना 9.99 प्रतिशत हिस्सा ब्लैकस्टोन की कंपनी को बेच रहा है। फेडरल बैंक ( के बोर्ड ने प्रीफरनेंशियल आधार पर ब्लैकस्टोन से जुड़ी फर्म एशिया टॉपको को कंवर्टिबल वार्टेंस जारी करने का अप्रूवल दे दिया है। ऐलान के बाद फेडरल बैंक के शेयरों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। शुक्रवार की सुबह मार्केट में छाई सुस्ती के बीच यह बैंकिंग स्टॉक 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी हासिल करने में सफल रहा है। फेडरल बैंक के शेयर आज 52 वीक हाई पर हैं। फेडरल बैंक की तरफ से किए ऐलान के अनुसार 27.29 करोड़ वारेंट्स 227 रुपये के हिसाब से जारी किए गए हैं। यह गुरुवार की क्लोजिंग के बराबर है। बता दें, ब्लैबस्टोन की तरफ से 6196 करोड़ रुपये का निवेश फेडरल बैंक में किया जाएगा। 25 प्रतिशत पैसे का भुगतान वारेंट्स के सब्सक्रिप्शन के दौरान किया जाएगा। वहीं, बाकि 75 प्रतिशत का प्रक्रिया के पूरे होने के दौरान किया जाएगा। इस ट्रांजैक्शन के बाद ब्लैकस्टोन की कंपनी एशिया टॉपको के पास फेडरल बैंक का 9.99 प्रतिशत हिस्सा हो जाएगा। आज शुक्रवार को कंपनी के शेयर बीएसई में 228.40 रुपये के लेवल पर ओपन हुए है।

# रूस पर अमेरिका के प्रतिबंधों से कच्चे तेल की कीमतों में चार फीसदी उछाल

## ● भारत पर असर...रिलायंस को झटका सरकारी कंपनियां करती रहेंगी खरीद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूक्रेन में शांति समझौते पर बातचीत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बनाने के प्रयास के तहत अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन प्रतिबंधों में अमेरिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की सभी संपत्तियों को जब्त करना भी शामिल है। अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया।

ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड की कीमतें 2.56 डॉलर या 4.40 फीसदी के उछाल के साथ 61.06 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई।

अमेरिका से पहले ब्रिटेन ने भी पिछले सप्ताह रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने भी रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के 19वें पैकेज को मंजूरी दी, जिसमें रूसी एलएनजी के आयात पर पाबंदी लगाना भी शामिल है। यूबीएस के विश्लेषक जियोवानी स्टानोवो ने कहा, वैश्विक तेल बाजारों पर इन प्रतिबंधों का पड़ने वाला असर इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत कैसी प्रतिक्रिया देता है और क्या रूस को वैकल्पिक खरीदार मिलते हैं।

बाजार में इस बात को लेकर संशय बना हुआ है कि क्या अमेरिकी प्रतिबंधों से आपूर्ति और मांग में बुनियादी बदलाव आएगा। जहां तक मांग पक्ष की बात है, तो रिफाइनिंग गतिविधियों और मांग में मजबूती से पिछले सप्ताह अमेरिकी कच्चे तेल, गैसोलीन और डिस्टिलेट के भंडार में कमी दर्ज की गई। प्रतिबंधों से रिलायंस इंडस्ट्रीज को बड़ा झटका लग सकता है, क्योंकि वह सीधे रोसनेफ्ट से तेल खरीदती है। ऐसे में रिलायंस को अपना आयात फिर से संतुलित करना पड़ सकता है। रिलायंस भारत में रूसी तेल की सबसे बड़ी खरीदार है। कंपनी रूस से देश के प्रतिदिन 17 लाख बैरल आयात का आधा हिस्सा खरीदती है। हालांकि, सरकारी रिफाइनरियां मध्यस्थ व्यापारियों से खरीद जारी रख सकती हैं।

### भारत के लिए क्या...तलाशने होंगे वैकल्पिक आपूर्तिकर्ता

सैक्सो बैंक के विश्लेषक ओले हैनसेन का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में यह उछाल अमेरिकी प्रतिबंधों के लागू होने के बाद देखने को मिला है। भारत और चीन की रिफाइनरी कंपनियों को अब पश्चिमी बैंकिंग प्रणाली से बाहर होने से बचने के लिए वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं की तलाश करनी होगी। रूस की दोनों कंपनियों पर प्रतिबंधों से अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में हलचल की स्थिति हैं, क्योंकि ये मिलकर प्रतिदिन 31 लाख बैरल तेल का निर्यात करती हैं। सिर्फ रोसनेफ्ट वैश्विक तेल उत्पादन का 6 फीसदी और रूस के कच्चे तेल के कुल उत्पादन का लगभग आधा हिस्सा निर्यात करती है। रूस पर लगे लगभग सभी प्रतिबंध मॉस्को के उत्पादित मात्रा या तेल राजस्व को प्रभावित करने में विफल रहे हैं।

## इंजीनियरिंग छोड़ कारोबार में कदम, अब हर महीने लाखों रुपये की कमाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोहित रेड्डी एक पारंपरिक किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता और दादा रागी तथा कुछ दलहली फसलें उगाते थे। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद सबको उम्मीद थी कि वे आईटी सेक्टर में करियर बनाएंगे। लेकिन लोहित के मन में फूलों की खुशबू बस चुकी थी। इस जुनून की नींव उनके चचेरे भाई गोपाल एस रेड्डी ने रखी, जो साल 1995 से फूलों की खेती कर रहे थे। लोहित अक्सर उनके खेत में मदद करते और फूलों की नाजुक देखभाल से मंत्रमुग्ध हो जाते। वहीं से उनकी फ्लोरिकल्चर की यात्रा शुरू हुई। आज लोहित फूलों की खेती से लाखों रुपये की कमाई कर रहे हैं। साल 2013 में गोपाल यूके चले गए और गुलाब की खेती छोड़ दी। ऐसे में लोहित ने फूलों की खेती में अवसर देखा। उन्होंने उस अधूरे फार्म को संभालने का फैसला किया और फूलों की व्यावसायिक खेती शुरू की। साल 2018 में उन्होंने 15 लाख रुपये का निवेश किया। इस रकम से उन्होंने पॉलीहाउस बनवाया और 12,000 जरबेरा पौधे खरीदे। शुरुआती महीनों में वे हर महीने 1.5 लाख रुपये तक कमाने लगे। 31 साल के लोहित रेड्डी बेंगलुरु के कोम्मासंद्रा के रहने वाले हैं। वह बताते हैं कि जरबेरा तीन साल तक लगातार फूल देता है। उन्हें एक स्थिर आय चाहिए थी और यह मेरे लिए सही शुरुआत थी। जरबेरा में सफलता के बाद लोहित ने गुलदाउदी की खेती शुरू की। यह ऐसा फूल है जो भारत में अभी भी सीमित किसानों द्वारा उगाया जाता है। उन्होंने फार्म के 4,000 वर्ग मीटर हिस्से में गुलदाउदी और 2,000 वर्ग मीटर में जरबेरा लगाया।

# सोने की वैश्विक कीमतों में पिछले हफ्ते 14 वर्ष की बड़ी गिरावट

## चांदी 7 फीसदी टूटी

## 4,400 डॉलर प्रति औंस से घटकर 4,036 डॉलर प्रति औंस हो गई है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार रिकॉर्ड ऊंचाई बना रहे सोना और चांदी की चमक फीकी पड़ने लगी है। वैश्विक बाजार में सितंबर, 2011 के बाद सोने की कीमतों में पिछले हफ्ते सबसे बड़ी गिरावट देखी गई। यह इस दौरान 4,400 डॉलर प्रति औंस से घटकर 4,036 डॉलर प्रति औंस हो गई है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोना प्रति दस ग्राम अब 1.23 लाख रुपये पर आ गया है। यह 17 अक्तूबर को 1,34,800 रुपये रहा था। यानी करीब 12,000 रुपये की कमी आई है। चांदी भी 1.84 लाख रुपये प्रति किलो से घटकर 1.72 लाख रुपये पर आ गई है। यह भी 12,000 रुपये घटी है। न्यूयॉर्क में सोने का वायदा भाव सोमवार को रिकॉर्ड 4,374 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ।

मंगलवार को 250 डॉलर (या 5.74 प्रतिशत) से अधिक गिर गया। सितंबर, 2011 के बाद से फीसदी के लिहाज से एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। आर्थिक अनिश्चितता के बीच सोने की बिक्री अक्सर तेजी से बढ़ती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनिया भर से आयात पर लगाए गए टैरिफ की बौछार, महंगाई को लेकर बढ़ती चिंताओं और अब हफ्तों से चल रहे अमेरिकी सरकार के बंद के बीच अधिकतर निवेशक सोने की ओर रुख कर रहे।

**चांदी- 7 प्रतिशत टूटी:** न्यूयॉर्क में चांदी के वायदा भाव मंगलवार को 7 फीसदी से अधिक गिर गए। यह 47.60 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी, जो पिछले सप्ताह के रिकॉर्ड 53.44 डॉलर से कम है।



### निवेश के लिए सुरक्षित ठिकाना

सोने में निवेश के समर्थक इसे एक सुरक्षित ठिकाना बताते हैं। उनका तर्क है कि यह निवेश पोर्टफोलियो में विविधता लाने और उसे संतुलित करने में मदद कर सकती है। बढ़ती महंगाई के खिलाफ बचाव के रूप में भविष्य में संभावित जोखिमों को कम कर सकती है। फिर भी, विशेषज्ञों की सलाह है कि पूरे पैसे सोने और चांदी में ही न लगाएं। उससे भी पहले देशों के बीच तनाव और केंद्रीय बैंकों की मजबूत मांग ने हाल के वर्षों में सोने की बढ़त को बढ़ावा दिया था। विश्लेषकों के मुताबिक, कीमती धातुएं अस्थिर हो सकती हैं। इसलिए सोने के मूल्य में रोजाना उतार-चढ़ाव असामान्य बात नहीं है।

## अमेरिका के बैंक ने खरीदे इस ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज के 5 लाख से ज्यादा शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक छोटी कंपनी ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर शुक्रवार को क्रस्थ में 13 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 264.60 रुपये पर पहुंच गए हैं। ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज इसी महीने शेयर बाजार में उतरी है। बैंक ऑफ अमेरिका ने गुरुवार को एक बल्क डील के जरिए ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज के 5.62 लाख शेयर खरीदे हैं। बैंक ऑफ अमेरिका ने ये शेयर 13 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। बैंक ऑफ अमेरिका ने ये शेयर 233.82 रुपये प्रति शेयर के दाम पर बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज यूरोप एसए के जरिए खरीदे हैं। लिस्टिंग के बाद पहले नतीजे में ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट दोगुना से ज्यादा बढ़ा है। हायर इनकम की वजह से चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में कंपनी को 29.46 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज को 14.42 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में कंपनी की टोटल इनकम बढ़कर 436.72 करोड़ रुपये पहुंच गई है। एक साल पहले की समान अवधि में ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज की टोटल इनकम 270.82 करोड़ रुपये थी। ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज का आईपीओ दांव लगाने के लिए 24 सितंबर 2025 को खुला था और यह 26 सितंबर तक ओपन रहा। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 204 रुपये था। ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज के शेयर 1 अक्टूबर 2025 को 189.70 रुपये पर लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग वाले ही दिन कंपनी के शेयर उछाल के साथ 194.40 रुपये पर बंद हुए। ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज का आईपीओ टोटल 3.14 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में आम निवेशकों का कोटा 1.74 गुना सब्सक्राइब हुआ।

## एसबीआई बना दुनिया का बेस्ट कंज्यूमर बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक को ग्लोबल फाइनेंस, न्यूयॉर्क की ओर से दो बड़े पुरस्कार मिले हैं। यह सम्मान उन्हें ग्लोबल फाइनेंस अवॉर्ड सेरेमनी में दिया गया, जो वर्ल्ड बैंक/आईएमएफ एनुअल मीटिंग्स 2025 के दौरान आयोजित हुई थी। एसबीआई को वर्ल्ड्स बेस्ट कंज्यूमर बैंक 2025 और बेस्ट बैंक इन इंडिया 2025 के खिताब से नवाजा गया है।

एसबीआई ने एक बयान में कहा है कि इन दोहरे सम्मानों से एसबीआई की वैश्विक बैंकिंग लीडर के तौर पर स्थिति और मजबूत हुई है। बैंक इनोवेशन, वित्तीय समावेशन और ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय स्टेट बैंक ने यह भी बताया कि ये पुरस्कार ग्राहकों को विश्व स्तरीय बैंकिंग अनुभव देने में एसबीआई की सफलता को दर्शाते हैं। साथ ही, बैंक ने टेक्नोलॉजी में अपनी लीडरशिप बनाए रखी है और पूरे भारत में अपनी सेवाएं फैलाई हैं।

एसबीआई के ग्रुप चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने इस सम्मान पर कहा, हम ग्लोबल फाइनेंस द्वारा एसबीआई की उत्कृष्टता के प्रति दैनिक प्रतिबद्धता को मान्यता देने से बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, 52 करोड़ ग्राहकों को सेवा देना और हर दिन 65,000 नए ग्राहक जोड़ना, टेक्नोलॉजी और डिजिटलीकरण में बड़े निवेश की मांग करता है। एक डिजिटल फर्स्ट, कंज्यूमर फर्स्ट बैंक के रूप में, हमारा प्रमुख मोबाइल एप्लीकेशन 10 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा देता है, जिसमें 1 करोड़ दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

एसबीआई भारत का सबसे बड़ा बैंक है। यह संपत्ति, जमा, शाखाओं, ग्राहकों और



कर्मचारियों के मामले में सबसे आगे है। यह देश के सबसे बड़े होम लोन देने वाले बैंकों में से एक है। एसबीआई ने अब तक करीब 30 लाख भारतीय परिवारों के घर खरीदने के सपने पूरे किए हैं।

बैंक के होम लोन का पोर्टफोलियो 8.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। जून 2025 तक, बैंक के पास 54.73 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की जमा राशि थी। इसका ष्ट्क्र (करंट अकाउंट, सेविंग अकाउंट) अनुपात 39.36 प्रतिशत था और 42.54 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का एडवांस था। होम लोन में एसबीआई की बाजार हिस्सेदारी 27.7 प्रतिशत और ऑटो लोन में 19.03 प्रतिशत है।

एसबीआई के पास भारत में 22,980 शाखाओं और 62,200 एटीएम/एडीएम (ऑटोमेटेड डिपॉजिट/विड्रॉल मशीन) का सबसे बड़ा नेटवर्क है। इसके अलावा 76,800 से ज्यादा क्रष्ट (बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट) आउटलेट भी हैं। इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों की संख्या 14.2 करोड़ है। एसबीआई की डिजिटल रणनीति सही दिशा में है। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 66 प्रतिशत नए बचत खाते योनो के जरिए खोले गए। योनो एसबीआई का एकीकृत डिजिटल और लाइफस्टाइल प्लेटफॉर्म है।

## 6 महीने में 100 प्रतिशत ट्रांजेक्शन ऑनलाइन... भारत में डिजिटल पेमेंट का बोलबाला

### इस मामले में यूपीआई ने मारी बाजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में पेमेंट का तरीका तेजी से बदल रहा है। साल 2025 की पहली छमाही के आंकड़ों के मुताबिक, कुल पेमेंट लेनदेन में से 99.8 प्रतिशत डिजिटल तरीके से हुए हैं। इसका मतलब है कि लगभग सारे भुगतान अब ऑनलाइन हो रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार कुल भुगतान लेनदेन के मूल्य में भी डिजिटल भुगतान का हिस्सा 97.7 प्रतिशत रहा। इस अवधि में कुल भुगतान का मूल्य 1572 लाख करोड़ रुपये था, जिसमें से 1536 लाख करोड़ रुपये डिजिटल भुगतान के जरिए हुए। यह दिखाता है कि डिजिटल भुगतान अब भारत में भुगतान का मुख्य जरिया बन गया है। डिजिटल भुगतान के कई तरीके हैं, जिनमें यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) और आरटीजीएस (रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट) प्रमुख हैं। साल 2025 की पहली छमाही में यूपीआई ने लेनदेन की मात्रा के मामले में सबसे बड़ा हिस्सा, यानी 85 प्रतिशत पर कब्जा किया। हालांकि मूल्य के मामले में यूपीआई की हिस्सेदारी सिर्फ 9 प्रतिशत रही। वहीं आरटीजीएस सिस्टम ने मूल्य के मामले में 69 प्रतिशत का सबसे बड़ा हिस्सा दर्ज किया, जबकि मात्रा के मामले में इसकी हिस्सेदारी सिर्फ 0.1 प्रतिशत रही।

ऐसा इसलिए है क्योंकि यूपीआई के जरिए छोटे लेनदेन बहुत ज्यादा होते हैं। इस कारण मात्रा में इसकी हिस्सेदारी ज्यादा होती है, लेकिन मूल्य में कम। वहीं आरटीजीएस जिसे होलसेल पेमेंट सिस्टम भी कहा जाता है, बड़े लेनदेन के लिए इस्तेमाल होता है। इसमें कम से कम 2 लाख रुपये के लेनदेन की सीमा है, इसलिए यह मूल्य के मामले में ज्यादा योगदान देता है।

बड़े मूल्य के भुगतान सिस्टम में आरटीजीएस के अलावा क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित सिस्टम भी शामिल हैं। सीसीआईएल के लेनदेन में भी पिछले कुछ सालों में बढ़ोतरी देखी गई है। साल 2019 में जहां 35 लाख लेनदेन हुए थे, वहीं साल 2024 में यह संख्या बढ़कर 45 लाख हो गई। मूल्य के मामले में, यह 1,270 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2,780 लाख करोड़ रुपये हो गया। साल 2025 की पहली छमाही में सीसीआईएल में 28.8 लाख लेनदेन हुए, जिनका कुल मूल्य 1,734 लाख करोड़ रुपये था।

रिजर्व बैंक ने यह भी बताया कि सरकारी प्रतिभूति बाजार में भी काफी विस्तार हुआ है। साल 2019 में जहां इसका मूल्य 769 लाख करोड़ रुपये था, वहीं साल 2024 तक यह बढ़कर 1,812 लाख करोड़ रुपये हो गया। साल 2024 में लेनदेन की मात्रा भी साल 2019 के 13.76 लाख से बढ़कर 17.6 लाख हो गई। साल 2025 की पहली छमाही में, 9.85 लाख लेनदेन हुए जिनका कुल मूल्य 994 लाख करोड़ रुपये था।

### सहयोग बढ़ाने पर चर्चा; निवेश का दिया न्योता

## जर्मनी में मंत्री कैथरीना रीचे से मिले पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बर्लिन में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार (23 अक्तूबर) को जर्मनी की आर्थिक मामलों और ऊर्जा मंत्री कैथरीना रीचे के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच ग्रीन एनर्जी, न्यू और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और डिफेंस पर भारत और जर्मनी के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई। इसी के साथ उन्होंने भारत की विशाल प्रतिभा क्षमता और व्यापार सुगमता में किए गए सुधारों पर प्रकाश डालते हुए जर्मन कंपनियों को भारत में निवेश विविधीकरण के लिए आमंत्रित किया।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, बर्लिन में जर्मनी की आर्थिक मामलों और ऊर्जा मंत्री कैथरीना रीचे से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। हमारी चर्चा व्यापार और निवेश में भारत-जर्मनी संबंधों को और





मजबूत करने, हरित ऊर्जा, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों, रक्षा क्षेत्र में संयुक्त औद्योगिक और तकनीकी साझेदारी पर केंद्रित रही। बातचीत में भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए जर्मनी की प्रतिबद्धता पर भी चर्चा हुई। उन्होंने आगे लिखा कि मैंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे भारत का विशाल प्रतिभा भंडार, और व्यापार सुगमता के लिए हमारा प्रयास, जर्मन कंपनियों के लिए निवेश में विविधता लाने और आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को मजबूत करने के आकर्षक अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा जर्मनी की अपनी वर्तमान यात्रा के दौरान पीयूष गोयल ने जर्मन मिटेलस्टैंड (एसएमई) कंपनियों और भारतीय व्यवसायों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ एक गोलमेज चर्चा में भाग लिया। भारतीय मंत्री ने नवाचार और सतत विनिर्माण में भारत द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रमुख अवसरों पर प्रकाश डाला और भारतीय एवं जर्मन कंपनियों के बीच सहयोग, व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने, और पारस्परिक विकास के लिए मजबूत औद्योगिक साझेदारी बनाने के तरीकों पर चर्चा की। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मंत्री गोयल की बैठकें दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और व्यावसायिक संघों के साथ उच्च-प्रभावी बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए आयोजित की गई हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस यात्रा के एक प्रमुख घटक में शेफलर ग्रुप, रेन्क व्हीकल मोबिलिटी सॉल्यूशंस, हेरेनक्नेक्ट एजी, इन्फिनियन टेक्नोलॉजीज एजी, एनरट्रैग एसई और मर्सिडीज-बेंज ग्रुप एजी जैसी प्रमुख जर्मन कंपनियों के सीईओ के साथ आमने-सामने की बैठकें शामिल हैं।



# अंग्रेजों के दौर की कहानी लाएंगे प्रभास, जन्मदिन पर रिलीज होगा फर्स्ट लुक

प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म द राजा साब को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच प्रभास अपनी एक और नई फिल्म को लेकर चर्चा में आ गए हैं। सोमवार को फिल्म निर्माताओं ने जानकारी दी थी कि वह प्रभास अभिनीत फिल्म के टाइटल का एलान करेंगे। बुधवार को, टीम ने टाइटल का एक टीजर पोस्टर जारी किया। माना जा रहा है कि इसका टाइटल फौजी होगा। हालांकि नए पोस्टर में प्रभास का पूरा लुक नहीं दिखाया गया है। इसमें ग्रेट ब्रिटेन का झंडा देखा जा सकता है। पोस्टर के कैप्शन में लिखा है 1932 से मोस्ट वांटेड। ऐसे में माना जा रहा है कि यह फिल्म ब्रिटिश शासन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा होगी। इसमें प्रभास संभवत: एक स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभा सकते हैं।

इससे पहले एक पोस्टर जारी किया गया था जिसमें बंदूकों का ढेर लगा था। इसके ऊपर एक शख्स की परछाई थी। इसमें दिवाली की शुभकानाएं भी दी गई थीं। इससे पहले साझा किए गए पोस्टर में शिलालेख थे, जिससे संकेत मिलता है कि फिल्म में पौराणिक विषयों का समावेश होगा। खबरों के मुताबिक टाइटल की आधिकारिक घोषणा प्रभास के जन्मदिन पर होगी।

## अगले साल हो सकती है रिलीज

खबर है कि मैथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, इस फिल्म में इमानवी मुख्य भूमिका में होंगी। इसमें मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर और जया प्रदा जैसे कलाकार भी होंगे। संगीत विशाल चंद्रशेखर का है। फिल्म को अगस्त 2026 में रिलीज करने की योजना है।

## प्रभास का वर्कफंट

इस बीच, प्रभास की जनवरी 2026 में एक बड़ी फिल्म रिलीज होने वाली है, जिसका निर्देशन मारुति ने किया है। यह हॉरर-कॉमेडी द राजा साब है, जिसमें निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और संजय दत्त भी हैं।



# सान्या मल्होत्रा ने दिलजीत दोसांझ के गाने चार्मर को लेकर किया खुलासा

बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ के गाने चार्मर को लेकर अपना एक खास अनुभव शेयर किया, जो उन्हें बेहद पसंद भी आया। इस गाने ने उन्हें अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने में मदद की।

## सान्या मल्होत्रा का पोस्ट

आज बुधवार को सान्या ने इंस्टाग्राम पर चार्मर गाने का एक रिहर्सल वीडियो शेयर किया, जिसमें वह सफेद ड्रेस में शानदार डांस मूव्स करती नजर आईं। इसके साथ सान्या ने कैप्शन में लिखा, मैंने इससे पहले कभी हील्स में डांस नहीं किया और अब मैं रुकना नहीं चाहती। मुझे दिलजीत दोसांझ के चार्मर गाने पर डांस करने का मौका मिला। मेरी टीम और डायरेक्टर का शुक्रिया। जान्हवी कपूर और राखी सावंत ने इस पोस्ट पर फायर इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी। सोफी चौधरी ने लिखा, वो सब तो ठीक है... लेकिन मुझे कभी इतना स्वैग वाला फैन लड़का क्यों नहीं मिला? आप लोगों के मूव्स बहुत पसंद हैं... हमेशा।

## दिलजीत दोसांझ का एल्बम ऑरा

चार्मर गाना दिलजीत के एल्बम ऑरा का हिस्सा है, जिसे 20 अक्तूबर को रिलीज किया गया। इस गाने का संगीत अवी सरा ने दिया और बोल राज रंजोध ने लिखे। वीडियो में सान्या एक खूबसूरत जगह पर जोशीले अंदाज में डांस करती दिख रही हैं। वीडियो को शारिक सेक्वेरा ने डायरेक्ट किया, श्लोक आहूजा ने शूट किया और यश कदम ने कोरियोग्राफी की। इसके पहले, दिलजीत के एल्बम से कुफर गाना रिलीज हुआ था, जिसमें मानुषी छिल्लर नजर आई थीं।

## सान्या का करियर

हाल ही में सान्या फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में वरुण धवन और जान्हवी कपूर के साथ नजर आईं। जो 2 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। कथित तौर पर सान्या अगली फिल्म में वह बॉबी देओल के साथ नजर आ सकती हैं।

# शहनाज गिल की पंजाबी फिल्म 'इक कुड़ी' का ट्रेलर रिलीज



शहनाज गिल अपनी अपकमिंग पंजाबी फिल्म 'इक कुड़ी' को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म का ट्रेलर एक्ट्रेस ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया है। फिल्म का ट्रेलर काफी मजेदार है। इसमें कॉमेडी, ड्रामा, इमोशन, लव एंगल सबकुछ है।

दूल्हे को परखने निकलीं 'इक कुड़ी'। शहनाज गिल की फिल्म 'इक कुड़ी' एक आम लड़की की कहानी है, जिसकी शादी पैरेंट्स करना चाहते हैं। एक रिश्ता पक्का भी हो जाता है। लेकिन फिल्म की हीरोइन यानी शहनाज का किरदार अपने होने वाले दूल्हे को परखना चाहता है। इसके लिए वह परिवार के साथ मिलकर एक अलग ही प्लान बनाती है। यही से शुरू होती है फिल्म में ड्रामा, रोमांस और कॉमेडी की ट्रिपल डोज।

# रश्मिका मंदाना ने शेयर किया थामा की शूटिंग का अनुभव



**मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी फिल्म थामा रिलीज हो चुकी है। फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल अपनी एक्टिंग से फैंस का दिल जीतने में कामयाब रहे हैं। फिल्म का कलेक्शन भी शानदार रहा है, लेकिन अब रश्मिका मंदाना ने अपने शूटिंग के दिनों को याद किया है और अपने को-स्टार से लेकर क्रू-मेंबर्स तक को दिल से शुक्रिया कहा है।**

रश्मिका मंदाना ने अपना इंस्टाग्राम अपडेट किया है और शूटिंग सेट की अनदेखी फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वे कभी मेकअप करती दिख रही हैं तो कभी रात को हॉरर सीन की शूटिंग कर रही हैं। देखकर साफ पता चल रहा है कि एक-एक सीन को परफेक्ट बनाने के लिए सभी ने कितनी मेहनत की है।

एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, ओह... मैं कहां से शुरू करूं... पहली कॉल-शीट से लेकर आखिरी कट शीट तक, यह फिल्म सिर्फ काम से कहीं अधिक रही है... यह दिल की, धैर्य की, हंसी और चोटों की और उन सुबहों की यात्रा रही है जिनके लिए हम जागना नहीं चाहते थे और उन रातों की जिन्हें हम खत्म नहीं करना चाहते थे। रश्मिका मंदाना ने आयुष्मान खुराना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल का शुक्रिया भी अदा किया है, क्योंकि उनके साथ सीन करना सहज और स्वाभाविक रहा, जबकि डायरेक्टर आदित्य ने हर डायलॉग को ठीक से करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि कई बार ऐसा भी होता था कि वे अपना मेकअप उतारना भूल जाती थी, क्योंकि वे बहुत थक जाती थी, ऐसे में मेकअप मैन उनकी मदद करते थे।

हॉरर-कॉमेडी थामा फिल्म की बात करें तो फिल्म को मैडॉक के बैनर तले ही बनाया गया है और ये उनकी हॉरर यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है, जो पर्दे पर हिट होने के लिए तैयार है। इससे पहले मैडॉक स्त्री, स्त्री-2, भेड़िया, और मुंज्या बना चुके हैं और चारों ही फिल्मों ने अच्छी कमाई की। फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म में आयुष्मान खुराना एक वैम्पायर बन जाते हैं और रश्मिका मंदाना पहले से ही वैम्पायर है, अब दोनों को प्यार हो जाता है और नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक तांत्रिक बने हैं, जो बुरी शक्तियों के राजा बनना चाहते हैं। फिल्म में हॉरर, रोमांस और कॉमेडी तीनों देखने को मिलेंगे।



# थामा की कामयाबी से खुश आयुष्मान

बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना अपनी नई फिल्म थामा को लेकर सुर्खियों में हैं। इसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की है। इससे अभिनेता खुश हैं। वह आभार व्यक्त करने के लिए मुंबई के मशहूर सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे हैं।

## थामा की अच्छी शुरुआत

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के अनुसार, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म थामा ने अपने पहले दिन 25.11 करोड़ रुपये की कमाई की। आदर्श के अनुसार, फिल्म ने उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम, सभी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया है और सिनेमाघरों को दर्शकों से भर दिया है। वीकएंड पर फिल्म अच्छी कमाई कर सकती है।

## देखना चाहते थे यह दिन

फिल्म को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया पर, आयुष्मान ने एक प्रेस नोट में कहा, मैं एक एंटरटेनर हूं, इसलिए दिवाली की इन बड़ी छुट्टियों में लोगों को थामा और मेरे अभिनय को पसंद करते और आनंद लेते देखकर मुझे बहुत खुशी होती है। जब मेरे दूरदर्शी निर्माता दिनेश विजान ने मुझे बताया कि थामा दिवाली में रिलीज हो रही है, तो मैं बहुत खुश हुआ क्योंकि यह कुछ ऐसा था जो मैं हमेशा से अपने करियर में चाहता था।

## परिवार के साथ अपनी फिल्म देखने गए अभिनेता

आयुष्मान खुराना ने आगे कहा, यह एक ऐसा त्योहार है जिस पर बड़े-बड़े सुपरस्टार अपनी फिल्में रिलीज करते आए हैं। थामा मेरे करियर की प्रमुख फिल्म है और मैं खुशकिस्मत हूं कि इसे रिलीज करने के लिए दिवाली मिली। हर साल, मैं अपने परिवार के साथ किसी सुपरस्टार की फिल्म देखने सिनेमाघरों में जाता था। आज, मैं अपने परिवार के साथ अपनी फिल्म देखने सिनेमाघरों में गया हूं।

## थामा की कहानी

मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले निर्मित, थामा की कहानी आयुष्मान के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक वैंपायर में बदल जाता है और रश्मिका के किरदार से प्यार करने लगता है। इसके बाद खूनी प्रेम कहानी शुरू होती है।






# तेलुगु में डेब्यू करने जा रहे दिग्गज अभिनेता शिवा राजकुमार

**दक्षिण भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता शिवा राजकुमार अब एक ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं जो सिर्फ सिनेमा नहीं बल्कि समाज और राजनीति से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है। कन्नड़ फिल्मों के इस सुपरस्टार ने अब अपने करियर का नया अध्याय शुरू किया है- तेलुगु सिनेमा में बतौर लीड डेब्यू। वह जल्द ही पांच बार के विधायक और जनता के नेता गुम्मादि नरसैया के जीवन पर आधारित बायोपिक में मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं।**

## जनता के बीच से निकला जननेता

तेलंगाना के येल्लंदु क्षेत्र से आने वाले गुम्मादि नरसैया का नाम उस दौर में भी लोगों की जुबान पर था जब राजनीति का मतलब सेवा हुआ करता था, सत्ता नहीं। वह कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्टङ्कलेनिनिस्ट) से पांच बार विधायक रहे, लेकिन सादगी और ईमानदारी की मिसाल बने रहे। साइकिल पर विधानसभा पहुंचने वाले इस नेता ने कभी लाल बत्ती की कार का मोह नहीं किया। गरीबों और आदिवासियों के हक की आवाज उठाने वाले नरसैया ने ज़मीनी स्तर पर वह काम किया जिसे आज की राजनीति शायद भूल चुकी है। यही कारण है कि उनका जीवन अब बड़े परदे पर लाया जा रहा है।

## शिवा राजकुमार निभाएंगे किरदार

शिवा राजकुमार, जिन्हें दक्षिण में 'करुणाडा चक्रवर्ती' कहा जाता है, इस बायोपिक में नरसैया का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का निर्माण प्रवल्लिका आर्ट्स क्रिएशंस के बैनर तले हो रहा है और निर्देशन की कमान संभाली है नए निर्देशक परमेश्वर हिवराले ने। फिल्म की घोषणा एक भावनात्मक पोस्टर के साथ की गई, जिसमें शिवा राजकुमार को सफेद कुर्ता-पायजामा और लाल शॉल में दिखाया गया है। उनके साथ उनकी साइकिल पर सीपीआई (एमएल) का झंडा लहरा रहा है- एक ऐसा नजारा जो उनके राजनीतिक जीवन का प्रतीक बन गया था।

## सामाजिक बदलाव की कहानी

फिल्म के पहले लुक वीडियो में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर और महात्मा गांधी की मूर्तियों के साथ भारतीय संविधान की झलक दिखाई गई है। ये दृश्य फिल्म के मूल विचार को परिभाषित करते हैं- जनता के अधिकारों की लड़ाई और समानता का संघर्ष। निर्देशक के अनुसार, फिल्म सिर्फ एक राजनीतिक जीवन की कहानी नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र, संविधान और समाज के बीच के उस रिश्ते को भी उजागर करती है जो समय के साथ धुंधला पड़ गया है।

## सिनेमा से परे एक आंदोलन की शुरुआत

गुम्मादि नरसैया का किरदार निभाना शिवा राजकुमार के लिए महज एक अभिनय नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। वह खुद इस परियोजना को लोगों के संघर्ष की गाथा बता चुके हैं। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म के ऐलान वीडियो में खुद गुम्मादि नरसैया के इंस्टाग्राम अकाउंट को टैग किया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह भी फिल्म के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## शिवा राजकुमार की व्यस्त फिल्मी पारी

शिवा राजकुमार इन दिनों साउथ सिनेमा के सबसे व्यस्त सितारों में गिने जाते हैं। वह जल्द ही '45' में उपेंद्र और राज बी शेट्टी के साथ नज़र आने वाले हैं। इसके अलावा 'डैड' और '666 ऑपरेशन ड्रीम थिएटर' जैसी फिल्मों पर भी काम कर रहे हैं। साथ ही वह रजनीकांत की 'जेलर 2' और राम चरण की 'पेड्डी' में कैमियो करते हुए भी दिखेंगे।

# शुभमन गिल बने दुर्भाग्यशाली कप्तान, एडिलेड में भारत का सुनहरा रिकॉर्ड टूटा

**एडिलेड (एजेंसी)।** एडिलेड ओवल पर गुरुवार को खेले गए दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 2 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। यह मुकाबला सिर्फ हार नहीं था बल्कि कई ऐतिहासिक घटनाओं का गवाह भी बना। भारतीय कप्तान शुभमन गिल



अपने कप्तानी करियर के पहले दो वनडे हारने वाले सिर्फ छठे भारतीय कप्तान बन गए।

**एडिलेड में टूटा भारत का अपराजित सिलसिला–** इस हार के साथ ही भारत का एडिलेड ओवल पर जीत का रिकॉर्ड टूट गया। फरवरी 2008 में ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद से भारत इस मैदान पर छह वनडे लगातार जीत चुका था। यह सिलसिला 17 साल बाद थम गया।

## कप्तानी करियर की निराशाजनक शुरुआत

शुभमन गिल अब मोहम्मद अजहरुद्दीन, केएल राहुल, क्रिस श्रीकांत, दिलीप वेंगसरकर और अजीत वाडेकर जैसे कप्तानों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने कप्तान के रूप में अपने शुरुआती दो वनडे गंवाए।

# मेसी ने इंटर मियामी के साथ अपना अनुबंध 2028 तक बढ़ाया

**मियामी (एजेंसी)।** लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के साथ अपने अनुबंध को अपने 41वें जन्मदिन के बाद तक बढ़ाने पर सहमति जताई है, एमएलएस क्लब ने यह जानकारी दी। 38 वर्षीय मेसी, जिनका पिछला अनुबंध दिसंबर में समाप्त होने वाला था, ने 2028 के अंत तक चलने वाले इस समझौते की व्यक्तिगत शर्तों पर सहमति जताई।



सह-मालिक डेविड बेकहम ने एक बयान में कहा, हमारा लक्ष्य इंटर मियामी और इस शहर में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को लाना था, और हमने ठीक यही किया है।वह अब भी पहले की तरह ही प्रतिबद्ध हैं और अब भी जीतना चाहते हैं। 2023 में क्लब में शामिल होने के बाद से मेसी ने 82 मैचों में 71 गोल किए हैं और 37 असिस्ट दिए हैं, जिससे मियामी को 2023 लीग कप और 2024 सपोर्टर्स शील्ड जीतने में मदद मिली है।

अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता ने 29 गोल के साथ इस साल का एमएलएस गोल्डन बूट जीता और लीग के एमवीपी पुरस्कार के लिए चुने गए पांच खिलाड़ियों में से एक हैं। बेकहम ने कहा, लियो का इंटर मियामी के लिए अपना भविष्य समर्पित करना, हमारे यहां जो कुछ भी बन रहा है, उसमें उनके विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा, उन्होंने इस देश में खेल का चेहरा बदल दिया है, और हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि वह भविष्य में हमारे क्लब का नेतृत्व करेंगे। इंटर मियामी नियमित सत्र के अंत में एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में तीसरे स्थान पर रहा। फ्लोरिडा की यह टीम शुक्रवार को प्लेऑफ के पहले दौर में नैशविले से खेलेगी, जिसका फैसला तीन मैचों में होगा।

# हार के बाद बोली न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन

## हम भारत की तरह नहीं हैं, हमारे पास एक अरब लोग नहीं है

**मुंबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने भारत के खिलाफ अपनी टीम की हार के बाद कहा कि महिला प्रीमियर लीग को कैलेंडर में जगह मिलने से भविष्य में भारत महिला क्रिकेट के मामले में अग्रणी देश बन सकता है। अपने पांचवें विश्व कप में न्यूजीलैंड की कप्तानी करने वाली डिवाइन रविवार को वनडे से संन्यास ले लेंगी, क्योंकि उनकी टीम गुरुवार को यहां भारत से बड़ी हार के साथ सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई।



न्यूजीलैंड में घरेलू क्रिकेट में सुधार के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'हमें यथार्थवादी होना होगा कि ये चीजें रातोंरात नहीं होतीं। हम भारत की तरह नहीं हैं। हमारे पास एक अरब लोग नहीं हैं जिनसे संपर्क किया जा सके। हम वास्तव में दुनिया के सबसे निचले पायदान पर स्थित एक छोटा सा देश हैं, जिसकी आबादी पांच करोड़ है। डिवाइन ने कहा, 'यहां एक अरब लोग हैं और यहां जिस तरह से घरेलू क्रिकेट पर काम हो रहा है वह न्यूजीलैंड में हमारे काम करने के तरीके से बहुत भिन्न है।

# विराट-रोहित आज ऑस्ट्रेलिया में आखिरी मैच खेलेंगे

## 2027 तक यहां इंडिया की सीरीज नहीं, टीम पर ऑस्ट्रेलिया से पहली बार क्लीन स्वीप का खतरा

**सिडनी (एजेंसी)।** ये प्रदर्शन टीम इंडिया के स्टार बैटर विराट कोहली का है। वे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अब तक अपना खाता नहीं खोल सके हैं। शनिवार को सिडनी में तीसरा और आखिरी वनडे खेला जाना है। मुमकिन है कि यह विराट कोहली और लंबे समय से उनके टीम मेट रहे रोहित शर्मा का ऑस्ट्रेलिया की धरती पर आखिरी इंटरनेशनल मैच हो। इस मैच में दोनों सितारों से इम्पैक्टफुल परफॉमेंस आना जरूरी है। भारतीय टीम पहले ही सीरीज गंवा चुकी है और अब टीम पर पहली बार क्लीन स्वीप होने का खतरा मंडरा रहा है। कंगारू वनडे क्रिकेट में भारत को अब तक क्लीन स्वीप नहीं कर सके हैं। एक दिन पहले 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मुकाबला 2 विकेट से जीता था। टीम को पहले मैच में 7 विकेट की जीत मिली थी।



### इसीलिए ऑस्ट्रेलिया में रोहित-कोहली का आखिरी इंटरनेशनल मैच हो सकता

कोहली 36 और रोहित 38 साल के हो चुके हैं। दोनों टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके हैं। फ्यूचर टूर प्रोग्राम के अनुसार अगले 2 साल में भारत को ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं करना है। इसका मतलब हुआ कि अगर रोहित-कोहली 2027 में साउथ अफ्रीका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप तक खेलते भी हैं तो भी ऑस्ट्रेलिया में अब वे कोई मैच नहीं खेलेंगे।

### ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ क्लीन स्वीप नहीं कर पाया

इस मुकाबले में भारत पर क्लीन स्वीप का खतरा मंडरा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को वनडे सीरीज में अब तक क्लीन स्वीप नहीं कर सकी है। दोनों टीमें 1984 से वनडे सीरीज खेल रही है। जब पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय दौरे पर आई थी, तब 5 मैचों के 3 मुकाबले जीते थे, लेकिन 2 मैच बेनतीजा रहे।

### सिडनी में 9 साल से नहीं जीता भारत

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में भारतीय टीम का रिकॉर्ड खराब है। टीम ने यहां पिछले 9 साल से कोई वनडे मैच नहीं जीता है। भारतीय टीम को पिछली जीत 23 जनवरी 2016 को मिली थी। उसके बाद से टीम इंडिया ने यहां लगातार 3 मुकाबले गंवाए हैं। ऑस्ट्रेलियन पिचों पर दोनों टीमों के बीच 56 मैच खेले गए हैं, इनमें से 40 मुकाबले मेजबान टीम ने जीते हैं। 14 मैच भारत के पक्ष में रहे हैं। 2 मैच नो रिजल्ट रहे। ओवरऑल हेड-टु-हेड में भारत-ऑस्ट्रेलिया ने 154 मैच हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 86 और भारत ने 58 मैच जीते हैं। 10 मुकाबले बेनतीजा रहे हैं।

# भारत में होने वाले जूनियर हॉकी वर्ल्डकप से पाकिस्तान हटा

## इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन ने कन्फर्म किया, कहा- नई टीम का ऐलान जल्द करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की टीम भारत में 28 नवंबर से होने जा रहे जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप से हट गया है। इंटरनेशनल हॉकी महासंघ ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। यह टूर्नामेंट चेन्नई और मदुरै




में खेला जाएगा।

मीडिया सूत्र के हवाले से लिखा कि पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने आधिकारिक तौर पर सूचित किया है कि उसकी टीम इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेगी। पाकिस्तान की जगह कौन सी टीम खेलेगी, इसका ऐलान जल्द किया जाएगा। पाकिस्तान को पूल बी में भारत, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया था। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति है।

भारत ने 2023 में चौथी बार जूनियर हॉकी एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को ही 2-1 से हराया था।

**हॉकी एशिया कप से भी हट गया था पाकिस्तान**

पाकिस्तान ने पिछले महीने बिहार के राजगीर स्टेडियम में आयोजित हॉकी एशिया कप से भी नाम वापस ले लिया था। ओमान भी हट गया था। उनकी जगह बांग्लादेश और कजाकिस्तान को टूर्नामेंट में जगह दी गई थी।

### टीम इंडिया ने नकवी के हाथ से ट्रॉफी लेने से इनकार किया

भारतीय टीम ने 28 सितंबर को एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। जीत के बाद टीम ने नकवी के हाथों एशिया कप ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। भारत ने यह स्टैंड पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लिया था। नकवी एसीसी चेयरमैन होने के साथ-साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ भी हैं। साथ ही वे पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं।

# स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने रिकॉर्ड बुक को नए सिरे से लिखा

## मंधाना के एक साल में सबसे ज्यादा सिक्स; प्रतिका ने फास्टेस्ट हजार रन बनाए

**मुंबई (एजेंसी)।** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत ने न्यूजीलैंड को 53 रन से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंच गई। बारिश की वजह से भारत ने 49 ओवर ही बैटिंग की। टीम ने 340 रन बनाए। डीएलएस मैथड से न्यूजीलैंड को 325 रन का टारगेट मिला। जवाब में टीम 8 विकेट पर 271 रन ही बना सकी।

विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत ने अपना हाईएस्ट टोटल बनाया। स्मृति मंधाना एक साल में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाली महिला बनीं। प्रतिका रावल ने सबसे तेज हजार रन बनाए।





### 1. विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत का हाईएस्ट टोटल

भारतीय विमेंस टीम ने वनडे वर्ल्ड कप में अपना हाईएस्ट टोटल बनाया। टीम ने 49 ओवर की बल्लेबाजी की और 3 विकेट खोकर 340 रन बनाए। इससे पहले इसी वर्ल्ड कप में ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 330 का स्कोर बनाया था। हालांकि भारत यह मैच हार गई थी।

### 2. मंधाना दूसरी सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली बैटर

विमेंस वनडे क्रिकेट में स्मृति मंधाना दूसरी सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली बैटर बन गईं। उनके नाम अब 14 शतक हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग 15 शतक के साथ पहले नंबर पर हैं।अगर तीनों फॉर्मेट की बात की जाए तो स्मृति ने मेग लैनिंग की बराबरी कर ली है। अब दोनों के नाम 17-17 सेंचुरी हैं।मंधाना ने एक साल में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में साउथ अफ्रीका की तजमीन ब्रिट्स की भी बराबरी की। दोनों ने इस साल अब तक 5-5 शतक लगाए हैं। 2024 में मंधाना ने 4 शतक लगाए थे।

### 3. मंधाना एक साल में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाली विमेंस

स्मृति मंधाना विमेंस वनडे के एक साल में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाली बैटर बन गईं। उन्होंने इस साल अब तक 31 सिक्स लगा दिए हैं। दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका की लिजेल ली हैं। 2017 में लिजेल ने 28 सिक्स लगाए थे।

### 4. प्रतिका ने सबसे तेज हजार रन का रिकॉर्ड बनाया

प्रतिका रावल ने वनडे में अपने एक हजार रन पूरे कर लिए। इसके लिए उन्होंने 23 पारियां लीं। विमेंस वनडे में सबसे तेज हजार रन बनाने के मामले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की लिंडसे रीलर की बराबरी की।

### 5. मंधाना-प्रतिका ने वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे बड़ी साझेदारी की

स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने मिलकर 212 रन की ओपनिंग साझेदारी की। यह विमेंस वर्ल्ड कप के इतिहास में भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले 2022 हैमिल्टन में स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 184 रन की साझेदारी की थी।

### 6. स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने इस साल 1557 रन जोड़े

इंडियन विमेंस ओपनर स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की जोड़ी 2025 में अब तक 1557 रन जोड़ चुकी हैं। यह जोड़ी मेंस और विमेंस दोनों को मिलाकर किसी एक साल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। इस लिस्ट में उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली हैं। दोनों ने 1998 में 1635 रन बनाए थे।

### 7. भारतीय टीम ने इस साल सबसे ज्यादा शतक लगाए

विमेंस वनडे के किसी एक साल में किसी टीम द्वारा सबसे ज्यादा इंडिविजुअल शतकों का रिकॉर्ड भारतीय टीम के नाम हो गया है। इस साल अब तक इंडियन विमेंस ने 10 इंडिविजुअल शतक बनाए हैं। न्यूजीलैंड ने 2018 में 8 शतक लगाए थे।

# करणबीर सिंह ने लिखा इतिहास, सूर्यकुमार और रिजवान का टी-20 रिकॉर्ड तोड़ा

### एक कैलेंडर वर्ष में बनाए सर्वाधिक रन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के क्रिकेट मंच पर ऑस्ट्रिया के ओपनर करणबीर सिंह का नाम तेजी से चमक रहा है। इस खिलाड़ी ने वह कमाल कर दिखाया, जो अब तक सिर्फ क्रिकेट की बड़ी टीमों के स्टार बल्लेबाजों के नाम था। करणबीर ने एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज़्यादा टी-20 में रन बनाकर पाकिस्तान के मोहम्मद रिज़वान और भारत के सूर्यकुमार यादव दोनों को पीछे छोड़ दिया।

### रिकॉर्ड तोड़ने वाली पारी

विस्डेन की रिपोर्ट के मुताबिक, करणबीर को रिज़वान के 2021 के 1,326 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए सिर्फ 87 रनों की जरूरत थी। रोमानिया दौरे पर 18 अक्टूबर को उन्होंने दो लगातार मैचों में धमाकेदार प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में 27 गेंदों पर 57 रन और फिर अगले मैच में 46 गेंदों पर 90 रन जड़ दिए।

लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। अगले दिन उन्होंने 44 गेंदों में 74 और फिर 12 गेंदों में 27 रनों की आतिशी पारी खेली। इन पारियों के बाद उनका सीज़न टोटल 32 पारियों में 1,488 रन तक पहुंच गया और यहीं उन्होंने नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया।



### आंकड़े जो हैरान कर दें

करणबीर के आंकड़े किसी भी इंटरनेशनल स्टार से कम नहीं हैं। उन्होंने ये रन 175 के स्ट्राइक रेट से बनाए, जिसमें 127 चौके और 122 छक्के शामिल हैं! ये छक्कों की संख्या अपने आप में हैरान करने वाली है क्योंकि यह सूर्यकुमार यादव के 2022 में बनाए गए 68 छक्कों से लगभग दो गुना है।

### किसे पीछे छोड़ा करणबीर ने

अब तक पुरुषों के टी20 इंटरनेशनल कैलेंडर-वर्ष में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड मोहम्मद रिज़वान ( 1,326 रन, 2021 ) और सूर्यकुमार यादव ( 1,164 रन, 2022 ) के नाम था। लेकिन ऑस्ट्रिया के इस खिलाड़ी ने एसोसिएट नेशन के लिए इतिहास रचते हुए उन दोनों को पीछे छोड़ दिया।

### साथी खिलाड़ी भी छा रहे

रोमानिया के इल्फ़ोव काउंटी में खेले गए चौथे टी-20 में करणबीर के साथी बिलाल ज़लमाई भी इस साल 1,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले चौथे खिलाड़ी बने। वहीं, बहरीन के फ़ैयाज़ अहमद भी सिर्फ 57 रन दूर हैं इस खास माइलस्टोन से।

### क्रिकेट के नए नक्शे पर ऑस्ट्रिया

करणबीर का यह प्रदर्शन न सिर्फ व्यक्तिगत रूप से ऐतिहासिक है, बल्कि एसोसिएट क्रिकेट देशों के लिए भी बड़ी प्रेरणा है। ऑस्ट्रिया जैसे छोटे क्रिकेटिंग देश के खिलाड़ी का दुनिया के बड़े दिग्गजों के बीच रिकॉर्ड बनाना यह साबित करता है कि क्रिकेट की प्रतिभा अब सिर्फ टेस्ट खेलने वाले देशों तक सीमित नहीं रही।

**एशियाई युवा खेल**

# रंजना ने पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक जीता

**रिफा (बहरीन) (एजेंसी)।** भारतीय युवा एथलीट रंजना यादव ने यहां एशियाई युवा खेलों में लड़कियों की 5,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। इस भारतीय खिलाड़ी ने 23 मिनट 25.88 सेकेंड के



समय से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि चीन की लियू शियी 24ः15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं। कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25ः26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। एशियाई युवा खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला पदक था। इससे देश के कुल पदकों की संख्या दो रजत और चार कांस्य हो गई। भारत ने अभी तक कुराश में एक रजत और दो कांस्य के अलावा ताइक्कांडो में दो कांस्य पदक जीते हैं।

# सिडनी वनडे से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम में बदलाव

### जैक एडवर्ड्स को मौका, लाबुशेन को रिलीज किया, स्टार्क-हेजलवुड को आराम मिल सकता है

**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी वनडे से पहले न्यू साउथ वेल्स के ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स को बुलाया गया है। उन्हें पहली बार ऑस्ट्रेलिया की इंटरनेशनल टीम में जगह मिली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वनडे और टी-20 टीमें जारी की।

इसके अनुसार, आखिरी वनडे के लिए मैथ्यू कुह्नेमन की वापसी हुई है। जबकि, मार्नस लाबुशेन को वनडे टीम से रिलीज कर दिया गया है। ताकि, वे अगले हफ्ते मंगलवार से शुरू होने वाले शील्ड मैच में क्वींसलैंड के लिए खेल सकें।



25 अक्टूबर को सिडनी में होने वाले तीसरे वनडे में टीम मैनेजमेंट हेजलवुड या स्टार्क को आराम दे सकता है। कंगारू टीम ने 3 मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली है।

**ऑस्ट्रेलिया के वनडे और टी-20 टीम के बदलाव-** जोश हेजलवुड और शॉन एबॉट भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मैच नहीं खेलेंगे। दोनों न्यू साउथ वेल्स से शील्ड मैच खेलने जाएंगे। हेजलवुड सिर्फ पहले दो टी20 मैच खेलेंगे, जबकि एबॉट तीसरे मैच के बाद टीम छोड़ देंगे। मैथ्यू कुह्नेमन और जैक एडवर्ड्स को तीसरे वनडे के लिए टीम में जोड़ा गया है। जॉश फिलिप को टी20 टीम में एक्स्ट्रा विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया है, क्योंकि जोश इंग्लिस चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं।

ग्लेन मैक्सवेल कलाई की चोट के कारण शुरुआती 2 टी-20 मैच नहीं खेल सकेंगे। वे आखिरी 3 मैचों में वापसी करेंगे।

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत से 2 वनडे जीते

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वनडे सीरीज के शुरुआती 2 मुकाबलों में भारतीय टीम पर जीत हासिल की है। टीम ने एडिलेड में दूसरा मुकाबला 2 विकेट और पर्थ में पहला मैच 7 विकेट से जीता था।

### 5 मैचों की टीम 2-0 सीरीज 29 अक्टूबर से

वनडे सीरीज समाप्त होने के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया को आपस में 5 मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलनी है। इस सीरीज का पहला मुकाबला कैनबरा दोपहर 1ः45 बजे से खेला जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ हो मेट्रो प्रोजेक्ट पर काम? गुरुग्राम के लिए मंत्री की मांग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ मेट्रो परियोजना पर जल्द काम शुरू हो सकता है। केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखकर इस मेट्रो रूट के लिए योजना बनाकर काम शुरू कराने का अनुरोध किया है। राव इंद्रजीत ने पत्र में कहा कि पिछले दिनों गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी। उसमें बताया गया था कि दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो लाइन को यशोभूमि से इफ्को चौक को जोड़ने की योजना दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन (डीएमआरसी) की तरफ से बनाई जा रही है। इफ्को चौक पहले ही दिल्ली और मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के बीच चल रही येलो लाइन मेट्रो से जुड़ा हुआ है। नमो भारत ट्रेन का भी इफ्को चौक पर स्टेशन बनना है। इफ्को चौक पर मौजूदा समय में यातायात दबाव अधिक है। मेट्रो स्टेशन और नमो भारत स्टेशन के बनने के बाद दबाव और बढ़ जाएगा। पत्र में कहा कि इस बैठक में बातचीत के बाद सहमति बनी कि एयरपोर्ट मेट्रो लाइन का विस्तार द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ दिल्ली–जयपुर हाईवे स्थित गांव खेड़की दौला तक कर दिया जाए तो मेट्रो लाइन से एसपीआर (सर्दर्न पेरिफेरियल रोड) भी जुड़ जाएगा। ऐसे में हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन (एचएमआरटीसी) के माध्यम से द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ मेट्रो संचालन की योजना को तैयार किया जाए। पत्र में कहा गया कि द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ नया गुरुग्राम विकसित हो गया है। इस एक्सप्रेसवे पर सेक्टर–81 से लेकर 115 तक विकसित रिहायशी सोसाइटी और कॉलोनियों में हजारों परिवारों ने रहना शुरू कर दिया है। द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ लगते बसई रोड, पटौदी रोड और फर्रुखनगर रोड पर भी कई रिहायशी कॉलोनियों का निर्माण चल रहा है। ऐसे में जल्द काम शुरू करवाया जाए।

### नोएडा एयरपोर्ट के शुभारंभ में देरी होने की संभावना, अब कब होगा उद्घाटन?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में टर्मिनल का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में 30 अक्तूबर को एयरपोर्ट का शुभारंभ होना मुश्किल है। अब नवंबर के मध्य में इसके शुभारंभ करने का दावा किया जा रहा है। वहीं, 15 दिसंबर तक व्यावसायिक उड़ानें शुरू होंगी। सितंबर माह में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने गाजियाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में 30 अक्तूबर को नोएडा एयरपोर्ट के शुभारंभ और इसके 45 दिन के अंदर उड़ानें शुरू करने की घोषणा की थी। इसके बाद अधिकारी भी अपनी तैयारियों को पूरा करने में जुट गए थे। पुलिस आयुक्त, डीएम और यीडा के सीईओ ने अन्य अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट साइट पर जाकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया। इसके बावजूद अब 30 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इसका शुभारंभ मुश्किल लग रहा है। अधिकारी बताते हैं कि राज्य और केंद्र सरकार ने अब तक ना तो एयरपोर्ट के शुभारंभ के लिए तिथि की घोषणा की है और न ही अभी तक एयरपोर्ट का काम पूरा हो सका है। 30 अक्तूबर तक एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा करने पर जोर है। वहीं, कार्य पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी एयरपोर्ट का निरीक्षण कर सकते हैं। इसके बाद ही शुभारंभ की नई संभावित तिथि नवंबर के दूसरे सप्ताह तक घोषित होने का अनुमान है। एयरपोर्ट का पहला चरण 1334 हेक्टेयर में विकसित हो रहा है। इसमें 3900 मीटर लंबा रनवे, एक लाख वर्गमीटर में टर्मिनल बिल्डिंग और एटीसी टावर है। अब तक रनवे और एटीसी का काम पूरा हो चुका है। साथ ही अग्निशमन, ईंधन, पानी, बिजली, सुरक्षा समेत अन्य जरूरी काम भी पूरे हो चुके है। दूसरी ओर, टर्मिनल का कार्य अब तक अधूरा है। यहां फिनिशिंग का काम चल रहा है। हालांकि, सीआईएसएफ ने एयरपोर्ट पर कमान संभाल ली है।

## 2026 तक 5 हजार नई बसें

# सड़कों पर दौड़ेगी इलेक्ट्रिक बसों की फौज

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली इलेक्ट्रिक बसों की भी राजधानी बनने जा रही है। 5 हजार नई इलेक्ट्रिक बसें जल्द ही राजधानी की सड़कों पर फर्राटा भरेंगी। मार्च 2026 तक ये बसें चरणबद्ध तरीके से दिल्ली की सैर करवाएंगी, जिससे दिल्ली का इलेक्ट्रिक बस बेड़ा 5 हजार से ज्यादा हो जाएगा। परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हमारा लक्ष्य दिल्ली को भारत का सबसे बड़ा जीरो-एमिशन बस नेटवर्क वाला शहर बनाना है। हर महीने नई बसें आ रही हैं, भले ही कुछ देरी हो रही हो। दिल्ली में अभी तक 25 बस डिपो पूरी तरह इलेक्ट्रिक हो चुके हैं और अगले चार महीनों में सभी डिपो हाई-वोल्टेज मोड में होंगे। यानी, नई बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन और बाकी सुविधाएं तैयार हैं। दिल्ली में कुल 63 बस डिपो और 16 टर्मिनल हैं, जिनमें 23 क्लस्टर डिपो और 40 डीटीसी डिपो शामिल हैं। ये सभी जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों के स्वागत के लिए तैयार हो जाएंगे।



दिल्ली की गलियों में अब 9 मीटर की छोटी इलेक्ट्रिक देवी बसें दौड़ेंगी। ये बसें उन रास्तों पर चलेंगी, जहां पहले 12 मीटर की सीएनजी बसें चलती थीं। इन छोटी बसों के जरिए तंग गलियों और कम भीड़ वाले इलाकों में बेहतर कनेक्टिविटी होगी। परिवहन विभाग के मुताबिक, इन बसों ने उन कॉलोनियों और मोहल्लों में भी सेवा शुरू कर दी है, जहां पहले बसें नियमित नहीं पहुंच पाती थीं।

**आईआईटी दिल्ली की स्मार्ट प्लानिंगत्न** दिल्ली की बस सेवाओं को और चुस्त-दुरुस्त करने के लिए परिवहन विभाग ने आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर एक खास रणनीति बनाई है। इसके तहत बसों का शेड्यूल यात्रियों की जरूरतों के हिसाब से बदला जा रहा है। इसका मकसद है कि यात्रियों को बस स्टॉप पर कम इंतजार करना पड़े, खासकर दिल्ली के बाहरी और रिहायशी इलाकों में। परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने कहा, हम दिल्लीवासियों के लिए एक भरोसेमंद, आरामदायक और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन व्यवस्था बना रहे हैं।

### दिल्ली की बसों का मौजूदा हाल

फिलहाल, दिल्ली में करीब 5,000 बसें चल रही हैं, जिनमें सीएनजी, बड़ी इलेक्ट्रिक बसें और 9 मीटर की देवी बसें शामिल हैं। ये बसें 426 शहर रूट, 12 एनसीआर रूट और 70 देवी रूट पर चल रही हैं। हालांकि, कुछ कम व्यस्त रूट पर बसों की संख्या कम होने से आवृत्ति थोड़ी प्रभावित हुई है, लेकिन त्योहारी सीजन में भी सेवाएं सुचारू रहीं। दिल्ली सरकार का इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2020 के तहत 2026 तक बस बेड़े को 10,480 तक ले जाने का लक्ष्य है, जिसमें 80त्न (8,280) बसें इलेक्ट्रिक होंगी। 2026 की दूसरी छमाही में और 12 मीटर की इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी।

# एवरेस्ट के डेथ जोन में फंसी ऑस्ट्रेलियाई लड़की, खौफनाक वीडियो वायरल

**काठमांडु, मेलबर्न (एजेंसी)।** माउंट एवरेस्ट के डेथ जोन से ऑस्ट्रेलियाई किशोरी बियांका एडलर का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह शिखर के करीब पहुंचने के बाद कठिन परिस्थितियों में फंसी हुई दिखाई दे रही है। वीडियो में बियांका की हालत देखकर लोग हैरान हैं और सोशल मीडिया पर उसके साहस की सराहना कर रहे हैं।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न की 17 वर्षीय बियांका एडलर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो के कैप्शन में बियांका एडलर ने लिखा कि कैंप 4 में तीन रातें बिताने और खराब मौसम के कारण दो बार शिखर पर चढ़ने की असफल कोशिशों के बाद, मैं बेस कैंप वापस आ गई। मुझे कई अलग-अलग कारणों से बहुत बुरा लग रहा था।शिखर से मात्र 400 मीटर नीचे





बता दें कि ऑस्ट्रेलियाई किशोरी बियांका एडलर इसी साल मई में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की कोशिश की थी। वह शिखर से लगभग 400 मीटर नीचे, 8,450 मीटर की ऊंचाई तक पहुंच गई थीं। इसके बाद वो डेथ जोन में फंस गई और खराब मौसम के चलते कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा और वापस आना पड़ा।

**सांस लेने में हो रही दिक्कत:** माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के दौरान बेस कैंप पहुंचने के बाद रिकॉर्ड किए गए वीडियो में बियांका को सांस लेने में तकलीफ महसूस हो रही हैं। बर्फीली हवाओं के चलते उनका चेहरा लाल और सूजा हुआ दिखाई दे रहा है। इस भयावह वीडियो में वह कहती हैं, मैं अभी-अभी कैंप 2 से लौटी हूं। मैं बेस कैंप में हूं और मुझे बहुत बुरा लग रहा है। मेरी गर्दन, गला और फेफड़े बहुत दर्द कर रहे हैं... मेरी सांस फूल रही है। जबकि कल मैं 8000 मीटर की ऊंचाई पर थी।

**सोशल मीडिया यूजर दे रहें प्रतिक्रिया:** बियांका एडलर को वीडियो में खांसते और बुरी हालत में देखा जा सकता है। इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि उन्हें अंदाजा ही नहीं था कि एवरेस्ट की ऊंचाई पर शरीर को इतना गंभीर शारीरिक तनाव सहना पड़ता है। वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा शाबाश, आपने निश्चित रूप से अपने लंबी पैदल यात्रा के मानकों को ऊंचा उठा दिया है।

## हंगरी में शांति रैली : 1956 की क्रांति को याद करने का जश्न

**बुडापेस्ट (एजेंसी)।** हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में आज लाखों लोगों ने 1956 की हगंरी क्रांति की 69वी वर्षगांठ पर आयोजित शांति रैली' में भाग लिया। यह रैली प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बन की फिडेज पार्टी के समर्थकों ने निकाली, जो शांति और देश की आजादी का संदेश देती है।

1956 में आज ही के दिन हंगरी के छात्रों ने सोवियत संघ के खिलाफ विद्रोह शुरू किया था, जिसे सोवियत सेना ने कुचल दिया।इस दौरान हजारों लोग मारे गए। हंगरी इस दिन को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाता है।

खबरों के मुताबिक यह रैली एल्विस प्रेस्ले स्क्वायर से शुरू होकर शहर के प्रमुख रास्तों से गुजरते हुए संसद भवन तक पहुंची।

इस दौरान रैली में मौजूद लगभग दो लाख प्रदर्शनकारियों ने ऑर्बन की शांति नीति का समर्थन किया, जिसमें यूक्रेन युद्ध के बीच हंगरी की तटस्थता पर जोर दिया गया है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, 1956 की भावना आज भी हमें प्रेरित करती है। आज शांति की आवाज सबसे मजबूत होनी चाहिए। हंगरी शांति का द्वीप है। यह मार्च आगामी चुनावों में ऑर्बन सरकार के लिए भारी समर्थन के तौर पर देखा जा रहा है। इस अवसर पर विपक्षी दलों ने अलग अलग रैलियां निकाली।

# अमेरिका में अलास्का के जंगलों में होगा उत्खनन



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** ट्रंप प्रशासन ने अलास्का के आर्कटिक राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य में उत्खनन का रास्ता साफ कर दिया। प्रशासन को यहां मौजूद तेल और गैस के भंडार से बड़ा राजस्व मिलने की उम्मीद है। प्रशासन ने गुरुवार को अपनी योजना को सार्वजनिक किया। आर्कटिक राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे बड़े बचे हुए प्राचीन वन्य क्षेत्रों में से एक है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह अभयारण्य लगभग 15.6 लाख एकड़ में फैला हुआ है। माना जाता है कि यहां अरबों बैरल तेल का भंडार है। यह अभयारण्य ध्रुवीय भालू, कारिबू, प्रवासी पक्षियों और अन्य वन्यजीवों के लिए एक महत्वपूर्ण आवास भी है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी राष्ट्रपति ट्रंप ने इस अभयारण्य के संदर्भ में कर विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद पट्टे दिए गए। बाद में बाइडेन प्रशासन ने उन पट्टों को रद्द कर दिया। फैसले की जानकारी दी। उन्होने कहा कि इस सर्दी में तटीय मैदान में तेल और गैस पट्टों की बिक्री की जाएगी। अभयारण्य में बाइडेन के कार्यकाल के समय 2021 में रद्द किए गए सात तेल पट्टों को बहाल किया जाएगा। बर्गम ने यह भी घोषणा की कि आंतरिक विभाग ने एक समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। इससे दक्षिण-पश्चिमी अलास्का में इजेम्बेक राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य से होकर एक सड़क का निर्माण संभव होगा। उन्होंने दोहराया कि एजेंसी एक औद्योगिक सड़क को हरी झंडी देगी जो उत्तरी अलास्का में प्रस्तावित तांबे और जस्ता खदान तक पहुंचने के लिए प्राचीन जंगलों को पार करेगी। सनद रहे राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी तेल और गैस उत्पादन का विस्तार करने का बार-बार वादा किया है। प्रशासन की ताजा योजना को इसी वादे का हिस्सा माना जा रहा है। प्रमुख तेल कंपनियों ने पहले इस अभयारण्य में ड्रिलिंग में बहुत कम रुचि दिखाई है। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि वे आगामी नीलामी में बोली लगाएंगी या नहीं। कुछ प्रमुख बैंकों ने भी यहां खनन के लिए धन मुहैया नहीं कराने का इरादा जताया है।

● अमेरिका के टैरिफ का विरोध किया जा रहा है

# ट्रंप ने कनाडा के साथ सभी ट्रेड टॉक की बंद

### टीवी विज्ञापन पर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति?

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप एक बार फिर कनाडा पर भड़क उठे हैं। उन्होंने कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ताएं बंद करने का भी एलान किया है। ट्रंप का दावा है कि कनाडा के एक टीवी चैनल के विज्ञापन पर अमेरिका के टैरिफ का विरोध किया जा रहा है।

गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कनाडा में टीवी चैनल पर अमेरिका के टैरिफ को गलत ठहराया जा रहा है, इस स्थिति में वह कनाडा के साथ सभी ट्रेड वार्ता को समाप्त कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि विज्ञापन के माध्यम से अमेरिकी अदालतों के फैसलों को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है।



**कनाडा- अमेरिका में बढ़ सकता है ट्रेड तनाव त्न** गौरतलब है कि ट्रंप की ये टिप्पणी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के उस बयान के बाद आया जिसमें उन्होंने कहा था कि ट्रंप के टैरिफ से पैदा हुए खतरे के कारण वह स्र के बाहर के देशों को अपने देश के एक्सपोर्ट को दोगुना करने का लक्ष्य बना रहे हैं। ट्रंप के अचानक बातचीत बंद करने के फैसले पर दोनों पड़ोसी देशों के बीच महीनों से बन रहे ट्रेड तनाव और बढ़ सकते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अपनी पोस्ट में कहा कि रोनाल्ड रीगन फाउंडेशन ने अभी घोषणा की है कि कनाडा ने धोखे से एक ऐड का इस्तेमाल किया है, जो स्नयश्च है, जिसमें रोनाल्ड रीगन टैरिफ के बारे में नेगेटिव बातें कर रहे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह ऐड 75,000 का था। उन्होंने ऐसा सिर्फ़ स्र सुप्रीम कोर्ट और दूसरी अदालतों के फैसले में दखल देने के लिए किया। स्र की राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए टैरिफ बहुत जरूरी हैं।

# दिल्ली में दस दिन से हवा 'जहरीली', हफ्तेभर तक राहत के आसार नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली ने गुरुवार को लगातार दसवें दिन खराब हवा में सांस ली। इस सीजन में 14 अक्तूबर को दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई थी। इसके बाद से लगातार ही प्रदूषण का स्तर खराब या बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है।

हवा की रफ्तार बढ़ने के चलते एक दिन पहले की तुलना में गुरुवार को प्रदूषण के स्तर में हल्का सुधार तो हुआ है, लेकिन अभी भी यह बेहद खराब श्रेणी में ही है। दिल्ली में इस बार पहले तो नियमित अंतराल पर पश्चिमी विक्षोभ आते रहे। इसके चलते मई और जून में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई। इसके बाद अच्छे मानसून के चलते जुलाई, अगस्त और सितंबर में भी बारिश का आंकड़ा सामान्य से ज्यादा रहा। अच्छी बारिश के चलते जहां तापमान में गिरावट हुई वहीं, हवा भी काफी हद तक पहले से ज्यादा साफ-सुथरी रही। अक्तूबर के पहले दस दिनों में भी दिल्ली में अच्छी बरसात हुई थी। जिसके चलते वायु गुणवत्ता मध्यम स्तर पर बनी रही। लेकिन, 14 अक्तूबर से दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर खराब श्रेणी में एक बार पहुंचा तो अभी तक एक दिन भी हवा साफ नहीं हुई है। इन दस दिनों में छह दिन हवा खराब श्रेणी में तो चार दिन बेहद खराब श्रेणी में रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 305 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले बुधवार को यह सूचकांक 353 के अंक पर रहा था। यानी चौबीस घंटे के अंदर इसमें 48 अंकों का सुधार हुआ है।

### क्लाउड सीडिंग का ट्रायल सफल, 29 अक्टूबर को कराई जा सकती है कृत्रिम बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने गुरुवार को क्लाउड सीडिंग का पहला सफल ट्रायल पूरा कर लिया। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस ट्रायल को दिल्ली के लिए ऐतिहासिक करार दिया। सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार 29 अक्टूबर को कृत्रिम बारिश कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। दरअसल, मौसम विभाग ने 28, 29 और 30 अक्टूबर को दिल्ली पर बादलों की मौजूदगी का अनुमान लगाया है। ऐसे में इन तारीखों को कृत्रिम बारिश के लिए अनुकूल माना जा रहा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी में कृत्रिम बारिश कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विशेषज्ञों की ओर से बुराड़ी क्षेत्र में गुरुवार को क्लाउड सीडिंग यानी कृत्रिम बारिश कराने का सफल ट्रायल किया गया। मुख्यमंत्री ने इससे संबंधित एक संदेश सोशल माध्यम एक्स पर भी पोस्ट किया है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली में पहली बार क्लाउड सीडिंग के माध्यम से कृत्रिम बारिश कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### अनक्लेम्ड डिपॉजिट पर विशेष शिविर का आयोजन

# ग्राहकों का विश्वास सबसे महत्वपूर्णः उपायुक्त

## अपनी आमदनी का 80 फीसदी राशि जमा करने वाले छोटे ग्राहकों की महत्ता सबसे ज्यादा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), भारत सरकार के निदेर्शानुसार अनक्लेम्ड डिपॉजिट (भूली-बिसरी जमा राशि) से संबंधित आपकी पूंजी आपका अधिकार का जिला स्तरीय विशेष शिविर आयोजन कैंप टू स्थित जायका हैपनिंग्स सभागार में किया गया। इस शिविर का शुभारंभ उपायुक्त अजय नाथ झा, एसएलबीसी के डीजीएम संतोष कुमार, पीएनबी के सर्किल हेड राजेश श्रीवास्तव, बैंक आफ इंडिया के डीजेडएम निकुन जैन, एसबीआइ के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक सिन्हा, बैंक आप बरोदा के मकेश कुमार, चेंबर आफ कार्मस बोकारो के मनोज चौधरी, एलआइसी के क्लेम हेड सुजीत कुमार राय आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने उपस्थित बैंक अधिकारियों, वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राहकों का विश्वास ही बैंकिंग व्यवस्था की सबसे बड़ी पूंजी है।

***ग्राहकों का विश्वास- वित्तीय संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण-*** उपायुक्त ने कहा कि किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान की सफलता का आधार ग्राहकों का विश्वास होता है।

उन्होंने कहा, हम आपका पैसा नहीं, आपका विश्वास रखते हैं। बैंकिंग सेवाओं की विश्वसनीयता तभी बनी रह सकती है जब ग्राहक का भरोसा कायम रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ग्राहकों से जुड़ाव और पारदर्शिता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं।

***छोटे ग्राहकों का करें सम्मान, ये हैं बैंक की असली ताकत-*** उपायुक्त ने कहा कि बड़े और छोटे सभी ग्राहकों का सम्मान समान रूप से किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि छोटे ग्राहकों द्वारा जमा की गई राशि उसकी कुल आमदनी का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा होती है, इसलिए ये ग्राहक बैंकिंग तंत्र की नींव हैं। छोटे जमाकर्ताओं को सम्मान देना सिर्फ नैतिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि बैंकिंग की मजबूती की गारंटी भी है।

***अनक्लेम्ड राशि हकदारों तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी-*** उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि दूसरों का पैसा मिट्टी समान... है। आम आदमी के हर रुपये की कीमत है और वह उसके हकदार को वापस मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने के लिए विशेष कोषांग का गठन किया जाएगा जो अनक्लेम्ड डिपॉजिट की पहचान, सत्यापन और वितरण की प्रक्रिया को तेज करेगा।

***खाता खोलने के समय नामिनी घोषित करना अनिवार्य करें बैंक-*** अनक्लेम्ड राशि की समस्या से बचाव के लिए उपायुक्त ने कहा कि हर नए बैंक खाते में नामिनी का उल्लेख अनिवार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि बैंक खाता खोलने के समय ही नामिनी की जानकारी दर्ज की जानी चाहिए ताकि भविष्य में खाता धारक की अनुपस्थिति में राशि तक पहुंच आसान हो।

***आम आदमी का पैसा लौटाना हमारी जिम्मेदारी-*** उपायुक्त ने कहा कि बैंक और प्रशासन की संयुक्त जिम्मेदारी है कि जनता का पैसा सुरक्षित और सुलभ रहे। उन्होंने कहा कि, आम आदमी का पैसा वापस करना हमारी जिम्मेदारी है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी नागरिक अपनी जमा राशि से वंचित नहीं रहे।

***मल्टीमीडिया कैंपेन से बढ़ेगी जन-जागरूकता-*** अभियान को व्यापक स्तर पर पहुंचाने के लिए उपायुक्त ने निर्देश दिए कि मल्टीमीडिया माध्यमों झ्र टीवी, सोशल मीडिया, फ्लैक्स होर्डिंग, नुक्कड़ नाटक और जनसंपर्क अभियानों के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं को केवल जमा और ऋण तक सीमित न रखकर उन्हें जन-हित और पारदर्शिता की दिशा में और बेहतर बनाया जाए।

***विश्वास, पारदर्शिता और जवाबदेही से ही मजबूत होगी बैंकिंग प्रणाली-*** कार्यक्रम में उपस्थित एसएलबीसी के डीजीएम संतोष कुमार, पीएनबी के सर्किल हेड राजेश श्रीवास्तव, बैंक आफ इंडिया के डीजेडएम निकुन जैन, एसबीआइ के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक सिन्हा, एलआइसी के क्लेम हेड सुजीत कुमार राय आदि ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि बैंकिंग संस्थाओं का सशक्तिकरण तभी संभव है जब वे विश्वास, पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों पर कार्य करें। शिविर में एलडीएम आबिद हुसैन,डीडीएम नाबार्ड फिलोमन बिलुंग, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिले के सभी प्रमुख बैंकों के अधिकारी, वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर सांकेतिक रूप से अनक्लेम्ड डिपॉजिट के सेटलमेंट मामलों के खाता धारकों के बीच प्रमाण पत्र भी उपायुक्त व अन्य अतिथियों के द्वारा दिया गया।

# साहिबगंज में गंगा स्नान को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साहिबगंज।** लोक और आस्था के महापर्व छठ को लेकर के साहिबगंज के राजमहल के सूर्य देव गंगा घाट में गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी जा रही है श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर कल से महापर्व की शुरूआत करेंगे जिसको लेकर स्थानीय और सुदूरवर्ती क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गंगा स्नान करने राजमल मे पहुंचे श्रद्धालु गंगा स्नान के साथ महापर्व की खरीदारी तैयारी करते भी दिखे।

जहां सूर्य देव गंगा घाट पर श्रद्धालुओं के द्वारा महापर्व की तैयारी की जा रही है वहीं जिला प्रशासन के द्वारा भी गंगा घाटों पर साफ सफाई शौचालय कपड़े बदलने के एक्सचेंज रूम सुविधा पूर्ण आवागमन जैसी व्यवस्थाओं का व्यापक इंतजाम किया जा रहा है।

गंगा स्नान करने पहुंचे श्रद्धालु दीपक कुमार ने बताया आज गंगा स्नान के साथ कल से कद्दू भात से चार दिनों तक चलने वाली महापर्व की शुरूआत की जाएगी हम पिछले 10 सालों से छठ महापर्व को कर रहे हैं मेरी इसमें काफी आस्था है और हमारी मनोकामना भी पूर्ण होती है।

गंगा स्नान करने पहुंचे श्रद्धालु मनोज पंडा धर्म रक्षनी सभा बासुकीनाथ के अध्यक्ष ने बताया राजमहल गंगा घाट पर छठ पूजा सेवा समिति के द्वारा बहुत ही सुविधापूर्ण घाट का निर्माण कराया गया है लोक आस्था का छठ पर्व का आयोजन यहां बहुत ही भव्य तरीके से किया जाता है।

तीन पहाड़ से पहुंचे श्रद्धालु उमेश कुमार ने बताया सभी श्रद्धालुओं का आज गंगा स्नान हो गया है कल से कद्दू भात के साथ पर्व का शुरूआत करेंगे।

मडरों से पहुंचे श्रद्धालु आशीष ने बताया आज गंगा स्नान कर कल से पर्व का शुरूआत करेंगे यहां काफी सुविधा पूर्ण गंगा घाट है और बहुत ही पवित्र धारा देखने को मिलती है छठ मैया से हमारी गहरी आस्था है हम दो सालों से छठ पूजा कर रहे हैं।

गंगा घाट पर उपस्थित पुरोहित गोपाल गोस्वामी ने बताया आज गंगा स्नान भक्तों के द्वारा हो गया है कल कद्दू भाग से पर्व का शुरूआत होगा गंगा मां की कृपा सब पर रहेगी परब काफी धूमधाम से मनाया जाएगा

राजमहल नगर कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने बताया छठ महापर्व को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा राजमहल के गंगा घाटों पर सांप सफाई के व्यापक इंतजाम किए गए हैं गंगा घाटों श्रद्धालुओं के लिए निकटतम शौचालय कपड़े एक्सचेंज करने के लिए एक्सचेंज रूम एवं सुविधापूर्ण घाट एवं जल्दी घाटों के लिए के लिए बालू की काफी सारी बोरिया लगाई गई है जिससे स्नान एवं अरग देने में किसी प्रकार की कठिनाई श्रद्धा वालों को नहीं होगी लोगों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंगा घाटों पर रात्रि में रास्ता मार्ग दिखाई पड़ने के लिए रेडियम बैंड का इस्तेमाल किया जाएगा।

स्थानीय गोताखोरों को गंगा घाटों पर तैनात किया जाएगा जिला प्रशासन के द्वारा सभी गंगा घाटों पर मॉनिटरिंग अच्छी तरह से की जा रही है जिसको लेकर अब तक स्थानीय विधायक, अनुमंडल पदाधिकारी और मैं अब तक दो बार निरीक्षण कर चुका हूं क्योंकि इस बार बरसात के बाद भी गंगा का जलस्तर कम नहीं हुआ है इसीलिए जिला प्रशासन के द्वारा भी लोगों को सूचित किया गया है की घाटों पर सावधानी बरते एवं सुरक्षित रहें।

# गैस सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

## गैस सुरक्षा से संबन्धित दी गयी विस्तृत जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में संयंत्र के विभिन्न विभागों के कुल 60 अधिकारी, कर्मचारीगण तथा निविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा विभाग से सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो, तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग से सहायक महाप्रबंधक बिनीत तिर्की उपस्थित थे। ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहायक महाप्रबंधक श्री तिर्की ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा सुरक्षा शपथ दिलाई। तत्पश्चात गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व के बारे में बताया।

श्री तिर्की ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों को गैस सुरक्षा से संबन्धित विस्तृत जानकारी दी एवं सभी प्रतिभागियो से इस कार्यक्रम से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान था।

## दुकानदार को किया भयभीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के नाम का बोलबाला इस कदर बढ़ गया है कि कोई भी किसी को धमकी देने के लिए उसके नाम का इस्तेमाल करने से नहीं कतरा रहा है। इसका ताजा उदाहरण शुक्रवार रात करीब 11 बजे राजगंज थाना क्षेत्र के लालबाजार स्थित सूरज स्टोर नमक एक दुकान में देखने को मिला। महज कुछ रकम के लिए दुकानकनार पर पिस्टल दिखाकर भयभीत कर दिया।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बालीडीह थाना क्षेत्र के बोकारो-रामगढ़ नेशनल हाईवे पर श्यामपुर बस्ती के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान कल्याणपुर निवासी पूजा कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पूजा कुमारी अपने गांव कल्याणपुर से चास स्थित मकान मालिक के घर छठ महापर्व का सुपा पहुंचाने जा रही थीं। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से घायल महिला को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, अज्ञात वाहन चालक की तलाश में पुलिस जांच में जुट गई है। लोगों ने प्रशासन से चालक की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को सहायता की मांग की है।

# केबल चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बोकारो।** सेक्टर-4 थाना पुलिस ने मोबाइल टावर से केबल चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सेक्टर-4 थाना क्षेत्र के सर्कस मैदान झोपड़ी में रहने वाले सोनू राम और राहुल बांसफोर के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी सेक्टर-4 सिटी सेंटर क्षेत्र में औजारों के साथ केबल चोरी की योजना बना रहे थे। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को मौके से पकड़ लिया।

पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 17 जुलाई को बीजीएच अस्पताल के पास स्थित मोबाइल टावर से केबल चोरी की थी। पुलिस ने उनके पास से 50 मीटर केबल तार और दो हेक्सा ब्लेड बरामद किए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में हाल के दिनों में मोबाइल टावर से केबल चोरी की कई शिकायतें मिल रही थीं। इस गिरफ्तारी से ऐसे मामलों पर अंकुश लगने की उम्मीद है। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

# सजायाफ्ता हिस्ट्रीशीटर सुनील डोम गिरफ्तार

## अपराध की योजना बना रहा था आरोपित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी के कई मामलों में फरार चल रहे सजायाफ्ता हिस्ट्रीशीटर अपराधी सुनील राम उर्फ सुनील डोम को गिरफ्तार किया है।

उसे सेक्टर-4 थाना पुलिस ने उस वक्त दबोचा जब वह चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था।

डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने सेक्टर-4 थाना परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुनील राम बोकारो जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय रहा है।

उसके खिलाफ 10 से अधिक चोरी के मामले दर्ज हैं। वर्ष 2013 में सेक्टर-4 थाना क्षेत्र में दर्ज एक चोरी के मामले में एसीजेएम न्यायालय द्वारा 18 अक्टूबर 2025 को उसे सजा सुनाई गई थी, लेकिन वह फरार चल रहा था।

डीएसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सेक्टर-4 के सर्कस मैदान के पास चोरी की एक और घटना को अंजाम देने की तैयारी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी की और सुनील राम को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी बंद घरों को निशाना बनाता था और छठ पर्व के दौरान जब लोग अपने घरों से बाहर रहते हैं, तब वह चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

उसकी गिरफ्तारी से क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके आपराधिक नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है।

# धूमधाम से मनाया गया दिशोम सोहराय महोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोकारो।** दिशोम जाहेर सेवा ट्रस्ट बोकारो की ओर से आयोजित संताल आदिवासियों का महा- पर्व दिशोम सोहराय महोत्सव सेक्टर चार के दिशोम जाहेर गढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सबसे पहले नायके बाबा जगरनाथ मुर्मू ने हमारे इष्ट देव मारांग बुरु- जाहेर आयो,लुगू बाबा -लुगू आयो,मोड़कः तुरुयकः को अरवा चावल,फुल फल,खीर, गुड़ पीठा चढ़ाकर सामुहिक प्राथार्ना किया गया कि सभी मनुष्य,जीव-जंतु सुखी सम्पन्न रहे, साथ ही खेती बारी में फसल की पैदावार अच्छी तरह से हो यही कामना किए।

महोत्सव की अध्यक्षता रविंद्र नाथ हांसदा एवं संचालन महाबीर मरांडी ने किया।

सोहराय महोत्सव मुख्यतः चार दिनों का होता है। पहला दिन ऊमोअ दुसरा दिन बोंगा तीसरा दिन खुंटाव (महोत्सव) बैलों को नचाना तथा चौथा दिन जाले(समापन) होता है।

इस महोत्सव के मुख्य अतिथि सांसद ढुलू महतो एवं विशिष्ट अतिथि में धनबाद लोकसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह,जिप सदस्य सुनिता टुडू उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में बच्चे बुजुर्ग, महिला पुरुष, युवक युवतियों ने शोभा यात्रा में सेक्टर चार जाहेर गढ़ से विरसा चौक तक मांदर की थाप पर सोहराय नृत्य किया। इस उपलक्ष्य में मुख्य रूप से कृष्णा सोरेन, महावीर सोरेन,सुरेश मुर्मू, प्रवीण किस्कू, काली हांसदा,अमन वास्की, दिनेश सोरेन, सुभाष चन्द्र हेम्ब्रम,सुनील कुमार टुडू,सोहराय सोरेन, सरकार मुर्मू,लक्ष्मण मुर्मू,अजय मरांडी, दिलीप हेम्ब्रम,धनंजय किस्कू, सहदेव सोरेन,चन्द्र हेम्ब्रम, अभिमन्यु हेम्ब्रम, आम्बाई मुर्मू, सुमित मुर्मू, सुलोचना हांसदा, लुदी मुर्मू, नमिता मार्डी, शंकर टुडू, नुनीबला सोरेन, बेला सोरेन, रेणु मुर्मू, सलमा मुर्मू, रेणुका सोरेन,हिना मुर्मू ,युधिष्ठिर हेम्ब्रम, जीवधन सोरेन,रीना टुडू शामिल हुए।

# जनता दरबार में दिव्यांग पेंशन की स्वीकृति से खुश हुआ लाभुक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोकारो।** जिला प्रशासन, बोकारो द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के निवारण हेतु नियमित रूप से प्रत्येक शुक्रवार आयोजित जनता दरबार में इस बार कई महत्वपूर्ण मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया।

जनता दरबार में चास प्रखंड के सिवनडीह निवासी पहुंचें दिव्यांग प्रभुनाथ ठाकुर का आवेदन उपायुक्त अजय नाथ झा के समक्ष प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने मामले में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष को त्वरित कार्रवाई करते हुए महज एक घंटे के भीतर उनका दिव्यांग पेंशन स्वीकृत कर दिया गया। लाभ मिलने पर ठाकुर ने उपायुक्त एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों के कुल 37 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें से कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। उपायुक्त ने जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष मामलों का निष्पादन एक पखवाड़े के भीतर हर हाल में सुनिश्चित करें। मौके पर डीपीएलआर मेनका, डीपीआरओ मो. सफीक आलम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त के निदेर्शानुसार जनता दरबार का आयोजन सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में संबंधित बीडीओ एवं सीओ द्वारा किया गया।

## फलों से पटा बाजार

**धनबाद।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर धनबाद के कृषि बाजार में फलों की बाढ़ सी आ गई है। थोक विक्रेताओं के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में सेब, केला, संतरा, अनानास समेत छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न फलों की भारी आमद देखी जा रही है।

फलों की भारी मात्रा में आवक होने के बावजूद फिलहाल कीमतों में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिली है। थोक विक्रेताओं का कहना है कि अगले दो दिनों में जब खरीदारी अपने चरम पर पहुंचेगी, तब बाजार में हल्की तेजी आने की संभावना है। कश्मीर से आने वाले सेब की इस बार सबसे ज्यादा मांग बनी हुई है। वहीं, पूजा में उपयोग होने वाले केला, नारियल, मीठा नींबू और अन्य मौसमी फलों की विशेष रूप से आपूर्ति की जा रही है।

बाजार के व्यापारियों ने बताया कि इस बार मौसम अनुकूल रहने के कारण फलों की सप्लाई पर्याप्त है, जिससे दाम नियंत्रित हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि छठ के मुख्य अर्घ्य तक बाजार में फलों की खरीद-बिक्री अपने शिखर पर रहेगी।

# जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में फकीरडीह गोविंदपुर से आए मुस्लिम शाह ने उपायुक्त महोदय से विवादित जमीन पर प्रधानमंत्री आवास बनाने की शिकायत की। पुटकी के पटिया बस्ती से आए साधू शरण महतो ने टाटा कंपनी के ब्लास्टिंग के कारण घर क्षतिग्रस्त होने की शिकायत उपायुक्त से की। कालीपुर से आए सुनील कुमार महतो ने विद्यालय भवन निर्माण में अनियमितता की जांच हेतु उपायुक्त से मांग की। जनता दरबार में आए सोनाली सिंह ने रैयती भूमि का दाखिल खारिज तथा पंजी 2 बनाने में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दिया। वहीं बेलगड़िया न्यू कॉलोनी से आए मो. नासिर अंसारी ने जेआरडीए द्वारा विस्थापित को मिलने वाली राशि के भुगतान हेतु आवेदन सौंपा।

इसके अलावा जमीन विवाद, मकान आवंटन, तालाब सफाई, आपसी विवाद में मारपीट, होमगार्ड बहाली, बीपीएल कोटा से नामांकन, मृत्यु प्रमाण पत्र, बिना मुआवजा जबरन जमीन कब्जा, रैयती जमीन पर अवैध कब्जा, शिक्षा विभाग की जमीन की बाउंड्रीवाल समेत विभिन्न समस्याओं एवं शिकायत से उपायुक्त अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादकः मनोज विशाल
फोन नंबरः 9431145865, 8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655,
Email : bokaronbt@gmail.com